आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 10:10 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
सोमवार, 23 जून 2025
वर्ष 6, अंक 213, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



ट्रंप को नोबेल पर घिरी पाकिस्तान सरकार 14
मानसून में भी चलेगा नक्सल विरोधी अभियान 12

## दिल्ली मौसम कार्यालय का एक्स अकाउंट हैक

- अनुचित पोस्ट किए जाने की शुरू की गई जांच

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र (आरडब्ल्यूएफसी) द्वारा कुछ अनुचित पोस्ट दोबारा पोस्ट किए जाने के एक दिन बाद विभाग ने रविवार को कहा कि उसका 'एक्स' अकाउंट हैक हो गया है और मामले की जांच की जा रही है।

एक न्यूज एजेंसी ने शनिवार शाम को आईएमडी का ध्यान इस मुद्दे की ओर दिलाया था। इसके बाद, आईएमडी ने 'रीपोस्ट' किए गए पोस्ट को हटा दिया और जांच शुरू कर दी। आईएमडी ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि आरडब्ल्यूएफसी नई दिल्ली का 'एक्स' खाता शनिवार को हैक हो गया था और कुछ अनुचित पोस्ट की गई थीं। बयान में कहा गया है कि उन पोस्ट को हटाने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की गई। मामले की आगे जांच की जा रही है।

# नगर पालिका को दो करोड़, नगर पंचायतों को एक करोड़ के काम की आजादी

## योगी सरकार का बड़ा फैसला: निकायों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता, गड़बड़ी पर ठेकेदार व प्रशासनिक अधिकारी से होगी वसूली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** योगी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए नगर पालिका परिषदों को दो करोड़ रुपये तो नगर पंचायतों को एक करोड़ रुपये तक के कार्य स्वयं करने की आजादी दे दी है। अभी तक उन्हें केवल 40 लाख रुपये तक के कार्य कराने की ही अनुमति थी।

नगर विकास विभाग ने एसओपी में संशोधन करते हुए नगरीय निकायों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता देने का आदेश जारी किया है। लेकिन, चेतावनी भी दी है कि निर्माण कार्यों में गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी मिली तो पचास-पचास प्रतिशत राशि संबंधित ठेकेदार और प्रशासनिक अधिकारी से वसूला जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगरीय निकायों को बड़े कार्य करने की आजादी देने के निर्देश बीते दिनों नगर विकास विभाग की बैठक में दिए थे। इसके अनुपालन में नगर विकास विभाग ने 74वें संविधान संशोधन के मुताबिक वर्ष 2021 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में संशोधन करते हुए बाजार दरों में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायतें 1 करोड़ रुपये और नगर पालिका परिषदें 2 करोड़ रुपये के निर्माण और अन्य विकास कार्य करने की मंजूरी दी है। विकास कार्यों के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर भी जोर दिया गया है। नगरीय निकायों की 3.75 मीटर से अधिक चौड़ी सड़कों के निर्माण के लिए एफडीआर तकनीकी का प्रयोग किया जा सकेगा। ये सड़कें सीसी रोड़ या डमरीकृत बनाई जाएंगी। इसके अलावा 3.75 मीटर तक चौड़ी सड़कों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते वह मुख्य मार्ग न हों और उन पर भारी वाहन न चलते हों।

साथ ही, नई एसओपी के तहत 3.75 मीटर से कम चौड़ी सड़कों के लिए केसी- टाइप नाली और उससे अधिक चौड़ी सड़कों के लिए यू-टाइप आरसीसी नाली के निर्माण को मंजूरी दी गई है। इनका निर्माण लोक निर्माण विभाग और आईआरसी मानकों के अनुसार किया जाएगा। निकायों को निर्देशित किया गया है कि वे वार्डवार सड़क डायरेक्ट्री, अभिलेखीकरण और जीआईएस मैपिंग करें।

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व जवाबदेही के नए मानक तय

नगर विकास विभाग ने नगरीय निकायों के निर्माण एवं विकास कार्यों में गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी के लिए संबंधित ठेकेदार,अभियंता और प्रशासनिक अधिकारी की जवाबदेही को नये सिरे से तय किया है। एसओपी में किए गए प्रमुख संशोधन के अनुसार, किसी भी निर्माण या विकास कार्य में गुणवत्ता की कमी या मापन में त्रुटि के कारण यदि अतिरिक्त भुगतान होता है, तो उसकी वसूली संबंधित ठेकेदार से 50 प्रतिशत और शेष 50 प्रतिशत राशि अभियंता एवं प्रशासनिक अधिकारियों से वसूल की जाएगी। वसूली की प्रक्रिया जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित व संचालित की जाएगी।

> एसओपी में संशोधन से स्थानीय नगरीय निकायों को न केवल वित्तीय स्वायत्तता मिलेगी, बल्कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। यह नगरीय प्रशासन को जनहित में अधिक प्रभावी बनाएगा।
> **-अमृत अभिजात**, प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग

# अमेरिका ने बोला ईरान पर हमला तीन परमाणु केंद्रों को किया तबाह

## व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका, ईरान ने भी दी कार्रवाई की धमकी

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के मकसद से इजराइल की ओर से शुरू किए गए हमलों को मजबूती प्रदान करते हुए अमेरिका ने रविवार तड़के तीन ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमले किए।

ईरान की जवाबी कार्रवाई की धमकी के बीच लंबे समय से दुश्मन रहे ईरान को कमजोर करने के लिहाज से यह एक जोखिम भरा कदम माना जा रहा है, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'व्हाइट हाउस' से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के प्रमुख परमाणु केंद्रों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिकी हमलों पर कहा कि अब कूटनीति का दौर बीत गया और उनके देश को आत्मरक्षा का अधिकार है। उन्होंने तुर्किये में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि अमेरिका में युद्धोन्मादी, अराजक प्रशासन इस आक्रामक कृत्य के खतरनाक और दूरगामी प्रभावों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। अरागची ने यह भी कहा कि अमेरिका ने परमाणु केंद्रों पर हमला कर सारी हदें पार कर दी हैं, कल रात जो हुआ वह सबसे खतरनाक था। उन्होंने कहा कि रविवार के बाद वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को जाएंगे।

ईरान की परमाणु एजेंसी ने रविवार को पुष्टि की कि उसके फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु केन्द्रों पर हमले हुए हैं। ईरान और संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने कहा कि हमलों के बाद विकिरण के कोई संकेत नहीं है। अमेरिकी हमले के बाद ली गई उपग्रह तस्वीरों में फोर्दो परमाणु केंद्र के प्रवेश द्वारों को नुकसान पहुंचा नजर आ रहा है और हल्के भूरे रंग का धुआं नजर आ रहा है।



व्हाइट हाउस में ईरान पर हमले की जानकारी देते राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

### जवाबी कार्रवाई पर और हमले करेंगे : ट्रंप

ट्रंप ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) की अनुमति के बिना यह कार्रवाई की तथा उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने अमेरिकी सेना के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तो और अधिक हमले किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ईरान में या तो शांति होगी या फिर त्रासदी होगी।

### मोदी की पेजेशकियान से शांति बहाली की अपील



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से फोन पर बातचीत की तथा ईरान एवं इजराइल के बीच संघर्ष को लेकर भारत की ओर से गहरी चिंता जताई और तनाव को संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से तत्काल कम करने की अपील की। मोदी और पेजेशकियान के बीच यह बातचीत ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर अमेरिकी बमबारी के कुछ ही घंटे बाद हुई। मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने तनाव बढ़ने पर गहरी चिंता जताई।

### ईरान बोला-हम अपने हितों की रक्षा करेंगे

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ खतरनाक युद्ध शुरू किया है। यह भी कहा कि ईरान अमेरिकी सैन्य आक्रमण और अपराधों के खिलाफ पूरी ताकत से विरोध करने तथा ईरान की सुरक्षा एवं राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का अधिकार रखता है।

# 26 जिलों के सैकड़ों मदरसों पर होगी कार्रवाई

इंद्रभूषण दुबे, लखनऊ

**छात्रवृत्ति में हेराफेरी**

- केंद्र ने 11 जिलों में एसआईटी गठित कर जांच कराने को कहा

**अमृत विचार :** मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों के हक पर संचालक ही डाका डाल रहे हैं। फर्जीवाड़ा कर छात्रों का वजीफा हड़प कर जा रहे हैं। जांच में सामने आया कि प्रदेश के 26 जिलों में संचालित सैकड़ों मदरसों के संचालकों ने छात्रवृत्ति के नाम पर करोड़ों रुपये की हेराफेरी की है।

15 जिलों के करीब 100 मदरसा संचालकों के फर्जीवाड़ा सामने आने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया गया। 11 जिलों में एसआईटी बनाकर 60 से अधिक मदरसों की जांच कराने के बाद विधिक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। मदरसा संचालकों की हेराफेरी का खुलासा बायोमिट्रिक व्यवस्था लागू होने के बाद हुआ। शुरू के दो वर्ष के छात्रवृत्ति वितरण की जांच की गई तो फर्जीवाड़ा सामने आ गया। कई मदरसों में न तो क्लास रूम, न ही छात्र हैं। जबकि कागजों में सैकड़ों छात्र दर्ज है। बायोमिट्रिक लागू होने पर कई मदरसों ने अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर वजीफे की राशि हासिल कर ली। हालांकि पोल खुलते ही अधिकारियों ने मदरसा संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दे दी। इसके बाद ऐसे मदरसों का सत्यापन कर सूची मांगी गई। अल्पसंख्यक विभाग के सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार ने 2021-22 के सत्र में छात्रवृत्ति वितरण के लिए बायोमिट्रिक सिस्टम लागू किया। नई व्यवस्था के बाद छात्रों के बायोमिट्रिक पंजीकरण कराए गए। सैकड़ों मदरसा संचालकों ने तकनीकी खामी बताकर पंजीकरण में देरी की और 2021-22 और 2022-23 सत्र की छात्रवृत्ति हड़प ली। पोल खुली तो ऐसे मदरसों पर कार्रवाई शुरू हुई। इसी के तहत दुबग्गा में संचालित दो मदरसा संचालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। फर्जीवाड़ा करने वाले मदरसों की जांच एसआईटी से कराने का निर्देश दिया गया है। इनमें आगरा, अंबेडकरनगर, संभल, बदायूं, बुलंदशहर, अमरोहा, कुशीनगर, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद और गोंडा के करीब 60 मदरसे हैं। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक ने जो रिपोर्ट केंद्र को भेजी है उसमें बस्ती, बिजनौर, बदायूं और सहारनपुर के अधिकारियों पर सत्यापन रिपोर्ट न देने की बात कही है।

### मदरसा संचालकों पर दर्ज होगी एफआईआर

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक ने 13 जून को आदेश जारी किया। जिसमें 15 जिलों के कई मदरसों पर छात्रवृत्ति की रकम हड़पने की बात कही। जिन जिलों के मदरसा संचालकों पर एफआईआर होनी है। उनमें बस्ती, गाजियाबाद, गाजीपुर, हापुड़, कानपुर नगर, लखनऊ, महोबा, मैनपुरी, मुजफ्फरनगर, उन्नाव प्रतापगढ़, सहारनपुर, संतकबीरनगर, सीतापुर और कुशीनगर शामिल हैं।

# आईएनएस तमाल 1 जुलाई को नौसेना में शामिल होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- गाइडेड मिसाइल प्रणाली से लैस है यह युद्धपोत

भारतीय नौसेना के रूस में निर्मित गाइडेड मिसाइल युद्धपोत आईएनएस तमाल को एक जुलाई को रूस के तटीय शहर कलिनिनग्राद में नौसेना में शामिल किया जाएगा। गाइडेड मिसाइल युद्धपोत 'आईएनएस तमाल' अनेक मिसाइलों और निगरानी प्रणालियों को ले जाने में सक्षम है।

अधिकारियों ने बताया कि जहाज में 26 प्रतिशत घटक स्वदेशी हैं, जिसमें समुद्र और जमीन दोनों पर निशाना साधने के लिए ब्रह्मोस लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल भी शामिल है। भारतीय नौसेना के अनुसार, युद्धपोत 'आईएनएस तमाल' 125 मीटर लंबा है और इसका वजन 3900 टन है। इस युद्धपोत में भारतीय और रूसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों तथा युद्धपोत निर्माण की सर्वोत्तम पद्धतियों का उपयोग किया गया है। नौसेना में शामिल होने के बाद तमाल भारतीय नौसेना की स्वॉर्ड आर्म में शामिल हो जाएगा। स्वॉर्ड आर्म भारतीय नौसेना में पश्चिमी बेड़े के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक पद है।

# एयर इंडिया का विमान बम की धमकी के बाद रियाद में उतरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- बर्मिंघम से दिल्ली आ रही थी फ्लाइट, सभी यात्री सुरक्षित

बर्मिंघम से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान को शनिवार को बम की धमकी मिलने के बाद मार्ग परिवर्तित कर सऊदी अरब के रियाद शहर में सुरक्षित उतारा गया। रविवार को एक बयान में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को रियाद से उनके गंतव्य तक ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

एयरलाइन ने परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपनी उड़ान सेवाओं को अस्थायी रूप से कम कर दिया है। एयर इंडिया ने कहा कि बर्मिंघम से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एआई114 को बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद उसे रियाद की ओर मोड़ दिया गया, जहां उसे सुरक्षित तरीके से उतारा गया और सुरक्षा जांच पूरी कर ली गई। सभी यात्रियों को विमान से उतारा गया और उनके होटल में ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। एयरलाइन ने बताया कि 12 जून को अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के बाद उसने स्वैच्छिक रूप से उड़ानों से पहले सुरक्षा जांच को बढ़ाया है।

# पश्चिमी उप्र. में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सहारनपुर, अलीगढ़, आगरा जैसे 10 जिलों में आज होगी भारी बारिश
- प्रदेश के 20 अन्य जिलों के लिए बिजली गिरने की चेतावनी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मानसून अब तराई क्षेत्रों से होते हुए पश्चिमी जिलों तक पहुंच गया है। इस बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी उप्र. में अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

सोमवार को नेपाल और उत्तराखंड से सटे तराई क्षेत्र के जिलों समेत सहारनपुर, अलीगढ़, आगरा जैसे 10 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं, प्रदेश के 20 अन्य जिलों के लिए गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है।


मौसम विभाग के मुताबिक, 24 से 48 घंटों के भीतर प्रदेश के पश्चिम, तराई और पूर्वांचल के कई इलाकों में भारी बारिश की स्थिति बनी रहेगी। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर और मुरादाबाद आदि जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इन इलाकों में बारिश के चलते जलभराव, बिजली आपूर्ति बाधित होने और ट्रैफिक प्रभावित होने की आशंका है।

वहीं, फतेहपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा और औरैया में गरज-चमक के साथ वज्रपात (आकाशीय बिजली) का खतरा बताया गया है। मौसम विभाग की ओर से लोगों को खुले में न जाने और पेड़ों के नीचे शरण न लेने का सुझाव दिया गया है।



### ललितपुर में हुई सबसे अधिक 132 मिमी बारिश

इससे पहले रविवार को बुंदेलखंड के ललितपुर में प्रदेश की सबसे अधिक 132 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं, राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों में रुक-रुक कर बारिश होती रही, जिससे तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले तीन-चार दिनों में पूरे प्रदेश में कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।



## एक नजर

### मारपीट में तीन घायल रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम फुलईया निवासी सुरेश पुत्र सत्यपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 जून की शाम करीब 7 बजे वह खेत में काम करके घर वापस आए। इस दौरान गांव का ही प्रकाश नशे में आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। बीच बचाव कराने आए उसके पुत्र मुकेश, अनुज, और पत्नी को भी पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन

**बीसलपुर, अमृत विचार** : सैय्यद साहब का तीन दिवसीय सालाना उर्स शरीफ कुल शरीफ के साथ सम्पन्न हो गया। कुल शरीफ में कारी अजीम खान, शकील हाफिज आदि मौलानाओं ने तकरीर कर मुल्क में अमन, तरक्की व शांति के लिए दुआएं मांगी। अंतिम दिन बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचे और दरगाह चादरपोशी की। उर्स कमेटी के अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद ने पुलिस व प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुस्तकीम अहमद बब्बू, फुरकान अहमद, चुन्नू मियां,मुन्ना, कासिब, इमरान, अनस मुदस्सिर आदि मौजूद रहे।

# नो एंट्री... ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल पर जाने की तैयारी

## नो एंट्री नियम लागू होने के बाद रविवार को भी हुई बैठक, बोले- शीघ्र नहीं हुआ समाधान तो लेंगे अंतिम निर्णय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** बाजार से सटे आबादी के इलाके में संचालित हो रहे ट्रांसपोर्ट नगर में नो एंट्री नियम लागू होने के बाद सख्ती की जा रही है। ऐसे में अब ट्रांसपोर्टर की टेंशन बढ़ गई है। इसे लेकर बीते दिनों ज्ञापन दिया गया और अब रविवार को बैठक कर आगे की रणनीति बनाई है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान न हुआ तो हड़ताल पर जाने की तैयारी की जाएगी।

बता दें कि नगरपालिका की ओर से अलॉट किए गए चुंगी माल गोदाम में ट्रांसपोर्ट नगर बना है। यहां से शहर और आसपास के क्षेत्र में माल की सप्लाई होती है। ये इलाका आबाद और बाजार से सटा हुआ है। परिवहन एवं पुलिस विभाग के द्वारा सुबह 8 से रात के 8 बजे तक भारी वाहनों के नो एंट्री लागू कर दी गई है। इसके बाद ट्रांसपोर्टर को दिक्कत आ रही है। इसे लेकर बीते दिनों डीएम को ज्ञापन दिया गया। इसमें बताया था कि जो कुछ मालवाहन लंबी दूरी तय करके आते हैं, उनके आने का समय तय नहीं होता है। ऐसे में वह नो एंट्री के चलते चुंगी मालगोदाम तक नहीं आ सकेंगे। 25 जून को भी दिनभर हड़ताल पर जाने का शोर मचा रहा था, लेकिन बाद में डीएम को ज्ञापन देते हुए हड़ताल स्थगित कर दी गई थी।



रविवार को बैठक करते ट्रांसपोर्टर। ● अमृत विचार

अब रविवार को भी इस मुद्दे को लेकर ट्रांसपोर्ट नगर में बैठक की गई। इसमें कहा कि नो एंट्री चलते जिले के ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को काफी परेशानी हो रही है। कहा कि

- **बीते दिनों डीएम से मुलाकात कर सौंपा था मांगों से जुड़ा ज्ञापन**
- **नगर में सुबह 8 से रात के 8 बजे तक भारी वाहनों के लिए नो एंट्री**

अगर इस तरह से अचानक बिना उनके संज्ञान में लाई हुई नो एंट्री लागू कर दी जाएगी तो बड़ी समस्या उत्पन्न हो सकती है। जीएसटी के अंतर्गत जो व्यापारियों का माल ई-वे बिल से ट्रांसपोर्ट के माध्यम से शहर में आता है, अगर उनको इस नो एंट्री के समय के दौरान बाहर रोका जाएगा तो ई-वे बिल का समय निकल जाएगा। वह माल पूरा बिल होने के बावजूद अघोषित यानी कर अपवंचना होने के कारण भारी जुर्माना की अंतर्गत आएगा। ऐसे में श्रमिकों के सामने रोजी-रोटी की समस्या भी उत्पन्न हो जाएगी। ये चेतावनी दी है कि अगर समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो ट्रांसपोर्टर अपनी बैठक बुलाकर हड़ताल पर जाने के बारे में सोच सकते हैं।

इस मौके पर सुलभ अग्रवाल, विक्रम सिंह, ऋषभ सिंह, मुन्ना, विजय अग्रवाल, स्पर्श सिंह, दानिश, अंकित अग्रवाल आदि ट्रांसपोर्टर मौजूद रहे। इसे लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से भी समर्थन लेने का प्रयास चल रहा है।

### परचून वाहनों को सुबह 10 बजे तक मिले छूट

ट्रांसपोर्टर ने मांग की है कि परचून वाहनों को सुबह 10 बजे तक आने दिया जाए। उसके बाद खाली गाड़ी को निकालने का भी समय निर्धारित हो। दोपहर 3 से 5 बजे तक का समय बाहर की लंबी दूरी की गाड़ी जो, ई-वे बिल लेकर चलती है, उन्हें प्रवेश की अनुमति दी जाए। उस समय ना तो कोई बच्चों के स्कूल का समय होता है और ना ही यातायात का ज्यादा प्रेशर।

### बोले: आवश्यक सेवाएं हो जाएंगी प्रभावित

ट्रांसपोर्टर का कहना है कि अगर इसी तरह से सख्ती रही तो प्रतिदिन शहर और आसपास के क्षेत्र में ले जाने वाली खानपान की वस्तु, जीवन रक्षक दवाएं समेत अति आवश्यक सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। बीते दिनों दिए गए ज्ञापन में ट्रांसपोर्ट को अन्य दुकानों को अलॉट करवाने की मांग भी रखी गई थी। फिलहाल मामले को लेकर मंथन जारी है।

> यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नो एंट्री लागू की गई है, जिसका पालन कराया जा रहा है। इसमें किसी तरह कर कोई छूट फिलहाल नहीं है। आवश्यक वाहनों को एंट्री दी जा रही है।
> –राघवेंद्र सिंह, टीएसआई

# कोतवाली की दीवार पर राम दरबार, गंदगी होने पर विरोध



एसडीएम से श्रीराम दरबार से संबंधित शिकायत करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

- **दरबार के नीचे गंदगी होने पर आस्था को ठेस पहुंचाने का आरोप**

**अमृत विचारः** कोतवाली की दीवार पर लगाए गए भगवान श्रीराम के दरबार के नजदीक गंदगी होने पर विरोध शुरू हो गया है। गंदगी होने से धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत की गई है।

बता दें कि नगरपालिका की ओर से एक पखवाड़ा भर पहले कोतवाली की दीवार पर भगवान श्रीराम का दरबार लगाया था। इस संबंध में कई लोग शनिवार को एसडीएम अजीत प्रताप सिंह के पास पहुंचे और शिकायत की। जिसमें बताया कि रामदरबार मंदिर और मठों में प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही लगाया जाता है। उसके आसपास विशेष स्वच्छता और साफ सफाई रखी जाती है। कोतवाली की दीबार पर लगे दरबार के आस पास गंदगी होने से लोगों की आस्था को ठेस पहुंच रही है। लोगों ने दीवार पर लगे भगवान श्री राम के दरबार को हटाकर साफ जगह लगवाने की मांग की है। इस मौके पर अधिवक्ता त्रिभुवन पांडे, मुनेंद्रपाल सागर, प्रदीप कुमार, कुलदीप कुमार, लालू मिश्रा, आशेष मिश्रा, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# आज कमिश्नर कार्यालय में कूच करेंगे भाकियू अराजनैतिक कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **नहीं हुई सुनवाई तो अनिश्चितकालीन धरना होगा शुरू, मच्छरदानी, चद्दर और राशन ले जाएंगे साथ**
- **कलीनगर के महाराजपुर में स्थित सरकारी सीलिंग की जमीन पर कब्जे का मामला**

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन जिला प्रभारी दिनेश कुमार ने किया। इसमें तहसील कलीनगर की सीलिंग की जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग को आंदोलन की रणनीति बनाई गई। आज इसी मुद्दे को कमिश्नरी बरेली में कूच करने का ऐलान किया गया है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि तहसील कलीनगर के राजस्व ग्राम सिमरा ताल्लुके महाराजपुर में स्थित सरकारी सीलिंग की जमीन जो कि पूर्ण रूप से राजस्व की खतौनी में सीलिंग की भूमि दर्ज है। 21 जून को भू-माफियाओं ने कलीनगर तहसील प्रशासन व माधोटांडा पुलिस से साठगांठ कर उक्त सरकारी सीलिंग की भूमि पर 15-20 ट्रैक्टरों से जुताई कर सोयाबीन की फसल की बुवाई कर दी है। सिमरा ताल्लुके महाराजपुर के स्थानीय ग्रामीणों ने उक्त सरकारी सीलिंग की जमीन पर जुताई कर फसल बोने की सूचना तहसील कलीनगर के एसडीएम और माधोटांडा थानाध्यक्ष से लेकर अन्य अधिकारियों को दी, लेकिन आरोप है कि कोई मौके पर नहीं पहुंचा। जिम्मेदारों की भूमिका संदिग्ध बताते हुए नाराजगी जताई। कहा कि 23 जून को बरेली कमिश्नरी पर विशाल किसान पंचायत का आयोजन किया जाएगा। सरकारी सीलिंग की जमीन से जुड़े पूरे मामले से बरेली मंडल अध्यक्ष अरूण राठी को अवगत करा दिया गया है। बरेली कमिश्नरी का घेराव कर उक्त सरकारी सीलिंग की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की जाएगी। इस दौरान साठगांठ और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग भी की जाएगी। अगर किसानों की मांग पर कोई ठोस कार्यवाही नही होगी तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक मंडलायुक्त कार्यालय खाली नहीं करेगी और अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन कमीश्नरी परिसर में ही शुरू किया जाएगा।

कार्यकर्ताओं से अपने साथ ओढ़ने बिछाने व मच्छरदानी व खाने पीने के समान को साथ लेकर चलने की अपील की गई है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, नवजोत सिंह, लालबहादुर, कुलदीप कुमार, तेजराम, बूटा सिंह आदि मौजूद रहे।

# किशोरी ने बंद की बात तो युवक ने दी अगवा करने की धमकी

**पूरनपुर, अमृत विचारः** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक किशोरी युवक से चैटिंग करती रही। इसके बाद परिवार के आपत्ति जताने पर जब किशोरी ने बात करना बंद कर दिया तो युवक ने किशोरी को अगवा कर ले जाने की धमकी दे डाली। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बता दें कि थाना हजारा क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी इंस्टाग्राम और स्नैपचैट पर एक युवक से जान पहचान हो गई। काफी दिनों से दोनों सोशल प्लेटफॉर्म पर चैटिंग कर रहे थे। किशोरी के पिता को इसकी जानकारी लग गई तो उसे डांटते हुए उन्होंने चैटिंग बंद करा दी। जब इसकी जानकारी युवक को लगी तो उसने सोशल मीडिया पर ही किशोरी को जबरन घर से उठा ले जाने और उसे जान से मारने की धमकी दी। किशोरी के परिजनों ने सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# बारिश से कुछ देर राहत, दोपहर बाद बढ़ी उमस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **बदलते मौसम के बीच परेशान करती रही बिजली**
- **शनिवार को दिन भर रही गुल, रविवार को बनी रही आवाजाही**

**अमृत विचार** : शनिवार रात से मौसम में हुई तब्दीली का असर रविवार सुबह तक देखने को मिला। घने बादलों की चादर ने तपती गर्मी से लोगों को राहत दी। सुबह से ही बदली छाई रही और हल्की फुहारों ने मौसम को सुहाना हुआ। मगर कुछ घंटों के बाद निकली धूप से उमस और बढ़ गई, जिससे लोग व्याकुल रहे। रविवार को दिन भर बिजली की लुकाछिपी का खेल जारी रहा। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अब मानसून नजदीक आ चुका है। कभी भी बारिश हो सकती है।

बता दें कि कई जिलों में मानसून दस्तक दे चुका है। झमाझम बारिश भी हो रही है। जनपद में भी मौसम विशेषज्ञ 24 जून से मानसून आने का अंदेशा जता रहे हैं। शनिवार को भीषण गर्मी पड़ रही थी। गर्मी के चलते लोग परेशान दिखे। शाम होते ही मौसम में परिवर्तन देखने को मिला। देर रात हल्की बारिश



ट्रांसफार्मर में हुए फाल्ट को ठीक करने पहुंचे कर्मचारी। ● अमृत विचार

हुई। जिसका क्रम रविवार सुबह को भी जारी रहा। रविवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। सुबह आठ से नौ बजे के बीच हल्की बूंदाबांदी हुई। हल्की बूंदाबांदी से कुछ देर के लिए लोगों को गर्मी से राहत मिली और फिर दिन धूप खिली रही। दिनभर बादलों के आने जाने का सिलसिला जारी। बादल छाए होने के बाद भी उमस अधिक रही। जिससे लोग परेशान दिखे। रविवार को शनिवार से दो डिग्री अधिकतम तापमान में इजाफा देखने को मिला। रविवार को अधिकतम तापमान 35.08 डिग्री व न्यूनतम 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि शनिवार को पूरे दिन धूप होने के बाद भी अधिकतम तापमान 33.08 डिग्री व न्यूनतम 26.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश न होने के बाद भी कई इलाकों में बिजली की ट्रिपिंग जारी रही। शहर के मोहल्ला सराफराज खां चौराहा पर लो वोल्टेज की वजह से दोपहर एक बजे तक लाइट नहीं आई। इसके अलावा चूने वाली गली, दूधिया मंदिर, बागगुलशेर खां में भी लाइट नहीं आई। अशरफ खां और मोहल्ला डालचंद में दोपहर 12.:30 बजे तक एक फेस नहीं आया। ऐसे में लोगों के पंखे, कूलर नहीं चल सके। जोशीटोला व अन्य इलाकों में भी लाइट की समस्या बनी रही। कहीं तार टूटने से बिजली गुल रही। लो वोल्टेज और फेज की समस्या को लेकर दिनभर टीमें दौड़ती रही। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. एस एस ढाका ने बताया कि अब आने वाला समय मानसून का ही है। 24 जून से बारिश का क्रम शुरू हो जाएगा।

# नीतियां-उपलब्धियां बताईं नोट किए नाम और नंबर



ग्रामीणों से संवाद करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर पहुंच रहे हैं। संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने पर जोर दिया जा रहा है। रविवार को इसी क्रम में कार्यकर्ता अमरिया ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम धुंधरी, सुकटिया, ढेरम आदि में पहुंचे। ग्रामीणों संग चौपाल लगाकर संवाद किया गया और कांग्रेस के सत्ता में रहते किए गए कार्यों को बताया गया। ग्रामीणों के नाम, पता और मोबाइल नंबर नोट करने के साथ ही उन्हें संगठन से जुड़ने का आग्रह किया गया। इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अनवर अनीस, पीसीसी सदस्य युसूफ मलिक, लईक अहमद आदि मौजूद रहे।

# वार्ड अध्यक्षों को दी पार्टी नीतियों की जानकारी

**पीलीभीत, अमृत विचार** : शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर रविवार को वार्ड अध्यक्षों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता शहर अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार ने की।

बैठक में शहर कोऑर्डिनेटर राबिया शबनम ने दिशा-निर्देश दिए। कहा कि देश को आजाद कराने में कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ताओं ने अपने प्राणों की आहूति दी थी। वर्तमान में कारीगरों को औद्योगिक कामगारों को उनके श्रम का मेहताना नहीं मिल रहा। जनता कांग्रेस की ओर उम्मीद से देख रही है। शहर अध्यक्ष ने कहा कि वार्ड अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की नीतियों का प्रचार प्रसार कर लोगों को जोड़ते हुए संगठन को मजबूत बनाना है। इस मौके पर तौकीर अहमद, इकबाल हुसैन, लेखराज, हरीशंकर, मुन्ने खां आदि मौजूद रहे।

# जलभराव के परखे हालात, फिर निर्माधाधीन गोशाला देखी

- **प्रधान की शिकायत पर एसडीएम सदर पहुंचे गजरौला**

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचारः** कस्बे में थाना के पास बारिश से तीन फीट तक गंदा पानी जमा हो गया था। इसकी डीएम से की गई शिकायत के बाद एसडीएम सदर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति देखी। निर्माणाधीन गोशाला का भी निरीक्षण किया।

ब्लॉक मरौरी की ग्राम पंचायत गजरौला कलां सहराई में पानी का निकास ठीक ना होने से बारिश का पानी बस्ती में भर गया। ग्राम प्रधान मनविंदर सिंह ने ग्रामीणों के साथ डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को शिकायती पत्र दिया। जिसमें बताया कि गंदा पानी



टीम के साथ निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम सदर। ● अमृत विचार

भरने से बस्ती के मकान गिरने व महामारी फैलने की आशंका बनी हुई है। बच्चे और बुजुर्ग घर से बाहर निकलने में दिक्कत होती है। हाईवे पर बने नाले की ऊंचाई अधिक होने के कारण पानी का निकास नहीं हो पा रहा है। अब तब खाली जगह से नाला बराबर से माला नदी में पानी गिरता था। ऐसे में अब गलियों में जलभराव है। इसे लेकर एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता ने रविवार को टीम के साथ गांव पहुंचकर हालात परखे और आश्वस्त किया। वहीं निर्माणाधीन गोशाला का निरीक्षण किया। कार्य को गुणवत्तापूर्ण और समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

# हाईस्कूल की छात्रा का फोटो खींच फेसबुक पर डाला

संवाददाता, बीसलपुर

- **शिकायत पर भाई को घेरकर की गई मारपीट, रिपोर्ट**

**अमृत विचारः** हाईस्कूल की छात्रा के उसके साथ पढ़ने वाले छात्र ने फोटो खींचे और अश्लील कमेंट करते हुए फेसबुक पर लोड कर दिए। इसकी जानकारी मिलने पर जब आरोपी के परिवार से शिकायत की गई तो छात्रा के भाई की पिटाई कर दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस को दी तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री एक इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा है। उसके फोटो क्लास में पढ़ने वाले एक छात्र ने खींच लिये। फोटो खींचने के बाद बेटी का फोटो फेसबुक पर डालकर अश्लील कमेंट किए गए। इसकी जानकारी बेटी ने दी तो उनके भतीजे ने इस मामले की शिकायत आरोपी के पिता से की। आरोप है कि 20 जून को उनका भतीजा बाइक से खेत पर जा रहा था। रास्ते में आरोपी ने रोका और गाली गलौज की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद भतीजा चुपचाप चला गया। खेत पर काम निपटाकर वापस आते वक्त आरोपी ने अपने साथियों संग उसे रोका और तमंचा लहराकर धमकाते हुए मारपीट की गई।शोर पर लोग जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मामले में तीन नामजद और अन्य अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

# बिलसंडा को हराकर गाजी का ट्रॉफी पर कब्जा

संवाददाता, बिलसंडा

- **फाइनल में नहीं टिके लवली बिलसंडा के खिलाड़ी, नौ विकेट से हुई हार**

**अमृत विचारः** गांधी स्मारक सुंदरलाल इंटर कॉलेज मैदान पर चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को लवली क्रिकेट क्लब बिलसंडा और गाजी इलेवन तालगांव के बीच खेला गया। इसमें गाजी इलेवन ने लवली बिलसंडा को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि भाजपा विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी सौंपी।

रविवार दोपहर करीब 2 बजे राष्ट्रगान के बाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, मोहम्मद रेहान, अजय जायसवाल ने टॉस किया। खिलाड़ियों से परिचय के बाद मैच शुरू कराया गया। टॉस जीतकर गाजी इलवेन की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरे लवली बिलसंडा के खिलाड़ियों की शुरुआत ही



बिलसंडा में विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देते बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा।

खराब रही। एक के बाद एक सारे विकेट लुढ़क गए। 20 ओवर में मात्र 76 रनों पर पूरी टीम ऑल आउट हो गई। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे गाजी इलेवन के खिलाड़ियों ने अंधाधुंध पारी खेली और मात्र एक विकेट के नुकसान पर फाइनल मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच मुफीद गाजी, टीम के प्रबंधक कलीम अंसारी, कप्तान मोहम्मद आदिल को मुख्य अतिथि विधायक विवेक वर्मा, सुमित गुप्ता, व्यापारी नेता अवनीश जायसवाल, अटल सिंह जायसवाल, सुमित जायसवाल, अधिवक्ता मुकेश सक्सेना, श्रीपाल जायसवाल, मुजफ्फर खान, बंटू जायसवाल ने नकद धनराशि एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर संजीव गुप्ता, त्रिपुरेश गुप्ता, अंसार मंसूरी, अजय जायसवाल, अंकित जायसवाल, आशु खान, सोहेल हुसैन, दीपू जायसवाल, सुनील शुक्ला, रामकिशोर प्रजापति, सुशील शुक्ला, अधिवक्ता सुधीर सक्सेना,आकाश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### विधायक बोले: खिलाड़ियों में अनुशासन होना जरूरी

मुख्य अतिथि बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी में खेल की भावना होनी जरूरी है। हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। पराजय के बाद सफलता की एक नई उम्मीद जागती है,इसलिए निराश न होकर आगे मेहनत जरूरी है। उन्होंने जगह उपलब्ध होने पर स्टेडियम बनवाने की भी बात कही। इसके अलावा कॉलेज ग्राउंड में चार सोलर लाइट भी लगवाने का ऐलान किया।

# पुरानी शिकायतों पर कार्रवाई न होने पर सौंपा पत्र

**पीलीभीत, अमृत विचारः** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रतिनिधि भाजपा नेता राकेश सिंह ने मंडलायुक्त से शिकायत की है। जिसमें बताया कि उनके द्वारा नगर पालिका परिषद पीलीभीत की तमम शिकायतें की गई है। मगर, जनआकांक्षाओं के अनुरुप इनका निस्तारण नहीं हो सका है। कई शिकायतों का हवाला दिया गया। ये भी बताया कि नाला निर्माण में धांधली की शिकायत भी थी। बीते साल बारिश में निर्माणाधीन नाले का हिस्सा ढहने पर टीएसी जांच भी कराई गई थी। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि सभासदों ने भी तमाम शिकायतें की हैं। इनका निस्तारण कराने की मांग की। वहीं, मंडलायुक्त के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह को भी अपनी मांगों से जुड़ा पत्र सौंपा। इस दौरान कई सभासद भी साथ रहे।

# बीते 14 साल में नहीं मिल सके छह गांव के गुम हुए राजस्व नक्शे

संवाददाता, पूरनपुर

- **चकरोड और जमीनों की नहीं हो पा रही पैमाइश**
- **शिकायत पर तहसील प्रशासन नक्शों की खोज नहीं कर सका**

**अमृत विचारः** क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के राजस्व नक्शे गायब हैं। करीब डेढ़ दशक बीतने के बाद भी इन नक्शों को खोजा नहीं जा सका और न ही दूसरे बन सके। तहसील प्रशासन खतौनी के अनुसार जमीनों की पैमाइश करा रहा है। हालांकि इससे काफी दिक्कत बनी हुई है।

पूरनपुर तहसील में करीब 189 ग्राम पंचायत हैं। इन सभी ग्राम पंचायत के राजस्व नक्शे बने हुए हैं। गांव के यह राजस्व नक्शे तहसील प्रशासन के पास रहते हैं। जमीन की पैमाइश, सरकारी चकरोड, तालाब आदि की नाप के लिए इन्हीं नक्शों का सहारा लिया जाता है। दशकों पुराने इन नक्शों में ही गांव की जमीनें भी दर्ज हैं। तहसील क्षेत्र के गांव खमरिया पट्टी और मुजफ्फरनगर सहित लगभग छह गांव ऐसे हैं, जिनके राजस्व



पूरनपुर तहसील भवन।

नक्शे वर्ष 14 साल गायब है। कई बार ग्रामीणों ने शिकायत की, लेकिन तहसील प्रशासन नक्शों की खोज नहीं कर सका। खमरिया पट्टी में जमीनों पर अवैध रूप से प्लाटिंग किए जाने के बाद शिकायतें की गई लेकिन नक्शा न होने से तहसील प्रशासन जांच नहीं कर सका। यही वजह है कि खमरिया पट्टी सहित जिन गांवों के नक्शे गायब हैं, उनमें अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है। 14 साल बीतने के बाद भी तहसील प्रशासन न ही नक्शों को खोज सका और न मुद्रा विभाग से दूसरे नक्शे बनवाए जा सके। इसके चलते इन गांव की पैमाइश नहीं हो पा रही है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

तहसील प्रशासन जमीनों की खतौनी और फर्द के अनुसार ही जमीनों की नाप कराता है। सरकारी जमीनों की पैमाइश का तहसील प्रशासन के पास कोई रिकॉर्ड नहीं है। इसी की बदौलत इन गांव की सरकारी जमीनों पर कई लोगों ने कब्जा भी कर लिया है। तहसीलदार हबीबउर्रहमान का कहना है कि ये काफी पुराना मामला है। पहले ही इलाहाबाद में मुद्रा विभाग को जानकारी दी जा चुकी है।




## शहर में आज

- अखिल भारत हिंदू महासभा की उर्मिल बरात घर में प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में बैठक दोपहर 12 बजे।
- भारतीय योग संस्थान की ओर से अशोक कॉलोनी ग्राउंड पर योग शिविर सुबह 5 .30 बजे।
- कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में संवाद दोपहर 12 बजे

## एक नजर

### मंदिर जाने को निकली युवतियां लापता

**बीसलपुर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के ग्रामीण की पत्नी बीमार हो गई थी। उसे देखने अपने माता-पिता के साथ खटीमा से गांव में घर पर आई नातिन और धेवती माता पिता के चले जाने के बाद ग्रामीण के घर रुक गई। दोनों 21 जून की दोपहर मंदिर जाने की बात कहकर निकली और लापता हो गई। देर शाम तक वापस न आने पर परिवार ने तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### रिश्तेदारी में गई महिला के घर से जेवर चोरी

**बीसलपुर, अमृत विचार** : ग्राम रोहनिया निवासी देवेंद्र कुमार की पत्नी रेनू राठौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि छह जून को वह अपनी रिश्तेदारी में एक समारोह में गई थी। वहां से वापस आने के बाद उसने अपने सोने के जेवर संदूक के ऊपर रख दिए थे। कुछ घंटे बाद अपने कमरे में जेवर देखने गई तो वहां से गायब थे। मंगलसूत्र व झुमकी नहीं मिले। आरोप है कि उसके घर में रह रही एक युवती ने जेवर चोरी कर लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संदेह पर युवती से पूछताछ की गईहै।

### ट्रैक्टर से पानी का पाइप फाड़ा, मारपीट

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम करगैना निवासी रामकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 जून को वह अपने खेत में पानी लगा रहा था। इस दौरान शाम 4 बजे गांव का शिव शंकर मौर्य और इंदल प्रसाद वहां आए। उन्होंने अपने ट्रैक्टर से उसका पानी का पाइप फाड़ दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित कर जान से मारने की धमकी भी दी। शोर होने पर आसपास के तमाम लोग एकत्र हो गए। जिस पर आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### खेत पर लगा पंपसेट चोरी

**बीसलपुर, अमृत विचार** : ग्राम बौनी के निवासी सियाराम ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि तीन दिन पूर्व उसने खेत पर पंपसेट लगाया था। इससे खेत पर सिंचाई कर रहे थे। शनिवार रात कोई पंप सेट चोरी कर ले गया। रविवार सुबह पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आरसी जारी होने के बाद भी सख्ती का नहीं असर, किसान परेशान

# बजाज चीनी मिल पर किसानों की 117.70 करोड़ की बकायेदारी

## पेराई सत्र समाप्त हुए चार महीने बीते, नई फसल खेत पर होने लगी तैयार, पुराना का अभी भी नहीं मिला दाम

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

**अमृत विचारः** बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल को गन्ना देकर किसान इस बार भी फंस गए। मिल का पेराई सत्र समाप्त हुए चार माह से अधिक का समय बीत चुका है। मगर चीनी मिल की ओर से किसानों के बकाया भुगतान करने की सुध नहीं ली जा रही है। अभी भी चीनी मिल पर 117.70 करोड़ रुपये की बकाएदारी है। किसान पुराने गन्ना भुगतान के लिए चक्कर लगा रहे हैं, जो नहीं हो सका है। इधर, नई फसल तैयार की जा रही है। आरसी जारी होने के बाद भी कोई ठोस सख्ती नहीं की जा सकी है।

जनपद में चार चीनी मिल संचालित होती है। भुगतान के मामले में सबसे बेहतर स्थिति एलएच चीनी मिल की रहती है। वहीं, भुगतान में देरी को लेकर हर साल बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल बरखेड़ा अव्वल है। किसानों को अपने ही फसल का दाम हासिल करने के लिए महीनों परेशान होना पड़ता है। गन्ना राज्यमंत्री के जनपद से होने के बाद भी इस अव्यवस्था को दूर नहीं किया जा सका है। बजाज चीनी मिल की बात की बात करें तो 12 नवंबर 2024 को बीता पेराई सत्र शुरू हुआ था। शुरुआत से पेमेंट की लेटलतीफी के चलते किसान मिल को गन्ना देने से बचते से नजर आए। नतीजतन 22 फरवरी 2025 को पेराई सत्र समाप्त होने की घोषणा करते हुए मिल बंद कर दी गई।

बताते हैं कि इससे कई दिन पहले से ही मिल को पर्याप्त गन्ना नहीं मिल पा रहा था। इस पेराई सत्र में मिल ने 45.13 लाख क्विंटल गन्ना किसानों से खरीदा, जिसकी कुल कीमत 165.81 करोड़ रही। मगर, सुस्त गति इस बार भी रही और चीनी मिल ने अभी तक किसानों को महज 48.11 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। ये भुगतान 30 नंवबर 2024 तक खरीदे गए गन्ने का रहा। इसके बाद से भुगतान की आस लगाए किसान परेशान परेशान हो रहे हैं। मिल बंद होने के बाद पड़े होली के त्योहार पर भी किसानों को निराशा ही हाथ लगी थी। इसे लेकर तमाम शिकायतें की गई और किसान संगठनों से ज्ञापन भी दिए। मगर, इसका कोई खास असर नहीं पड़ सका। किसान की समस्या जस की तस बनी हुई है। चीनी मिल पर अभी भी 117.70 करोड़ रुपये की बकाएदारी चल रही है। इसका भुगतान कब होगा, किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि पुरानी फसल का दाम अभी मिल नहीं सका है। जबकि नई फसल खेत में दिखाई देने लगी है। व्यवस्थित तरीके से मिल का संचालन ही नहीं है। अगर इसी तरह से किसान को हर साल परेशान होना ही है तो मिल को बंद कर दिया जाए।



बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल बरखेड़ा।

### सख्ती के नाम पर सिर्फ नोटिस और रिमाइंडर

बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल द्वारा हर साल पेराई सत्र के बाद भुगतान पाने के लिए किसानों को धरना प्रदर्शन करना पड़ता है। अधिकारी और जनप्रतिनिधियों से भी शिकायतें की जाती है। मगर, कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।इसके पीछे तमाम तरह की चर्चाएं रहती हैं। मगर, सख्ती की बात करें तो नोटिस और फिर रिमाइंडर भेजने की बात कहकर जिम्मेदार कर्तव्यों से इतिश्री करते दिखाई देते रहे हैं।



26 पर्चियों पर बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल को 1710 क्विंटल गन्ना दिया था। इसका कुल भुगतान छह लाख 33 हजार 58 रुपये बना। मगर, अभी तक सिर्फ 10 पर्ची का भुगतान 02 लाख 33 हजार 273 रुपये ही मिल सका है। मिल बंद हुए चार माह बीत चुके हैं। अभी भी 3 .99 लाख से अधिक की बकायेदारी है। पता नहीं कब भुगतान होगा। – **तारांचद गंगवार**, गन्ना किसान



बीते पेराई सत्र में बजाज मिल को 15 पर्ची पर 994 क्विंटल गन्ना सप्लाई किया था। इसकी कीमत 368139 रुपये बनी। मगर अभी तक तो सिर्फ चार पर्ची पर 96980 रुपये ही मिल सके हैं। 271159 रुपये का गन्ना भुगतान नहीं किया गया है।इसके लिए कई बार चक्कर लगा चुके हैं, समाधान नहीं हो सका है। सख्ती की जानी चाहिए। – **सोहनलाल गंगवार**, गन्ना किसान

बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल पर बकाएदारी है। इसे लेकर पूर्व में आरसी जारी की जा चुकी है। इसमें अब आगे की कार्रवाई तहसील स्तर से चल रही है। – **खुशीराम भार्गव**, जिला गन्ना अधिकारी

# अंत्येष्टि स्थल निर्माण में हो रहा मानकों का 'दाह'

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** विकास कार्य के नाम पर घोटाले आए दिन सामने आते हैं। जिम्मेदारों ने अब अंत्येष्टि स्थल को भी नहीं छोड़ा। शिकायत के बाद जांच कराई गई तो मानकों की अनदेखी उजागर हो गई। आलम ये रहा कि आपस में टकराते ही ईंटें टूट गईं, सरिया में भी मानक की कमी प्रतीत हुई। फिलहाल बीडीओ ने प्रधान, सचिव और कंसल्टिंग इंजीनियर का जवाब तलब किया है।

मामला अमरिया ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत दियोरनिया का है। यहां पर अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसकी 27 मई को शिकायत की गई। गांव के ही छत्रपाल ने निर्माण सामग्री में मानकों की अनदेखी करने का आरोप लगाया था। डीएम के निर्देश पर बीडीओ अमरिया दिनेश सिंह, अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग नरेंद्र कुमार की ओर से जांच की गई, जिसमें काफी अनियमितताएं सामने आईं।

टीम ने मौके पर जाकर चेक किया तो ईंटों को आपस में टकराते ही वे टूट गईं। बताते हैं कि धात्विक ध्वनि भी नहीं आई। प्रथम दृष्टया ईंटों की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं निकली। सरिया भी मानक के अनुरूप नहीं मिली। अंत्येष्टि स्थल के कॉलम में 12 एमएम की चार सरिया का प्रयोग किया जा रहा था, जबकि कॉलम के साइज को देखते हुए छह सरियों का प्रयोग तकनीकी लिहाज से उचित बताया गया। शुरुआती जांच में मानक की अनदेखी मिलने पर बीडीओ ने नोटिस जारी करके ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और कंसल्टिंग इंजीनियर से जवाब-तलब किया है। साथ ही इस पूरे मामले की रिपोर्ट बनाकर डीएम को भेजी गई है।


ग्राम पंचायत दियोरनिया में निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल।

- **आपस में टकराते ही टूट गईं ईंटें, सरिया के इस्तेमाल में भी जिम्मेदार कर गए खेल**
- **अमरिया ब्लॉक क्षेत्र का मामला, प्रधान, सचिव और कंसल्टिंग इंजीनियर से जवाब तलब**

# पुलिया के पास कीचड़ में मिला युवक का शव

संवाददाता, पूरनपुर

- **बाइक सवार युवक के पुलिया से टकराकर नहर में गिरने की जताई जा रही आशंका**

**अमृत विचारः** शनिवार रात करीब 11 बजे कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति नहर पुलिया के पास एक युवक का शव पड़ा मिला। जानकारी लगने पर कई ग्रामीण पहुंच गए। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिवार को सूचना दी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

बता दें कि टांडा छत्रपति नहर पुलिया के पास कीचड़ में युवक के मिलने की सूचना पर पुलिस रात में ही पहुंच गई। इसके बाद जानकारी की और युवक को कीचड़ से बाहर निकाला। पास में ही बाइक भी पड़ी हुई थी। पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन युवक की पहचान नहीं हो सकी। उसे सीएचसी ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। काफी प्रयास के बाद युवक की पहचान सोनू (23) पुत्र लेखराज निवासी गांव इग्घरा थाना बरखेड़ा के रूप में हुई। पुलिस से जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी आ गए। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते हैं कि मृतक पूरनपुर क्षेत्र में काम करने के लिए आया था। पुलिस के मुताबिक युवक अपने साथी के साथ बाइक से जा रहा था। उसकी बाइक पुलिया से टकराई, जिससे युवक नहर में जा गिरा। उसका साथी मौके से भाग गया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# झोलाछाप ने क्लीनिक से सील उखाड़ी, निकाला सामान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **दुकान पर डाला नया ताला, एमओआईसी बोले- इसके बारे में तो साहब ही बताएंगे**
- **न्यूरिया क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लीनिक को शिकायत पर किया था सील**

**अमृत विचार** : चार माह पहले शिकायत पर अवैध क्लीनिक सील करने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अग्रिम कार्रवाई टाल गए। नतीजतन वही हुआ, जिसके कयास लगाए जा रहे थे। बताते हैं कि क्लीनिक पर लगाई गई सील हटा दी गई और भीतर से सामान निकालने की भी चर्चाएं तेज हैं। अब दुकान पर नए ताले दिखाई दे रहे हैं, जिन पर कोई सील नहीं है।वहीं, चस्पा किया गया नोटिस भी नदारद है। एमओआईसी ने वरिष्ठ अधिकारियों पर जवाबदेही टाल दी है। फिलहाल सीएमओ का कहना है कि इसे दिखा कर कार्रवाई कराई जाएगी।

मामला 18 फरवरी का है। न्यूरिया थाना क्षेत्र के कस्बा गौहर रोड पर एक बरात घर के पास एक दुकान में झोलाछाप ने क्लीनिक बना रखा था। वह महिला संबंधित इलाज भी किया करता था। जब मामले की शिकायत सीएमओ डॉ. आलोक कुमार से की गई तो उन्होंने न्यूरिया सीएचसी के एमओआईसी डॉ. साहिसपाल को पत्र जारी करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस पर एमओआईसी ने क्लीनिक पर पुलिस बल के साथ छापा मारा था, जहां प्रैक्टिस कर रहे युवक से जब पूछताछ की गई तो उसने अपना कृष्ण मंडल बताया, जो गभिया सहराई का रहने वाला है। युवक के पास किसी प्रकार की कोई डिग्री नहीं मिली। वह कस्बे में किराये पर दुकान लेकर प्रैक्टिस कर रहा था। उसकी दुकान में भारी मात्रा में दवाएं और इंजेक्शन मिले थे। एमओआईसी ने क्लीनिक को सील करते हुए दुकान में ताले डलवा दिए थे।

नियम है कि सील की कार्रवाई करने के दौरान एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य है, लेकिन एमओआईसी ने चार माह बीतने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं कराई। इधर, कुछ दिन पहले क्लीनिक में कपड़ा लगाकर सील किए गए ताले को हटा दिया गया है। स्थानीय लोगों की मानें तो कुछ समय पहले क्लीनिक में रखा सामान भी बाहर निकलवा दिया गया है। अब वहां नए ताले डाल दिए गए हैं। चर्चा ये भी है कि अब दूसरी जगह झोलाछाप की दुकान चलने लगी है।


न्यूरिया कस्बे में सील किए गए क्लीनिक पर चस्पा नोटिस व ताले में लगी सील।


अब ताले पर नहीं है कोई सील, चस्पा नोटिस भी गायब है।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर क्लीनिक को सील कर दिया गया था। इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई थी। क्लीनिक की सील खोलने के संबंध में जानकारी नहीं है। इसके बारे में तो साहब ही बताएंगे। – **डॉ. साहिसपाल**, एमओआईसी, न्यूरिया

क्लीनिक को सील करने का मामला संज्ञान में है। अगर बिना किसी आदेश के क्लीनिक खोला गया है तो गलत है। इसकी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। – **डॉ. आलोक कुमार**, सीएमओ

# 140 लोगों की दर्ज की गई वरासत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **डीएम के निर्देश पर चला अभियान एसडीएम सदर ने 39 ग्रामीणों की दर्ज कराई खतौनी में अंश संशोधन**
- **पांच दिन में 32 गांवों में चौपाल कर सुनीं जनसमस्याएं, कराया निस्तारण**

**अमृत विचार** : अपनी ही जमीन की वरासत के लिए वर्षों से तहसील और पटवारी के चक्कर काट रहे ग्रामीणों को आखिरकार राहत मिली। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान ने न सिर्फ लोगों की परेशानी दूर की, बल्कि व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही का भी संदेश दिया। एसडीएम सदर द्वारा पांच दिन में 32 गांवों में लगाई गईं चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और मौके पर समाधान भी कराया गया। इसी कड़ी में 140 लोगों की विरासत दर्ज की गई, जिसमें अकेले 39 मामलों में खतौनी में अंश संशोधन कराया गया।

बता दें कि बीते दिनों संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने जिले की सभी तहसीलों में वरासत दर्ज करने व अंश संशोधन के मामलों का समाधान करने के आदेश दिए थे। बीते तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने कहा कि अगर किसी घर में कोई मृत्यु हो रही है और जमीन को लेकर कोई विवाद नहीं है तो तत्काल वरासत दर्ज कर तेरहवीं संस्कार पर उसके घर जाकर खतौनी देने के निर्देश दिए थे। डीएम के आदेश पर तहसील सदर में 13 जून से 17 जून तक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता ने तहसीलदार व नायब तहसीलदार के साथ 32 राजस्व गांवों में चौपाल का आयोजन कर लोगों की समस्याओं को सुना। इसके तहत सदर तहसील ने पांच दिनों में 140 वरासत दर्ज कर खतौनी में दर्ज किया है। इसके अलावा अंश संशोधन के 39 प्रकरण निस्तारित किया गया, जिसकी रिपोर्ट डीएम को भेजी गई है। एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने बताया कि अभियान जारी रहेगा। लोगों को उनके दरवाजे पर वरासत व अंश संशोधन का कार्य पूरा कर देने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### हादसों में महिला समेत चार घायल

**बीसलपुर, अमृत विचारः** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बल्देवपुर निवासी ईश्वरी प्रसाद अपनी पत्नी मीना देवी और पुत्रवधू नीलम संग बाइक से बरखेड़ा जा रहे थे। ग्राम जोगीठेर के पास पहुंचते ही सड़क पर आए कुत्ते को बचाने के चक्कर में बाइक गिर गई, जिसमें तीनों घायल हो गए। उन्हें सीएचसी भेजा गया। प्राथमिक इलाज के बाद नीलम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर, ईदगाह चौराहे पर चालक बस बैक कर रहा था। इस बीच गयासपुर निवासी मुश्ताक सड़क पार कर रहे थे और बस की टक्कर से घायल हो गई। उन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया।

# दो शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे डीवीआर और नकदी बरामद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **कविशा मोटर्स वर्कशॉप और वसुंधरा कॉलोनी में हुई चोरी का खुलासा**

**अमृत विचारः** क्षेत्र में हुई दो चोरी की घटनाओं का सुनगढ़ी पुलिस ने खुलासा कर दिया। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए डीवीआर और नकदी बरामद की गई। चालान कर कोर्ट में पेश करके दोनों को जेल भेज दिया है।

बता दें कि सुनगढ़ी क्षेत्र के पूरनपुर रोड पर एक धर्मकांटे के पास कविशा मोटर्स का वर्कशाप है। बीस अप्रैल की रात चोर यहां से टिनशेड काटकर सामान समेट ले गए थे। वहीं, वसुंधरा कॉलोनी के निवासी संजय कुमार के मकान से चोर नौ मई की रात नकदी सामान के साथ ही डीवीआर भी समेट ले गए थे। दोनों मामलों में पीड़ितों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस विवेचना कर रही थी। पुलिस ने एक सूचना पर दबिश देकर रविवार को बरेली हाईवे पर टाइगर तिराहा से कर्बला जाने वाले मार्ग से दो आरोपियों को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मोहल्ला थान सिंह निवासी रोहित उर्फ मुन्ना पुत्र वासुदेव और नौगवां पकड़िया गांव निवासी गुड्डू उर्फ नन्नू पुत्र रामरतन बताया। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों से चोरी किया गया डीवीआर, 18 हजार रुपये बरामद किए गए। चालान कर कोर्ट में पेश करके दोनों को जेल भेज दिया है।


सुनगढ़ी पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# पंचायत के बाद किसान नेताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन चढूनी के कार्यकर्ताओं ने ने मंडी समिति में पंचायत करने के बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि तैयार खड़ी साठा धान की फसल का रेट गिराने के लिए उसकी खरीद बंद होने की अफवाह फैलाई गई। खरीद सुचारू कराने की मांग की गई। किसानों को मक्के की फसल का वाजिब दाम दिलाने की मांग भी रखी गई।

भारतीय किसान यूनियन चढूनी की पंचायत रविवार को मंडी समिति परिसर में हुई। पंचायत में किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एसडीम अजीत प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया कि षड्यंत्र के तहत साठा धान का रेट गिराने के लिए खरीद प्रभावित करने का प्रयास किया गया। इसके लिए अफवाह फैलाई गई। साठा की खरीद सुचारू कराने की मांग की गई। पंचायत में कहा गया कि सरकार की ओर से मोटे अनाज की पैदावार के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाकर किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत पीलीभीत में किसानों ने मक्के की अच्छी खासी पैदावार की। इसके बावजूद किसानों को मक्के की फसल का वाजिद दाम नहीं मिल पा रहा है। वह उसे सस्ते दामों पर बेचने को मजबूर हैं, जबकि मक्के का सरकारी रेट 2250 रुपये है। प्रभावी कार्रवाई करते हुए किसानों को उनकी मक्का की फसल का उचित दाम दिलाने की मांग की गई। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में शासनादेश के तहत किसानों को बिजली आपूर्ति करने को भी कहा गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो, तहसील अध्यक्ष जगविंदर सिंह, रमेश चंद्र दद्दा, अशोक मिश्रा, रणजीत सिंह, कीरत सिंह, इंद्रजीत सिंह, रविंद्र यादव, हरजिंदर सिंह, अमरीक सिंह आदि मौजूद रहे।


मंडी समिति में एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता।

- **बोले- रेट गिराने के लिए साठा धान को लेकर उड़ाई गई अफवाह**

### ई-रिक्शा पलटा आठ घायल

**माधोटांडा, अमृत विचार** : शादी समारोह से वापस लौट रहे परिवार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार आठ लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण की मदद से घायलों को सीएचसी भिजवाया गया। तीन वर्षीय मासूम की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर हादसा हुआ। गांव गुलाब टांडा निवासी इसरार की पत्नी रवीना, तीन वर्षीय पुत्र मुशाहिद, जेठानी नसीम बेगम समेत आठ लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। सभी लोग दोपहर 3 बजे ई-रिक्शा में सवार होकर घर जा रहे थे। सुखदासपुर के पास ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। घायलों को सीएचसी भिजवाया। जहां मासूम मुशाहिद की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों का इलाज सीएचसी में चल रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की।

# सालों से एक ही चौकीदार संभाल रहा काम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** तीन साल से बंद चल रहे पीडब्ल्यूडी के डिपो से कोलतार निकलने का मामला उजागर होने के बाद भले ही जिम्मेदारों ने सही करार दे दिया हो, लेकिन विभाग में खलबली मची हुई है। आधे-अधूरे जवाबों के चलते तस्वीर साफ नहीं हो सकी है। वहीं, बताते हैं कि इस पूरे खेल के पीछे एक चौकीदार, एक जेई और एक कथित ठेकदार की भूमिका अहम बताई जा रही है। यह भी सवाल उठाए जा रहे हैं कि मानसून के बीच कोलतार का इस्तेमाल कैसे किया जा रहा है।

बता दें कि नकटादाना चौराहा के पास लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड का कोलतार डिपो बना हुआ है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, शासन ने वर्ष 2022 में लोक निर्माण विभाग के गोदामों से कोलतार बिक्री पर रोक लगा दी थी। शासन के आदेश के बाद लोक निर्माण विभाग की दोनों शाखाओं द्वारा गोदामों में स्टॉक का समायोजन करते हुए इसकी रिपोर्ट भेज दी थी। गोदामों से कोलतार बिक्री पर रोक लगा दी गई। बीते साल भी बंद गोदाम से कोलतार निकलने के बाद सवाल उठे कि इसे चोरी छिपे ठेकेदारों को मुहैया कराया जा रहा है।इधर, अब दोबारा से गोदाम में कोलतार का स्टॉक है। बिना मोहर के चौकीदार के हस्ताक्षर पर कोलतार की खेप गोदाम से निकल रही है।

एक्सईएन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड संजीव जैन का कहना था कि विभागीय स्तर पर मई माह में 61.16 लाख रुपये की लागत से 115 मीट्रिक टन कोलतार की खरीद की गई थी। वही, गोदाम से जेई के माध्यम से साइट पर पहुंचाया जाता है। इसका कोई शुल्क नहीं लिया जाता। मगर, इसका कोई रिकार्ड जिम्मेदार नहीं बता पा रहे। 28 सड़कों के लिए कोलतार मुहैया कराने की बात कही जा रही है। जबकि अधिकारियों के किए जा रहे दावों पर इसी से जुड़े लोग सवाल उठा रहे हैं और एक खेल की तरफ इशारा कर रहे हैं। हालांकि पूरी तरह से तस्वीर साफ नहीं है।

बताते हैं कि जिस चौकीदार के हस्ताक्षर से ये खेप निकाली जा रही है। वह लंबे अरसे से यहां पर तैनात है। कुछ विभागीय कर्मियों की मानें तो, उसकी पहले भी शिकायतें हो चुकी है। इसके अलावा एक जेई और कथित ठेकेदार की भूमिका अहम बताई जा रही है। बताते हैं कि पूर्व में भी शोर मचा तो इसे बमुश्किल शांत करा दिया गया था। एक्सईएन निर्माण खंड संजीव जैन का कहना है कि जिस कर्मचारी के हस्ताक्षर है, वह दस साल से अधिक समय से तैनात है। उनके कार्यकाल से पहले से ही उनकी तैनाती चल रही है। यह भी दावा किया है कि किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं है।

### कोलतार का खेल


चार पहिया वाहन से ले जाया जा रहा कोलतार।

- **पीडब्ल्यूडी के नकटादाना चौराहा स्थित बंद डिपो से कोलतार निकलने का मामला**
- **उठते सवालों के बीच आधे अधूरे जवाब, तस्वीर कैसे हो साफ**

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# किताबों का सत्यापन पूरा, 1 जुलाई से स्कूलों में कराई जाएंगी वितरित

## शैक्षिक सत्र शुरू होने के बाद कक्षा एक से तीन तक की किताबों की नहीं हो सकी थी सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

• 81 हजार से अधिक किताबों की पहुंची खेप, बीएसए ने वितरण करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार** : शैक्षिक सत्र की शुरुआत के बाद भी प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को किताबों के इंतजार में खाली हाथ स्कूल जाना पड़ रहा था, मगर अब वह इंतजार खत्म होने वाला है। जिले में कक्षा एक से तीन तक की पुस्तकें आखिरकार पहुंच गई हैं। 60,864 बच्चों की किताबों की खेप का सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है। इसे अब 1 जुलाई से वितरित किया जाएगा। बीएसए ने वितरण प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

जनपद में परिषदीय विद्यालयों की संख्या 1508 हैं। इनमें 291 कंपोजिट, 928 प्राथमिक और 280 उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित होते हैं। इसके अलावा नौ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भी शामिल हैं। इनमें 18 स्कूलों का संचालन नगरीय क्षेत्र में किया जा रहा है। इन सभी स्कूलों में कक्षा चार से आठ में 1.15 लाख और कक्षा एक से तीन में 60864 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इस बार स्कूल खुलने से पहले ही कक्षा चार से आठ तक के छात्र-छात्राओं को किताबें मुहैया कराने के लिए खरीद कर ली गई थी। फरवरी में सत्यापन करने के बाद मार्च में ही किताबों को वितरण कर दिया गया था, जिस वजह से पहले दिन कक्षा चार से आठ तक के छात्र-छात्राओं के हाथों में किताबें दिखाई दीं, लेकिन कक्षा एक से तीन तक के छात्र-छात्राएं अभी भी खाली हाथ थे। या फिर पुरानी किताबों से पढ़ाई करनी पड़ रही थी है, जबकि किताबों का ऑर्डर लगे कई माह बीत चुके हैं। जनपद में कक्षा एक से तीन तक के 60,864 बच्चों के लिए किताबें आनी थी। मगर किताबें नहीं मिल सकी और गर्मी की छुट्टियां पड़ गई। अब स्कूल एक जुलाई को खुलेंगे। जिम्मेदारों का तर्क है कि इस बार कक्षा एक से तीन में एनसीईआरटी की किताबें संचालित करने का आदेश आया है, जिसका आदेश भी 20 मार्च को आया था। आदेश मिलते ही 22 मार्च को फर्म को वर्क ऑर्डर जारी किया गया था। इसलिए किताबों में देरी हुई। हालांकि समर कैंप के दौरान किताबों की खेप पहुंचनी शुरू हो गई, जिनका सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इन्हें बीआरसी पर भिजवा दिया है। 16 जून से शिक्षकों को स्कूल आने के निर्देश दिए गए थे, ताकि किताबों को स्कूल तक पहुंचाया जा सके। जब 1 जुलाई को स्कूल खुलेंगे तो बच्चों को नई किताबें भी वितरण की जाएगी।

### नौ दिन बाद खुलेंगे स्कूल, बच्चों का होगा स्वागत

51 दिनों की छुट्टियों के बाद 1 जुलाई को परिषदीय विद्यालयों के द्वार बच्चों के लिए खुलेंगे। इसको लेकर बीएसए ने स्कूलों में खास तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि 16 जून से ही शिक्षक स्कूल जा रहे हैं, जहां स्कूल और अन्य कार्यों को पूरा कराया जा रहा है, ताकि शैक्षिक सत्र के बीच कोई समस्या न होने पाए। एक जुलाई को बच्चों के लिए स्कूलों को रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया जाएगा। साथ ही उनका तिलक लगाकर स्वागत भी किया जाएगा। इसको लेकर शिक्षक तैयारियों में जुटे हुए हैं।

‘ कक्षा चार से आठ की किताबें तो पहले ही वितरित करा दी गई थी। कक्षा एक से तीन की किताबें भी आ गई है, जिनका सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है। अब बीआरसी से स्कूलों को खेप भेजी जा रही है, जो 1 जुलाई को बच्चों को वितरण की जाएंगी। छुट्टियों के बाद स्कूलों में शैक्षिक सत्र शुरू हो जाएगा। इसको लेकर समस्त प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया जा चुका है। – **अमित कुमार सिंह**, बीएसए

# पुलिसकर्मियों पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप

संवाददाता, पूरनपुर

• ग्रामीण और पुलिस की नोकझोंक का वीडियो वायरल
• सीओ से की गई शिकायत कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार**: एक्सीडेंट के बाद एक युवक के साथ हुई मारपीट की जांच करने पहुंची पुलिस की ग्रामीणों से नोक झोंक हो गई। इस दौरान महिला ने पुलिस पर पिटाई करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों के विरोध के बाद पुलिस मौके से चली गई। महिला के परिजनों ने मामले की शिकायत सीओ से की है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव जादमपुर का रहने वाला युवक दो दिन पहले बाइक से जा रहा था। गोरा गांव में उसकी बाइक से एक बालक के चोट लग गई। इस दौरान विवाद हुआ। आरोप है कि कुछ लोगों ने उसकी बाइक छीन ली। युवक ने पुलिस से मामले की शिकायत करते हुए कुछ लोगों पर मारपीट कर बाइक छीनने का आरोप लगाया। रविवार को सेहरामऊ उत्तरी थाने के दो पुलिसकर्मी गोरा गांव में मामले की जांच करने पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस का विरोध शुरू कर दिया। पुलिस और ग्रामीणों में काफी देर तक नोक झोंक होती रही। ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों का वीडियो बनाया तो वह बचते नजर आए। बाइक छोड़कर पुलिसकर्मी गांव से बाहर निकल गए। इस दौरान एक महिला ने पुलिसकर्मियों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया। वीडियो बनने के बाद पुलिसकर्मी बाइक छोड़कर चले गए। उन्होंने अपनी नेम प्लेट छिपा ली। मामले के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें एक महिला के हाथ से खून निकल रहा है। घायल महिला को लेकर उसके परिजन सीओ के पास पहुंचे। उन्होंने सीओ को दिए शिकायती पत्र में पुलिस पर घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। सीओ ने मामले की जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। हालांकि थाना सेहरामऊ उत्तरी इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि एक्सीडेंट के दौरान हुई मारपीट के मामले की पुलिस जांच करने गई थी। इस दौरान कुछ लोग दबाव बनाने के लिए नोक झोंक कर रहे थे।

# शावकों संग बाघिन दिखाई देने की सूचना पर बढ़ाई गई निगरानी

• ग्राम भिंडारा के नजदीक भगतनिया फॉर्म के पास देखी गई तो पहुंची टीम

संवाददाता, मझोला


बाघिन के बारे में ग्रामीणों से जानकारी करती वन दरोगा सोनी सिंह।

**अमृत विचार**: भगतनिया फार्म व आसपास के खेतों पर बाघिन की चहलकदमी बनी हुई है। उसके साथ दो शावक होने की बात भी कही जा रही है, जिससे ग्रामीण दहशत में हैं।

बता दें कि दो शावकों के साथ बाघिन ग्राम भिंडारा के निकट भगतनिया फार्म के आसपास देखी जा रही है। हरदीप सिंह के खेत में बाघिन अपने शावकों के साथ दिखी तो बीते दिनों मजदूरों दौड़ लगा दी थी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पगचिह्न ट्रेस किए। बता दें कि जंगल से निकलकर देवहा नदी के आसपास वन्यजीवों की चहलकदमी बनी रहती है। कई बार जंगली सूअर किसानों की फसल बर्बाद करते हैं तो कभी तेंदुए और बाघ पशुओं को निवाला बनाते हैं। भिंडारा निवासी हरदीप सिंह ने बताया कि शनिवार को खेत में मजदूर धान की रोपाई कर रहे थे। इस दौरान दो शावकों के साथ एक बाघिन गन्ने के खेत से निकलकर सामने आ गई थी। इसकी सूचना नगर अध्यक्ष गुलड़िया भिंडारा निशांत प्रताप सिंह वन विभाग को दी। इस पर वन दरोगा सोनी सिंह, राजीव ढाली, प्रमोद कुमार आदि आए थे। वन दरोगा सोनी सिंह ने बताया कि निगरानी बढ़ा दी गई है।

# पुलिस ने लापता बच्चों को परिवार को सौंपा

**बीसलपुर, अमृत विचार**: रहस्यमय ढंग से लापता हुए तीन बच्चों को पुलिस ने सूचना के 24 घंटे के भीतर तलाश लिया। तीनों को परिवार के सुपुर्द कर दिया है। बता दें कि शनिवार को ग्राम नगीपुर अखौला निवासी रामदीनप और नन्ही देवी ने पुलिस को सूचना दी थी, जिसमें बताया था कि 15 जून को रामदीन का दस वर्षीय पुत्र धर्मपाल, नन्ही देवी के दो बच्चे 12 वर्षीय मोहित और 13 वर्षीय श्रीकृष्ण रहस्यमय ढंग से लापता हो गए। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की और छानबीन शुरू कर दी। विवेचक हशमत अली ने मौके पर जाकर पड़ताल की और कई जगह जानकारी की गई। सीसीटीवी फुटेज भी चेक की गई, जिसके बाद तीनों बच्चों को बीसलपुर रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि बच्चों को उनके परिवार के सुपुर्द कर दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### संयुक्त निदेशक का किया सम्मान



**पीलीभीत, अमृत विचार** : बालाजी निजी आईटीआई में संयुक्त निदेशक बरेली मंडल पुरुषोत्तम मिश्रा के आगामी रिटायरमेंट में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रबंधक दीपक सक्सेना, संरक्षक हरिओम चौधरी ने संयुक्त निदेशक को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और स्मृति चिह्न भेंट किया। इस मौके पर राजकीय औद्योगिक संस्थान पीलीभीत के फोरमैन अजय, अनुज, नितेश, अजय श्रीवास्तव, आशीष चौहान आदि स्टाफ मौजूद रहे। बालाजी आईटीआई के प्रधानाचार्य विकास सक्सेना ने संयुक्त निदेशक का आभार व्यक्त किया।

### बुराइयां छोड़ने का लिया संकल्प, डालीं आहुतियां



**बीसलपुर, अमृत विचार** : गायत्री शक्तिपीठ में विश्व शांति व जनकल्याण के लिए पांच कुण्डीय गायत्री यज्ञ व गोष्ठी रविवार को हुई। बड़ी संख्या में गायत्री परिवार से जुड़े लोग पहुंचे और आहुतियां दी। बुराइयों को छोड़ने का संकल्प लिया। यज्ञ परिव्राजक राजेंद्र कुमार ने सम्पन्न कराया। गायत्री परिवार ट्रस्ट बीसलपुर के मुख्य प्रबन्ध ट्रस्टी सत्यपाल सिंह यादव ने विचर रखे। बड़ी संख्या में लोगों ने गायत्री परिवार से जुड़कर कार्य करने का संकल्प लिया। यज्ञ में आहुतियां लगाकर विश्व कल्याण की कामना की गई।

### फिर उठा सतभैया बाबा की यज्ञशाला तोड़ने का मामला

**पूरनपुर, अमृत विचार** : सतभैया बाबा धार्मिक स्थल की तोड़ी गई यज्ञशाला को लेकर महंत ने केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद को पत्र सौंपा है। इसमें रेलवे के जिम्मेदारों पर मनमानी का आरोप लगाया गया। महंत ने तोड़ी गई यज्ञशाला और यात्री शेड का फिर से निर्माण कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के गांव धर्मापुर खुर्द में दुधिया खुर्द रेलवे स्टेशन के पास सतभैया बाबा धार्मिक स्थल है। इस स्थल पर आसपास के क्षेत्र के अलावा दर्जनों गांव के लोगों की आस्था है। अमावस्या और पूर्णिमा को इस धार्मिक स्थल पर सैकड़ों लोग पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं। बीते 3 मई को रेलवे के अधिकारियों ने मंदिर परिसर में बनी यज्ञशाला यात्री शेड और श्रद्धालुओं के पानी पीने के लिए लगाए गए नल जेसीबी मशीन से तोड़ दिए थे। इससे लोगों में आक्रोश भड़क गया था। शिकायत के बाद एसडीएम कार्यालय में ग्रामीणों की रेलवे अधिकारियों के साथ वार्ता हुई थी जिसमें यज्ञशाला और यात्री शेड फिर से बनवाने के लिए कहा गया। रेलवे अधिकारियों के आश्वाशन के बाद ग्रामीणों ने 11 मई को यज्ञशाला का निर्माण खुद ही शुरू करा दिया था। जानकारी लगते ही जीआरपी मौके पर पहुंच गई और उसने निर्माण रुकवा दिया।

# पति समेत चार के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार**: अनुपम की मौत के मामले में पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। हरदोई जिले के थाना बेहटा गोकुल के गांव हसनापुर निवासी कमलेश कुमार ने जलालाबाद थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी पुत्री अनुपमा की शादी चार साल पहले मंजेश निवासी भूड़िया भूड़ थाना जलालाबाद के साथ की थी। ससुराल वालों से प्रताड़ित होकर उसकी पुत्री ने 17 जून को जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी।

# पैसे दोगुना करने के बहाने 10 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

• नौ लोगों के खिलाफ सुनगढ़ी पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार** : रुपये दोगुना करने का झांसा देकर जालसाजों ने तीन लोगों को अपने जाल में फंसा लिया। जिसके बाद आरोपियों ने करीब 10 लाख रुपये ठग लिए। काफी समय बीतने के बाद भी रुपये वापस नहीं किए। जब उन्होंने रुपये देने के लिए कहा तो आरोपियों ने धमकाना शुरू कर दिया। इस पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर नौ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया निवासी सुमित सक्सेना पुत्र विनोद कुमार सक्सेना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दिसंबर 2022 में उसकी मुलाकात नौगवां चौराहे के समीप रिंकू और लालू नाम के युवकों से हुई थी। उक्त युवकों ने उसको रुपये दोगुना कराने का झांसा दिया। उनके झांसे में आकर उसने चार लाख रुपये और तिलकराम पुत्र नेवाराम निवासी ग्राम महचंदी गौटिया पोस्ट सखौला चौकी धनकुना थाना न्यूरिया ने दो लाख सत्तर हजार रुपये, राजेश पुत्र प्रेमचंद निवासी मोहल्ला नई बस्ती रणजीत सिंह कालोनी ने तीन लाख साठ हजार रुपय दे दिए। उक्त सभी लोगों ने जनवरी 2023 में आरोपियों को रुपये दिए। उक्त दोनों आरोपियो रिंकू और लालू के साथ फुरकान व उसका भाई जीशान पुत्रगण अजामुद्दीन निवासीगण ग्राम टोडरपुर थाना न्यूरिया, दीपक कश्यप, प्रदीप कश्यप पुत्रगण शिवराज व प्रेमवती पत्नी शिवराज निवासी नौगवां पकडिया, गुड्डू साहनी व भोला साहनी पुत्रगण सुम्मेर साहनी, निवासीगण ग्राम नौसर खटीमा जिला ऊधम सिंह नगर उत्तराखण्ड मौजूद थे। कुछ समय बाद दोगुने रुपये करने का झांसा दिया गया, लेकिन रुपये वापस नहीं किए गए। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। सुनगढ़ी पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

# माधोटांडा रजवाहा नहर में रिसाव से खलबली, 30 फुट तक कटी साइफन

संवाददाता, माधोटांडा (पीलीभीत)


कटी साइफन नहर व पुल की पटरी। • अमृत विचार

• फसलों की सिंचाई ठप, मरम्मत में जुटा सिंचाई विभाग

**अमृत विचार** : माधोटांडा क्षेत्र में स्थित हरदोई ब्रांच से निकलने वाली माधोटांडा रजवाहा नहर में रविवार सुबह अचानक रिसाव शुरू हो गया। कुछ ही समय में नहर करीब 30 फुट दायरे में कट गई, जिससे पानी नीचे से गुजर रही खारजा नहर में समा गई। स्थिति गंभीर देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग के अफसर और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। रिसाव होने से पुल पर भी खतरा मंडराने लगा है।

बता दें कि हरदोई ब्रांच नहर से निकलने वाले रजवाहा नहर करीब काफी पुरानी है। इस नहर के नीचे से खारजा नहर गुजरती है, जिस पर साइफन पुल बना हुआ है। यह रजवाहा नहर कलीनगर और पूरनपुर क्षेत्र की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि की जीवनरेखा मानी जाती है। रविवार सुबह साइफन पुल के पास नहर में रिसाव शुरू हुआ और कुछ मिनटों में नहर कट गई। करीब 30 फुट दायरे में नहर पुरी तरह कट गई। इससे नहर का पानी नीचे से गुजर रहे खारजा नहर में जाने लगा। इससे क्षेत्र के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर सिंचाई विभाग के अभियंता मौके पर पहुंच गए। नहर को बंद करा दिया गया। नहर कटने से पुल की संरचना पर भी खतरा मंडराने लगा है। सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग के अभियंताओं की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल प्रभाव से नहर को बंद कर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया। किसानों का कहना है कि इस समय धान की बोवाई का सीजन चल रहा है और पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। नहर कटने से उनकी तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। इधर, सिंचाई विभाग इसकी मरम्मत में जुटा हुआ है। जल्द ही जलापूर्ति बहाल किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

स्थानीय किसानों का कहना है कि सिंचाई ठप होने से हजारों एकड़ फसल प्रभावित हो गई है। बता दें कि एक दिन पूर्व अमरिया क्षेत्र में मझोला मार्ग पर बने ड्यूनी बैराज से निकली देवहा बैगुल फीडर की नहर की आधी दीवार अचानक नहर में समा गई थी। इससे कई गांवों की आवाजाही पर आंशिक असर पड़ा है। इस मामले में डीएम ने एसडीएम से रिपोर्ट मांगी है, जिसके बाद तहसीलदार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अस्थायी रूप से आवागमन को रुकवा कर एहतियातन बोरियां लगवाई। इस पुल से फरदिया, भूड़ा कैमोर, तिकुनियां नसीर हर्रायपुर, बढ़ेपुरा आदि के ग्रामीण अमरिया सितारगंज को जाने वाले राहगीर इसी पुल से सफर करते थे, जिन्हें अब दिक्कत हो रही है।

## एक नजर

### जमीन की रंजिश में किसान को पीटा

**धौरहरा, अमृत विचार :** ईसानगर थाना क्षेत्र के दामूबेहड़ एक गांव निवासी पैरूलाल को जमीन की रंजिश के चलते आरोपी अन्नू लाल, दीपू, किशोरी लाल, बदलू निवासी दामूबेहड़ में उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। विरोध करने पर उसकी लाठी-डंडे से पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रधानपति पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सदर ब्लॉक की ग्राम पंचायत करनपुर की पंचायत सहायक प्रिया देवी पुत्री संजय कुमार ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में कहा है कि प्रधान रिंकी देवी के पति विवेक प्रजापति गांव की प्रधानी के सारे कामकाज देखते हैं। वह आये दिन पंचायत के कार्यों में व्यवधान डालकर गाली गलौच और अभद्र व्यवहार करते हैं। साथ ही उसे हटाकर अपने परिवार की पंचायत सहायक बनाने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़िता ने अधिकारियों से जांच कराकर प्रधानपति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# जल निकासी के नहीं इंतजाम, जलभराव से फैलेगा डेंगू और मलेरिया

## बारिश से पहले ही मिल चुके हैं मलेरिया के 137 व डेंगू के 12 मरीज, कांशीराम कॉलोनी वासियों को मुसीबत बना गंदगी का अंबार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** शहर से लेकर कस्बों और गांवों में जल निकासी के पर्याप्त इंतजाम नहीं है। यही वजह है कि बारिश में जगह-जगह जलभराव होता है और फिर इसमें मच्छर पनपते हैं। जो मलेरिया से लेकर डेंगू बुखार का कारण बनते हैं। जिले में स्थिति यह है कि जनवरी से अब तक 137 लोग मलेरिया और 12 लोग डेंगू की गिरफ्त में आ चुके हैं। जबकि बरसात का मौसम अभी शेष है। इसके बावजूद न तो शहर में जल निकासी की व्यवस्था को लेकर जिम्मेदार गंभीर हैं और न ही कस्बों और गांवों में। ऐसे में इस साल फिर जलभराव में मच्छर पनपकर लोगों के लिए मुसीबत खड़ी करेंगे।

जिले में हर साल बारिश के मौसम में मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिसकी वजह नाले-नालियों की सफाई न होने से लेकर जल निकासी का उचित प्रबंध न होना है। यही कारण है कि नाले नालियों से इकठ्ठा गंदगी और जलभराव में मच्छर पनपकर जिलेवासियों के लिए मुसीबत बनते हैं। हालांकि डेंगू और मलेरिया का प्रकोप बारिश के मौसम में अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि जगह-जगह पर जलभराव, तापमान में गिरावट एवं नमी डेंगू और मलेरिया के लार्वा के पनपने के अनुकूल रहता है। जल निकासी का उचित प्रबंध कर मच्छरों की तादाद पर अंकुश लगाकर बीमारियां बढ़ने की संभावनाओं को कम किया जा सकता है।



ग्राम पंचायत भानपुर में पिछले कई दिनों से रास्ते में भरा पानी। ● अमृत विचार



कृष्णा टॉकीज के पास कांशीराम कॉलोनी के पीछे जमा गंदगी। ● अमृत विचार



जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर बताते हैं कि 10 से 12 दिन तक जलभराव रहने से मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है, क्योंकि मादा मच्छर ठहरे हुए पानी में अंडे देती है। जो 24 से 48 घंटों में फूटकर लार्वा पानी में रहते हैं। करीब एक सप्ताह या 10 दिन बाद लार्वा प्यूपा में बदल जाते हैं। प्यूपा अवस्था के करीब तीन दिन बाद वयस्क मच्छर निकलते हैं। नर मच्छर आमतौर पर एक से दो सप्ताह और मादा मच्छर एक से डेढ़ माह तक जीवित रह सकती है। इसलिए जलभराव होने पर जला मोबिल ऑयल आदि डाल दें। इससे पानी पर तेल की परत जमने से लार्वा नष्ट हो जाएंगे।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर बीमारियों से पाएं निजात



क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरवंश बताते हैं कि बारिश में मौसम में फ्लू व सर्दी के मामले 30 फीसदी तक बढ़ जाते हैं। साथ ही डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, वायरल फीवर का भी खतरा बढ़ जाता है। इन रोगों का जोखिम उन लोगों में अधिक रहता है, जिनकी इम्यूनिटी कमजोर होती है। रोग प्रतिरोधक क्षमता, शरीर की वह क्षमता है जो रोगों से लेकर संक्रमणों से लड़ने में मदद करती है। इसके लिए बारिश के मौसम में खाने में लहसुन, अदरक, हल्दी, इलायची, जायफल, काली मिर्च और दालचीनी आदि मसाले शामिल करें। यह एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी- इंफ्लेमेटरी, एंटीवायरस, एंटीमाइक्रोबियल और प्रतिरक्षा-बढ़ाने वाले गुणों से भरपूर होते हैं।

### मार्च के बाद बढ़ा मलेरिया बुखार

जिले में 31 मार्च तक मलेरिया के सात मरीज थे। जबकि डेंगू रोगियों की संख्या शून्य थी। अप्रैल और मई में हुई बरसात से मलेरिया एवं डेंगू के रोगियों में जबरदस्त इजफा हुआ है। एक अप्रैल से 20 जून तक यानि 80 दिनों में 130 लोग मलेरिया और 12 लोग डेंगू बुखार की चपेट में आए हैं।

> मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग कराई जाती है। मच्छर जनित रोगों का पनपने से रोकने के लिए जुलाई को विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह के रूप में मनाया जाएगा। -**अभिषेक कुमार**, सीडीओ।

| साल | मलेरिया | डेंगू |
|---|---|---|
| 2021 | 115 | 58 |
| 2022 | 103 | 85 |
| 2023 | 298 | 305 |
| 2024 | 614 | 306 |
| 2025 | 137 | 12 |

साल 2025 के आंकड़े 20 जून तक के हैं।

### इस तरह मच्छरों को पनपने से रोकें

- बारिश में घर की छत से लेकर आसपास पानी न जमा होने दें।
- रात में सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।
- डेंगू का मच्छर दिन में काटता है। इसलिए दिन में सतर्क रहें।
- घर में कूलर का पानी तीन से चार दिन में बदलते रहें।
- जलभराव वाली जगह पर जला मोबिल ऑयल आदि डाल दें, ताकि लार्वा नष्ट हो जाएं।

# परिवार परामर्श केंद्र से एक साथ विदा हुए आठ जोड़े



महिला थाने में सुलह समझौता करातीं थाना प्रभारी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** रविवार को महिला थाने में सुलह समझौता कराकर आठ जोड़ो की विदाई कराई गई। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रद्धा सिंह ने बताया कि काउंसलरों की मदद से से 14 पारिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास किया है। इसमें से आठ जोड़ों की विदाई कराई गई।

उन्होंने बताया कि काउंसलर कुसुम गुप्ता आदि की मौजूदगी में दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साक्षी गृहस्थी में समस्याओं को लेकर 14 शिकायती प्रार्थना पत्र आए थे। इनमें से आठ जोड़ों को एक साथ विदा कराया। सुलह कराकर विदाई कराने में महिला आरक्षी सारिका चौहान, बबली पवार आदि मौजूद रहीं।

## मगरमच्छ ने पालतू कुत्ते को बनाया निवाला

**पलिया कलां, अमृत विचार:** पलिया -भीरा के बीच बह रही शारदा नदी के निकटवर्ती गांव दौलतापुर में रेल लाइन के किनारे भरे पानी से निकले एक मगरमच्छ ने पालतू कुत्ते पर हमला कर दिया और उसे अपना निवाला बना लिया।

शारदा नदी से निकल कर आया एक मगरमच्छ कचनारा होकर गुजरी मैलानी- नानपारा रेल लाइन के निकट भरे पानी में इन दिनों डेरा जमाये हुए है। शनिवार को गांव के रफीक अहमद जब रेल लाइन के किनारे अपने खेत को जा रहा थे। तभी उनका पालतू कुत्ता भी पीछे-पीछे चला गया। रेल लाइन किनारे भरे पानी से बाहर घात लगाए बैठे मगरमच्छ ने कुत्ते पर हमला कर उसे पानी में खींच ले गया और उसको अपना निवाला बना लिया। यह देख पशुपालक के होश उड़ गए। घटना के बाद से लोग अब रेल लाइन किनारे जाने से कतराने लगे हैं।

# बाढ़ की आशंका को लेकर तैयारी शुरू

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** जिले में संभावित बाढ़ संकट से पहले ही प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पांच संवेदनशील तहसीलों में 26 जून को बाढ़ मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्णय लिया है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नरेंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार शाम कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समन्वय बैठक की और तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की।

एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मॉक ड्रिल को औपचारिकता मानने की भूल न की जाए। यह एक यथार्थपरक, सामूहिक और तत्काल प्रतिक्रिया क्षमता का टेस्ट होगा। उन्होंने कहा कि राहत सामग्री, नावों, बचाव उपकरणों, मेडिकल टीमों, हेल्पलाइन नंबरों, और 24 घंटे कंट्रोल रूम की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए ताकि आपात स्थिति में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। सभी विभागों को समन्वय से काम करने और पूर्वाभ्यास को यथासंभव यथार्थ के निकटतम परिदृश्य में आयोजित करने के निर्देश दिए गए। ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, बाढ़ प्रभावित बस्तियों की पहचान, वैकल्पिक शरणस्थल, और राहत वितरण के केंद्र चिह्नित किए जाएंगे। बैठक में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, सीवीओ डॉ. दिनेश सचान, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह, विनोद गुप्ता, रत्नाकर मिश्रा, राजीव कुमार निगम राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह। ● अमृत विचार

- **पांच संवेदनशील तहसीलों में प्रशासन कराएगा मॉक ड्रिल**

## हल्की बारिश के बाद बढ़ी उमस से जनमानस रहा बेहाल

**भीरा, अमृत विचार:** बीते दिन हुई हल्की वर्षा के बाद चिलचिलाती गर्मी से जनमानस बेहाल है। सड़कों के किनारे पेड़ की छाया में रुकने पर मजबूर हो रहा है।

जून माह की तन को झुलसा देने वाली गर्मी के बीच आसमान में आए बादलों में हल्की बरसात से लोगों को कुछ समय के लिए गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन दूसरे दिन आसमान में बादलों के जाने के बाद तेज धूप के कारण तन को झुलसाने वाली गर्मी फिर से पड़ने लगी है।

अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंचने से लोग पेड़ों की छांव का सहारा लेने पर मजबूर है। इस उमस भरी गर्मी के कारण दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है।

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40%
(in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

# मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने को 46 बाघ मित्र तैनात

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन में मानव-वन्य जीव संघर्ष रोकने के लिए 46 प्रशिक्षित बाघ मित्रों की तैनाती की गई है। इनमें सर्वाधिक 18 बाघ मित्र उत्तर निघासन रेंज में तैनात किए गए हैं। इस रेंज का मंझरा पूरब का इलाका बाघों के हमले के लिए काफी आसान है। यह बाघ मित्र वन्यजीवों के मूवमेंट की जानकारी कर ग्रामीणों और वन अधिकारियों से साझा कर जागरुकता और संसाधनों से होने वाले हमलों को रोकेंगे।

बफर जोन का इलाका दुधवा नेशनल पार्क से सटा है। इससे दुधवा नेशनल पार्क से निकलकर बाघ, तेंदुआ, हिरण, भालू जैसे तमाम वन्यजीव बफर जोन में आते-जाते रहते हैं। बफर जोन से सटे खेतों में गन्ने आदि की फसल होने से हिंसक वन्य जीव इन खेतों को अपना ठिकाना बना लेते हैं और मानव-वन्य जीव के टकराव की घटनाएं होती रहती हैं।

बफर जोन का उत्तर निघासन, पलिया और संपूर्णानगर रेंज दुधवा नेशनल पार्क की सीमा से मिला हुआ है। बाघ अक्सर गन्ने के खेतों को अपना आशियाना बना लेते हैं। बाघों के मूवमेंट से सबसे अधिक बफर जोन का उत्तर निघासन, पलिया और मझगई रेंज प्रभावित होता है। जंगल से निकलकर गन्ने के खेतों में शरण लेने वाले बाघ खेतों में काम कर रहे लोगों और मवेशियों को शिकार बना लेते हैं। बफर जोन के अधिकारियों ने मानसून सत्र शुरू होने से पहले ही मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए रणनीति बनाई है। इसके लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व की तर्ज पर संवेदनशील क्षेत्रों में बाघ मित्रों को तैनात करने का निर्णय लिया गया है।

### बाघ मित्र बनने को कुल 103 आवेदन आए

बाघ मित्र बनने के इच्छुक युवाओं से आवेदन मांगे गए तो कुल 103 आवेदन आए। विभाग ने जब छंटनी की तो उनकी संख्या 46 रह गई। इन चयनित 46 युवाओं को विभाग चार प्रशिक्षण दे चुका है। अधिकारियों का कहना है कि बाघ मित्रों को वन्यजीवों के पैरों के निशान की पहचान कराने के साथ ही बाघ, तेंदुआ, सियार, भेड़िया, कुत्ता, लोमड़ी सहित हिंसक वन्य जीवों के बारे में प्रशिक्षित किया गया है। बाघ मित्र अपने गांवों और आसपास के क्षेत्रों पर नजर रखेंगे। ग्रामीणों की सूचना पर वह पगमार्क की पहचान कर ग्रामीणों को हकीकत की जानकारी देने के साथ ही क्षेत्र के वन कर्मियों को भी संबंधित वन्यजीव के मूवमेंट की सूचना देंगे। इससे सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अफवाहों पर ब्रेक लगेगा और ग्रामीणों को भी बेवजह डर का सामना नहीं करना पड़ेगा।

- **दुधवा के बफर जोन का उत्तर निघासन सबसे खतरनाक**
- **वन्यजीवों की निगरानी व हमले रोकने में बाघ मित्र करेंगे मदद**

> बाघों के हमलों को रोकने और वन्यजीवों के मूवमेंट की जानकारी के लिए 46 बाघ मित्र प्रशिक्षित किए गए हैं। बफर जोन में बाघ मित्र का मॉडल पीलीभीत टाइगर रिजर्व का लिया गया है। बाघ मित्रों को निर्देश दिए गए हैं कि वह क्षेत्र में रहकर वन्यजीवों के मूवमेंट पर नजर रखें। सबसे ज्यादा 18 बाघ मित्र उत्तर निघासन रेंज में तैनात किए गए हैं। -**सौरीष सहाय उप निदेशक**, बफर जोन।

# 20 घंटे बिजली न आने से परेशान रहे शहरवासी

- **जेई एवं एसडीओ ने नहीं उठाया फोन, उपभोक्ताओं में आक्रोश**

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** रविवार डान बास्को स्कूल के पास नहरिया पर लगा ट्रांसफार्मर खराब हो गया। इससे करीब 20 घंटे तक बिजली गुल रही। इससे रविवार को तमाम उपभोक्ता उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे।

शनिवार रात करीब नौ बजे डॉ. पवन गर्ग के पास वाले ट्रांसफॉर्मर में गड़बड़ी आने से इससे जुड़े मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। अधिकारियों ने न तो रात में मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाया और न ही रविवार को। ऐसे में इस ट्रांसफार्मर के करीब 100 से 150 उपभोक्ता रविवार दोपहर तक करीब 20 घंटे बिना बिजली के रहकर उमस भरी गर्मी से परेशान होते रहे। मोहल्लेवासियों के मुताबिक ट्रांसफार्मर में खराबी आने की सूचना देने के लिए फोन करना चाहा, लेकिन न तो जेई ने फोन उठाया और न ही एसडीओ ने। शनिवार रात से रविवार दोपहर तक बिजली न आने से लोग पेयजल तक के लिए तरस गए। वहीं इन्वर्टर के भी जवाब देने से उमस भरी गर्मी परेशान करती रही। हालांकि शाम पांच बजे बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस ली। जेई अमरदीप ने बताया कि ट्रांसफार्मर में खराबी आने की वजह से बिजली सप्लाई बाधित थी। हालांकि शाम पांच बजे बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26
स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
D. Pharma COLLEGE CODE : 2143/3059 B.El.Ed. D.El.Ed.(BTC) B.Ed.
Contact No.
9412287776, 9412288876
9412288878, 9457507777
चेयरमैन -
डा. हरीशंकर गंगवार
9412287777


**अनदेखी** — सहकारी गन्ना समिति का खाद स्टोर बन गया सार्वजनिक कूड़ा घर, किसान परेशान

# 20 वर्षों से रमुआपुर गोदाम पर नहीं आई खाद, गोदाम हुआ जर्जर

**संवाददाता, बिझौली**

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति के जिम्मेदार अधिकारियों और संचालक मंडल की उदासीनता से रमुआपुर में बना खाद गोदाम कूड़ाघर में तब्दील हो गया है। इस गोदाम पर 20 वर्षों से खाद नहीं आई है, जिससे क्षेत्र के किसान परेशान हो रहे हैं।

50 वर्ष पूर्व गन्ना समिति के तत्कालीन संचालक स्व. ठाकुर शिवरतन सिंह के प्रयासों से गन्ना विभाग द्वारा खाद गोदाम गांव रमुआपुर बिझौली में बनाया गया था। 20 वर्ष पहले क्षेत्र रजागंज उत्तरी व दक्षिणी के गन्ना किसानों को खाद यहीं से मिलती थी। स्टोर मेट स्थायी रहता था। गन्ना सुपरवाइजर और कामदार यहीं पर किसानों को मिलते थे, किसान उनसे अपनी समस्या बताते जिससे किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होती थी।



झाड़ियों में छिपा रमुआपुर में गन्ना समिति का खाद गोदाम। ● अमृत विचार

20 वर्षों से व्यवस्था ठप हो गई, भवन का जीर्णोद्धार भी नहीं किया गया। न तो कोई स्टोरमेट बना और न खाद ही आई। फलस्वरूप अब गोदाम मात्र एक कूड़ाघर बन गया है। पीपल व जंगली झाड़ियों ने गोदाम को अपने आगोश में ले लिया है। कई बार डेलीगेट द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिले। गोदाम का जीर्णोद्धार कराने का रिजल्ट शून्य रहा, जिससे एक कहावत सच साबित हुई कि वही ढाक के तीन पात। बस दो बार एक कर्मचारी आया, कूड़े को जला दिया, बताया कि अब इसका सुधार होगा। लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। क्षेत्र के किसानों ने नया खाद गोदाम बनाने और यहीं पर खाद दिलवाने की मांग की है।



रमुआपुर निवासी एसपी सिंह ने बताया कि वर्तमान में यूरिया खाद की किल्लत है। इस गोदाम से क्षेत्र के कई गांवों के किसान खाद ले जाते थे। अगर गन्ना विभाग का स्टोर दोबारा शुरू हो जाये तो क्षेत्र के किसानों को खाद की किल्लत नहीं होगी।



रमुआपुर निवासी शिक्षक व किसान श्याम सुंदर यादव का कहना है कि गन्ना विभाग का खाद गोदाम जब चलता था, तब खाद की कोई दिक्कत ही नही थी। अब लोग सहकारी समिति पर निर्भर हैं, जहां महीनों हो जाते हैं, समिति पर खाद ही नहीं आती है।



लखैया गांव निवासी काले सिंह का कहना है पहले लगता था कि गांव में खाद का गोदाम है। सब यही से खाद लिया करते थे लगभग 20 सालों से गन्ना विभाग ने ध्यान नही दिया इसलिए भवन खंडहर हो गया और अब खाद आना भी बंद हो गया।




रिटायर शिक्षक व किसान हरिपाल सिंह ने बताया कि हमारे क्षेत्र के किसानों को भरपूर खाद मिल सके, जिससे किसान अच्छी फसल पैदा कर सकें। अधिकारियों को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए। गोदाम बंद होने से किसानों का खाद पाना सपना ही रह गया।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरूष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक

डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)

डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

## जिसको दिया आश्रय वही आए दिन कर रहा मारपीट

**पलिया कलां, अमृत विचार :** पलिया-संपूर्णानगर मार्ग पर करीब 4 किलोमीटर दूर प्रसिद्ध गुदरिया बाबा मंदिर में दशकों से पूजा-पाठ कर रहे पुजारी गोपाल दास ने बताया कि उन्होंने जिस व्यक्ति को मंदिर में आश्रय दिया और प्रसाद व पूजन सामग्री बेचने के लिए खोखा रखवाया, वही अब उनके साथ आए दिन मारपीट कर भगा देना चाहता है। आरोप है कि शनिवार को भी उसने पुजारी की पिटाई कर दी। जिसकी फुटेज वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुजारी का आरोप है कि उसके डर से अब वे रात को मंदिर परिसर में न सोकर दूसरी जगह जाकर सोते हैं।

उन्होंने खोखा दुकानदार उत्तम पांडे से अपनी जान का खतरा बताते हुए क्षेत्र के नागरिकों से भी मदद की गुहार लगाई है। उधर, पलिया पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन 48 घंटे बाद भी एक सिपाही तक जांच पड़ताल करने मंदिर तक नहीं पहुंचा है। इससे लोगों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर रोष है।

# सभी आठ विस जिताने का लें संकल्प

### फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद ने पासी स्वाभिमान सम्मेलन में कार्यकर्ताओं से किया आह्वान

संवाददाता, लखीमपुर खीरी


पूर्व मंत्री स्व . बंशीधर राज की जयंती पर पासी स्वाभिमान सम्मेलन में पहुंचे अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद। • अमृत विचार

- पूर्व मंत्री दिवंगत बंशीधर राज बाबू के जयंती समारोह में सपा सांसद हुए शामिल

**अमृत विचारः** पूर्व मंत्री/पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व पासी समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. बंशीधर राज बाबू जी की जयंती पर पासी स्वाभिमान सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद ने उन्हें याद करते हुए कहा कि बाबूजी के कार्यों से प्रेरणा लें और उनके पद चिह्नों पर चलकर पार्टी को मजबूत करें। कहा कि बाबूजी की जयंती पर जिले की आठों विधानसभा जिताने का संकल्प लें। सभी कार्यकर्ता एकजुट हों और मिलजुलकर सपा की सरकार बनाएं।

पासी स्वाभिमान सम्मेलन का आयोजन छाउछ चौराहा स्थित मैरिज लॉन में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि केंद्र की सरकार 400 से ज्यादा सीटें जीतकर बनाने का सपना देख रहे थे, लेकिन गठजोड़ की सरकार बनाई हैं। कब गांठ खुल जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में जनता बेहाल है। अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि बाबूजी की जयंती पर संकल्प करके जाओ, जिसे पार्टी टिकट देगी, उसे हर हाल में जितवाकर भेजेंगे। जिले की हर विधानसभा जीतेगी तो सरकार बनेगी और सरकारी बनेगी तो हर कार्यकर्ता का सम्मान होगा।

कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मंत्री स्व. बाबूजी के बड़े पुत्र सपा के प्रदेश सचिव/पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉ. श्री कृष्ण राज पौत्र इंजीनियर अक्षय राज सनी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेश प्रताप राज ने किया। सभी अतिथियों एवं जिले के पासी समाज के प्रबुद्ध लोगों ने पासी समाज को शिक्षित और संगठित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सोरांव विधायक गीता पासी, पूर्व विधायक बालामऊ अनिल वर्मा, खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर, धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया, पूर्व सांसद जफर अली नकवी, पूर्व सांसद रवी प्रकाश वर्मा, दाऊद अहमद समेत पासी समाज के लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामपाल यादव और संचालन पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने किया। अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष जगदीश राज ने सभी का आभार जताया।

## अहमदनगर को हराकर लघुची टीम ने जीता फाइनल मैच

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** गांव छतौनिया में स्व. रामकुमार वर्मा की स्मृति में हुए सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला लगुची की टीम ने अहमदनगर को हराकर जीत लिया।

छितौनिया में हुए सात क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में लगुची की टीम ने 10 ओवर में 101 रन का लक्ष्य खड़ा कर दिया। जवाब में अहमदनगर की टीम 10 ओवर में 78 रन ही बना सकी। जिससे लघुची टीम ने फाइनल टूर्नामेंट में विजयश्री हासिल की। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री पटेल अशोक कनौजिया, व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष सतीश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी ने विजेता टीम को 11 हजार रुपये, ट्रॉफी एवं व्यक्तिगत पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। आयोजक रोहित वर्मा (फौजी) एवं अमन वर्मा ने दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं।

समापन समारोह में लंदनपुर प्रधान प्रतिनिधि आलोक जायसवाल, प्रधान मनोज राज, रामदीप वर्मा, गन्ना समिति के संचालक बृजकिशोर भारती, एआरपी बांकेगंज वीरेंद्र कुमार, अनुज वर्मा आदि मौजूद रहे।


छितौनिया में विजयी टीम के साथ अतिथि। • अमृत विचार

सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरुष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है

● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

## बैठक में प्रत्येक बूथ की मजबूती पर दिया जोर


मैलानी की बैठक में कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देते पूर्व विधायक विनय तिवारी।

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचारः** सपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रत्येक बूथ की मजबूती पर जोर दिया गया।

नगर में पूर्व विधायक विनय तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में बूथ अध्यक्षों को दिशा निर्देश देते हुए सपा के पूर्व महासचिव नरेश यादव, पूर्व विधायक विनय तिवारी ने आगामी पंचायत और विधान सभा चुनाव को लेकर चर्चा की। सभी कार्यकर्ताओं को लगन और मेहनत से काम करने को कहा।

नेताद्वय ने बूथ अध्यक्षों को अपने-अपने बूथ मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश दिए। बैठक में नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष अनीता यादव, जगदीश, तिसाम हुसैन सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सामाजिक समरसता को बढ़ाना विद्या भारती का उद्देश्य

संवाददाता, लखीमपुर खीरी


पंडित दीनदयाल कॉलेज में आयोजित प्रेसवार्ता में बोलते लखनऊ यूनिवर्सिटी के पत्रकारिता विभागाध्यक्ष डॉ . सौरभ मालवीय। • अमृत विचार

- प्रेसवार्ता में बोले क्षेत्रीय मंत्री डॉ. सौरभ मालवीय

**अमृत विचारः** पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज में रविवार को विद्या भारती की ओर से क्षेत्रीय वार्षिक कार्यशाला हुई, जिसमें क्षेत्रीय मंत्री एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभागाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में कहा कि विद्या भारती का उद्देश्य जाति वर्ग एवं क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर सामाजिक समरसता एवं एकता को बढ़ावा देना है। इसके लिए छात्रों को बुजुर्गों की सेवा करने एवं राष्ट्रीय संपत्ति का सरंक्षण करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभागाध्यक्ष डॉ. सौरभ मालवीय ने कहा कि विद्या भारती के स्कूलों में छात्रों को सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण सरंक्षण, नागरिक कर्तव्य बोध, भारतीय भाषा एवं संस्कृति का ज्ञान कराने के साथ उन्हें ज्ञानवान, चरित्रवान, प्रखर राष्ट्रभक्त बनाकर आपदा के समय लोगों की मदद करने के लिए तैयार करना है।

उन्होंने बताया कि विद्या भारती के देश के 684 जिलों में 12118 विद्यालय संचालित हैं। इनमें अध्ययन करने वाले 35.33 लाख छात्र-छात्राओं को करीब डेढ़ लाख शिक्षक शिक्षिकाएं शिक्षा दे रहे हैं। लखनऊ विद्यालय में छात्रों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए तर- तरह की गतिविधियां कराई जाती हैं।

प्रधानाचार्य एवं क्षेत्रीय प्रचार मंत्री डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यशाला में लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. किरनलता डंगवाल ने एआई, डीपफेंक, वेबसाइट, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम, मीडिया शिक्षक अंशुल मल्होत्रा ने फोटो ग्राफी जर्नलिज्म, लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मालवीय ने समाचार लेखन, क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमंचंद्र ने प्रचार-प्रसार आदि के बारे में जानकारी दी।

## कमजोर वर्ग का सशक्तिकरण जरूरी

संवाददाता, लखीमपुर खीरी



गोष्ठी में बोलते राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के महानिदेशक एवं वरिष्ठ आईएएस एल वेंकटेश्वर लू। • अमृत विचार

- विकसित भारत गोष्ठी में बोले वरिष्ठ आईएएस एलवेंकटेश्वर लू

**अमृत विचारः** जिला ग्राम्य विकास संस्थान में रविवार को कर्मयोग, अभ्युदय एवं विकसित भारत विषय पर गोष्ठी हुई। इसमें सामाजिक न्याय, स्वैच्छिक श्रमदान और कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण को राष्ट्र निर्माण का मूलमंत्र बताया गया।

गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के महानिदेशक एवं वरिष्ठ आईएएस एल वेंकटेश्वर लू ने किया। उन्होंने कहा कि कुपोषण की जड़ें मां की सेहत और परिवार नियोजन की अनदेखी में छिपी हैं। तीन से पांच साल के अंतराल पर बच्चों का जन्म होने जच्चा और बच्चा को कुपोषण से बचाया जा सकता है। उन्होंने अग्निवीर योजना में महिलाओं की भागीदारी और राजनैतिक नेतृत्व में महिला समूहों की सक्रियता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। वरिष्ठ आईएएस ने सामाजिक न्याय, स्वैच्छिक श्रमदान और कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण को राष्ट्र निर्माण का मूलमंत्र बताकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक संवेदनशीलता पहुंचाने की अपील की।

एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि कर्मयोग सेवा और समर्पण से ही पूरा होता है। गोष्ठी में जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. मनीष चंद्रा, एएसपी पवन गौतम, डीसी एनआरएलएम जितेन्द्र कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी धनंजय सिंह, वरिष्ठ प्रशिक्षक श्याम किशोर, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर जनार्दन बाबू मिश्रा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं एनआरएलएम की दीदियों की मौजूदगी रहीं।

## सरस्वती विद्या मंदिर साधारण सभा की बैठक संपन्न

संवाददाता, पलिया कलां

- संभाग निरीक्षक ने बैठक को संबोधित कर दिए कई टिप्स

**अमृत विचार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रबंध समिति की साधारण सभा की बैठक रविवार को कॉलेज सभागार में हुई। जिसे संभाग निरीक्षक सीतापुर के प्रमुख सुरेश सिंह सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

संभाग प्रमुख ने जहां विद्या भारती के गठन से लेकर अब तक का इतिहास एवं उपलब्धियां गिनाईं, वहीं उन्होंने विद्यालय के शैक्षिक उन्नयन के लिए अपने कई अनुभव टिप्स भी दिए। उन्होंने वर्तमान प्रबंध समिति के विगत वर्ष कराए गए विकास कार्यों की सराहना की।

विद्यालय प्रबंधक रामबचन तिवारी ने विगत शिक्षा सत्र में बनवाए गए कक्षा-कक्षों एवं कंप्यूटरों की व्यवस्था सहित अन्य विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह ने विद्यालय में छात्रों की बढ़ती संख्या, खेलकूद की उपलब्धियां तथा उत्तम परीक्षाफल के बारे में जानकारी दी। साधारण सभा के अध्यक्ष सुभाष चंद्र दास ने अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती व भारत माता के चित्रों पर दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन से हुआ।

समापन शांति पाठ से हुआ। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष चांद कुमार जैन, कृष्ण कुमार मालपानी, शिवपाल सिंह, हरीश अरोड़ा, अभिषेक शुक्ला, महेंद्र गुप्ता, प्रेम प्रकाश अग्रवाल एड., राजेंद्र तिवारी, विजय महेंद्रा ,रवि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## मोगा बाबा ने माना, नहीं निकालनी थी खाटू श्याम की शोभायात्रा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** श्री श्याम दीवाने सेवा समिति के सदस्यों के विरोध और एसडीएम को ज्ञापन देकर भ्रामक प्रचार-प्रसार करने वाले मोगा बाबा की जांच कराने पर मोगा बाबा ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा है कि अब वह भविष्य में इस प्रकार का कोई कार्य नहीं करेंगे, जिससे किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे।

नगर में 15 जून को मोगा बाबा द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में बाबा खाटू श्याम जी की एक भी छवि नजर नहीं आई, जिसको लेकर समिति के लोगों ने विरोध किया। श्री श्याम दीवाने सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि उन्हें मोगा बाबा की शोभायात्रा, उनके बिहारीपुर गांव स्थित धाम से आपत्ति नहीं है। समिति के लोगों को खाटू श्याम बाबा के नाम का भ्रामक प्रचार कर शोभायात्रा निकालने पर आपत्ति है। समिति के लोगों ने कहा कि गोरखनाथ बाबा सिद्ध पुरुष थे। उनके बारे में किसी को टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। समिति के सेवादारों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर जांच कराने की मांग की थी, जिस पर एसडीएम ने जांच का आश्वासन दिया था। रविवार को मोगा बाबा से समिति के मोहित गुप्ता, सुधीर गुप्ता, अजय गुप्ता, शिवम गुप्ता आदि सेवादारों से बाबा ने अपनी गलती मानते हुए कहा कि उनसे चूक हो गई। उन्हें केवल बरात निकालने की अनुमति थी, खाटू श्याम यात्रा निकालने की नहीं। अनिल जलोटा, दीपक राजपूत, मयंक माहेश्वरी, प्रमोद सोनी सहित समिति के सेवादार मौजूद रहे।

## नदी घाटों एवं पुलों से कूदकर घातक स्टंट करना जानलेवा

संवाददाता, कुकरा



लोगों को जागरूक करते नेकी की दीवार के पदाधिकारी और पुलिस। • अमृत विचार

- नेकी की दीवार संस्था ने चलाया जन जागरुकता अभियान

**अमृत विचारः** नेकी की दीवार संस्था ने थानाध्यक्ष माधौटांडा आशोक पाल के सहयोग से युवाओं में जागरुकता अभियान चलाकर घातक स्टंट न बनाने और गहरी नदियों में न नहाने के लिए जागरूक किया है।

यह जागरुकता अभियान बांकेगंज, मैलानी, पूरनपुर, पलिया, भीरा, माधौटांडा सहित नदी घाटों व प्रमुख पर्यटन स्थलों पर चलाया गया, जहां पुलिस और संस्था के कार्यकर्ताओं ने लोगों को इस खतरनाक प्रवृत्ति के प्रति सचेत किया और जीवन की सुरक्षा के महत्व पर बल दिया। इस नेक कार्य में बरेली के बीकॉम ऑनर्स के छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अभियान में नेकी की दीवार के संस्थापक अध्यक्ष गुरमेल सिंह, जिला कार्यक्रम संयोजक रिजवान अंसारी, सुप्रीत कौर, सीरतपाल कौर, तौहीद खान, करनजोत सिंह, करनप्रीत सिंह, शरद मिश्रा, देव शर्मा, वंश आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### चलती ट्रेन से गिरकर सीतापुर के युवक की मौत

**मैगलगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में कस्बा चपरतला के पास एक युवक चलती ट्रेन से नीचे गिर गया, जिससे उसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सीतापुर जिले के आलमनगर निवासी नितिन निगम (45) के रूप में हुई है। पुलिस ने परिवार वालों को हादसे की सूचना दे दी है। सीतापुर के आलमनगर निवासी नितिन निगम दिल्ली आनंद विहार एक्सप्रेस ट्रेन से जा रहे थे। चपरतला के निकट किसी तरह से असंतुलित होकर वह ट्रेन से नीचे गिर गए। इससे ट्रेन के नीचे आने से उनकी मौत हो गई। रविवार की सुबह सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल में दर्ज नंबरों पर कॉल की तो उसकी पहचान हुई। पुलिस ने हादसे की खबर परिजनों को दे दी है।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खीरी के गांव सहजनी निवासी हरिपाल (35) शनिवार की शाम घर से निकला था। उसके बाद वह घर वापस नहीं पहुंचा। देर शाम खेतों की तरफ से लौट रहे ग्रामीणों की नजर गांव के बाहर पेड़ से लटक रहे एक शव पर पड़ी। वह जब नजदीक पहुंचे तो देखा शव हरिपाल का था। उन्होंने घटना की जानकारी उसके परिवार वालों को दी। शव लटके होने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार वालों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत हो रही है। पुलिस छानबीन कर रही है।

### हत्या और वन अधिनियम में दो वारंटी गिरफ्तार

**मझगई, अमृत विचार :** थाना मझगईं के प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि पुलिस ने अलग-अलग मामलों के वारंटी बुद्धा निवासी दीदारू टांडा मजरा धर्मापुर और रामरूप निवासी हुलासीपुरवा मजरा दौलतापुर को गिरफ्तार किया है। पेशी पर न जाने के कारण कोर्ट ने दोनों आरोपियों के वारंट जारी किए थे। उन्होंने बताया कि बुद्धा पर हत्या का आरोप है, जबकि रामरूप वन अधिनियम के मामले का आरोपी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया युवक

**धौरहरा अमृत विचार :** ईसानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी को आरोपी अरविंद पुत्र गंगाधर निवासी ढुठवा थाना ईसानगर बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# प्रधान को जानकारी नहीं, कट गए यूकेलिप्टस के पेड़

## ग्रामीणों ने ठेकेदार को नहीं उठाने दी पेड़ों की लकड़ी, आज तहसील निघासन मुख्यालय पर ग्रामीण करेंगे प्रदर्शन

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचार:** विकास खंड निघासन की ग्राम पंचायत बल्लीपुर कलां स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में यूकेलिप्टस के पेड़ों की नीलामी और कटान के दौरान स्कूल भवन के क्षतिग्रस्त होने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत से कोई प्रस्ताव होना तो दूर इसकी जानकारी होने से भी साफ इंकार किया है। इधर घालमेल से गुस्साए ग्रामीणों ने ठेकेदार को लकड़ी नहीं ले जाने दी। ग्रामीणों ने सोमवार को तहसील निघासन पहुंचकर घेराव कर प्रदर्शन करने और ज्ञापन देने का ऐलान किया है।

गांव बल्लीपुर कलां स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में लगे 26 यूकेलिप्टिस के पेड़ों की गुपचुप तरीके से शिक्षा विभाग ने 2,24,500 रुपये में नीलाम कर 10 जून को विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में जमा कर दिया था। शनिवार को काटते समय पेड़ गिरने से विद्यालय की बाउंड्रीवाल, अतिरिक्त कक्ष, विद्यालय भवन, शौचालय आदि चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए थे। इससे वहां हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आक्रोश जाहिर करते हुए प्रदर्शन किया था। लकड़ी उठाने को लेकर ग्रामीणों और ठेकेदार में तीखी बहस हुई थी, लेकिन ग्रामीणों ने ठेकेदार को लकड़ी नहीं ले जाने दी। इससे देर शाम तक हंगामा होता रहा।

उधर, ग्राम प्रधान रेखा देवी भी पेड़ों के कटान के विरोध में उतर आई हैं। उनका कहना है कि विद्यालय स्टाफ ने उनसे पेड़ों के कटान का कोई प्रस्ताव नहीं मांगा था और न ही इसको लेकर ग्राम पंचायत की कोई खुली बैठक हुई है। पेड़ों का कटान किसके आदेश से हुआ है इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। उधर, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष शिशुपाल और ग्राम पंचायत सदस्यों ने भी शिक्षा विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि सोमवार को वह बड़ी संख्या में निघासन तहसील मुख्यालय पर जाएंगे और घेराव कर प्रदर्शन करेंगे। गोलमाल की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर भी एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपेंगे।


उच्च प्राथमिक स्कूल में पड़ी काटे गए पेड़ों की लकड़ी। • अमृत विचार

• यूकेलिप्टिस के पेड़ों के काटे जाने से क्षतिग्रस्त स्कूल भवन का मामला

### स्कूल प्रबंध समिति अध्यक्ष ने पुलिस को दी तहरीर

उच्च प्राथमिक विद्यालय बल्लीपुर कलां की प्रबंध समिति के अध्यक्ष शिशुपाल ने पेड़ों के कटान को लेकर एक तहरीर थाना मझगईं पुलिस को दी है, जिस पर समिति के सदस्यों, ग्राम पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों के भी हस्ताक्षर हैं। तहरीर में कहा गया है कि स्कूल में लगे पेड़ों की औसतन कीमत करीब पांच लाख रुपये थी। इन पेड़ों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन कुमार ने ग्राम प्रधान व प्रबंध समिति के प्रस्ताव के बिना 2,24,500 रुपये में बिक्री कर दिया। पेड़ काटने से विद्यालय की दीवारें और छत टूट गई। तहरीर में पेड़ों की दोबारा नीलामी कराने और नुकसान की भरपाई प्रधानाध्यापक समेत जांच में दोषी मिलने वाले लोगों से वसूली और कार्रवाई की मांग की है।

> शिकायती पत्र मिला है, जिसे अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया है। जांच कर जो विधिक कार्रवाई होगी। वह की जाएगी।
>
> -राजू राव प्रभारी निरीक्षक, थाना मझगईं।

# सुबह टहलने निकली महिला की चेन छीनकर भागा उचक्का

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर से सटे देउवापुर पहाड़ापुर में सुबह टहलने निकली महिला के गले पर युवक ने झपट्टा मारकर सोने की चेन छीनकर भाग गया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव देउवापुर पहाड़ापुर निवासी सतीश कुमार की पत्नी विमला देवी रविवार सुबह टहलने के लिए निकलीं थीं। उनके साथ गांव की केश कुमारी, शोभा कुमारी और पुष्पा कुमारी भी थीं। सुबह करीब 5:30 बजे एक युवक उनके पास पहुंचा और उसने गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन लेकर भाग निकला। महिलाओं ने शोर मचाया तो तमाम लोग आ गए और आरोपी की तलाश की, लेकिन पता नहीं चला।

पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर महिलाओं से पूछताछ की। शहर में लगातार हो रहीं चेन स्नेचिंग, कुंडल छिनैती आदि की घटनाओं से महिलाओं में दहशत का माहौल है। वह सुबह घर से बाहर टहलने के लिए निकलने का साहस नहीं जुटा पा रही है। पीड़ित महिला ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। शहर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### रोडवेज बस से आभूषण चोरी

**धौरहरा, अमृत विचार :** तहसील अधिवक्ता संघ धौरहरा के पूर्व अध्यक्ष विमलेश वर्मा की पुत्री पूजा पत्नी जग प्रताप वर्मा निवासी महरिया शनिवार को रोडवेज बस से लखीमपुर से खमरिया जा रही थी। पीड़िता के मुताबिक वह जब खमरिया जंगली नाथ मंदिर के पास पहुंची तो उसने बैग से मोबाइल निकाला और रख दिया। इस बीच किसी ने उसका बैग चोरी कर लिया। बैग में छह तोले का सोने का हार और ढाई तोले की सोने की चेन थी। बैग गायब देख महिला ने शोर मचाया। लोगों ने बस में छानबीन की, लेकिन बैग का पता नहीं चला। पीड़िता ने जानकारी मायके वालों और ससुरालीजनों को दी। परिवार के लोग पहुंच गए। काफी प्रयासों के बाद भी बैग का पता नहीं चला। पीड़िता ने थाना खमरिया पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# दो घरों से नकदी और जेवर चोरी

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचार:** थाना नीमगांव क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार की रात चोर गांव सरैंया के दो घरों में घुसकर नकदी-जेवर समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। इससे एक बार फिर पुलिस की गश्त व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। दोनों पीड़ितों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

थाना नीमगांव क्षेत्र में एक महीने से शुरू हुआ चोरी का सिलसिला अभी थमने का नाम नहीं ले रहा था। अब तक चोरी व लूट को मिलाकर 20 से अधिक वारदातें हो चुकी हैं। इनमें से दो घटनाओं को छोड़कर पुलिस किसी भी घटना का न तो खुलासा कर पाई और न ही चोरों के आगे उसकी बनाई रणनीति ही सफल हो सकी। शनिवार रात चोरों ने एक बार फिर नीमगांव पुलिस को चुनौती दे डाली।

सरैंया गांव के दक्षिण शकील के घर में चोर नकब लगाकर घुस गए। कमरों में रखा सामान व बक्से आदि खंगाल डाले। चोर दो हजार रुपये की नगदी और करीब 40 हजार रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। दूसरी घटना गांव के अयूब के घर हुई। चोर दीवार के सहारे मकान में दाखिल हो गए। कमरों की कुंडी खोलकर उनमें रखी अलमारी तोड़ दी। चोर यहां से भी नगदी और जेवर चोरी कर ले गए। घटना के वक्त दोनों परिवार अपने-अपने मकानों की छतों पर सो रहे थे। सुबह जब सोकर उठे और छत से नीचे उतरकर आए। तब उन्हें चोरी की जानकारी हुई। पीड़ितों ने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। यूपी 112 पुलिस व हल्का दरोगा जितेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। पीड़ितों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार धीमान ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

**दीवार फांद चोरों ने उड़ाया एक लाख का माल: धौरहरा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव महादेव निवासी भानमती पत्नी बालक राम ने बताया कि वह रात में परिवार के साथ घर में सोई थी। रात में किसी समय घर की दक्षिण तरफ की दीवार फांद कर चोर घर में घुस आए।

घर में रखी 40 हजार की नकदी, सोने के कुंडल, माला, पायल, कपड़े आदि समेत करीब एक लाख रुपये का सामान चोरी कर भाग निकले। घटना की जानकारी सुबह सोकर उठने पर हुई। उन्होंने चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पुलिस पिकेट समेत दो स्थानों से हजारों की चोरी

**मितौला।** शनिवार की रात चोर पुलिस पिकेट पिपरझला पर लगे आरओ प्लांट का मोटर व अन्य सामान खोलकर चुरा ले गए। जिला पंचायत से यह आरओ प्लांट पिपरझला पुलिस पिकेट पर लगाया गया था। वहीं कुछ दूरी पर गुरु प्रसाद की दुकानों के सामने लगे बोरवेल से समरसेबल भी निकाल ले गए। लोगों का कहना है कि पुलिस की हालत यह है वह अपना सामान स्वयं नहीं रखा पा रही है। ऐसी दशा में आम लोग खुद कैसे सुरक्षित महसूस करेंगे। पुलिस पिकेट पर चोरी की वारदात होने के बाद से क्षेत्र में पुलिस की खूब किरकिरी हो रही है। हालांकि दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे में एक चोर की फुटेज कैद हुई है। उसका चेहरा भी काफी साफ आया है। पुलिस फुटेज कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने की कोशिश कर रही है। बताते हैं इसके अलावा भी चार जगहों पर रविवार की रात चोरी का प्रयास हुआ है, लेकिन गनीमत रही कि चोर किसी घटना को अंजाम नहीं दे सके। सीओ जितेंद्र कुमार परिहार ने बताया कि टीमें लगी हुई हैं। जल्द ही बदमाश पकड़े जाएंगे।

# ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा सवार की मौत, तीन घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** शहर के गढ़ी मिदनियां के पास ट्रक ने एक ई-रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा सवार एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि उसके तीन साथी घायल हो गए। सभी पंजाब से मजदूरी कर अपने घरों को वापस जा रहे थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गांव झाऊपुरवा निवासी कपिल (28) पंजाब में मजदूरी करता था। शनिवार की शाम वह अपने साथी अवधेश, पंकज और रजनीश के साथ पंजाब से मजदूरी कर वापस लखीमपुर पहुंचा और बस से उतरने के बाद ई-रिक्शा में सवार होकर सभी अपने घर जा रहे थे। ई-रिक्शा में कुल सात लोग सवार थे। मिदनियां गढ़ी के पास ट्रक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में सभी चारों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल भेजा, जहां पर उपचार के दौरान कपिल की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। शहर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया गया है।

# किसानों को बताए अधिक उपज लेने के तरीके


बेलाबोझी गांव में खेत पर प्रदर्शन करते अधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता, बिलहरी

• मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण के तहत हुई गोष्ठी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गांव बेलाबोझी में गोष्ठी कर किसानों को गन्ने में लगने वाले कीटों से बचाव और अधिक उपज लेने के तरीके बताए गए।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर एवं चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक संजीव चौधरी, मास्टर ट्रेनर कृष्ण देव पांडे, शिवांशु शुक्ला ने गन्ने मे लगने वाले रोग/कीट एवं नियंत्रण, अधिक पैदावार उन्नतशील प्रजातियों की वैज्ञानिक विधि अपनाते हुए गन्ना बुवाई, चीनी मिल की ओर से छूट पर दी जाने वाली खाद एवं दवाएं, पेड़ी प्रबंधन, गन्ना सर्वे के संदर्भ में विस्तृत रूप से वार्ता की।

बेलाबोझी गांव में ही प्रदर्शन विधि से लगाए गए गन्ना प्लाटों पर कृषकों के साथ विजिट की गई। मौके पर सहायक गन्ना प्रबंधक आशीष सिंह एवं फील्ड स्टॉफ अनिल कुमार वर्मा, प्रगतिशील कृषक, गन्ना समिति संचालक श्याम सिंह भदौरिया, सुखवंत सिंह, प्रधान मनोज वर्मा, लालजी प्रसाद वर्मा, सत्यराम वर्मा, नसीर खां सहित तमाम क्षेत्रीय किसान मौके पर मौजूद रहे।

### हार्टअटैक से पत्रकार का निधन

**बेहजम, अमृत विचार :** नीमगांव क्षेत्र के लखनियापुर निवासी जेपी मिश्रा (40) शनिवार को ससुराल रसूलपुर में रुक गए थे। तड़के करीब तीन बजे उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी पत्नी घर वालों के साथ मोतीपुर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रविवार सुबह लखनियापुर गांव में उनके शव को लाया गया। दोपहर में उनके अंतिम संस्कार में जिले भर से लोग शामिल हुए। उनके परिवार में उनकी पत्नी, दो मासूम बच्चियां, मां और बड़ी बहन है। जेपी मिश्रा 2024 में धौरहरा लोकसभा से चुनाव लड़े थे। उनका भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और सपा से जुड़ाव रहा है। जिला सूचना कार्यालय सहित विभिन्न संगठनों ने उनके निधन पर शोकसभा कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कामना की।


जेपी मिश्रा

### राशन विक्रेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** विकासखंड भावलखेड़ा के पूर्ति निरीक्षक संजय कुमार यादव ने सेहरामऊ दक्षिणी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21 जून को ग्रामसभा में जाकर राशन की दुकान का निरीक्षण किया। राशन की दुकान बंद पाई गई। दुकान की संचालिका रोली बाजपेयी के पति मृदुल बाजपेयी को फोन करके बुलाया। उन्होंने दुकान खुलवाई तो चीनी, गेहूं और चावल रजिस्टर से मिलान किया तो स्टाक अधिक पाया गया। राशन विक्रेता संचालिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या 8831 5559 6818 में नाम त्रुटिवश PRANSHOO व जन्मतिथि 24.01.2014 दर्ज हो गया है जोकि गलत है जबकि उसका वास्तविक नाम PRIYANSHU व जन्मतिथि 14.07.2011 है। **धन देवी पत्नी छोटे लाल निवासी ग्राम गजरौला कलां सहराई तहसील व जिला पीलीभीत।**

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट बरेली

सूचना
मैंने अपने पुत्र शानू शर्मा को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **भोजपाल पुत्र शिव लाल निवासी ग्राम मर्गापुर मरगईया पो. भुवा बाजार तह. नवाबगंज, बरेली**

सूचना
मैंने अपने पुत्र सर्वेश कुमार एवं उसकी पत्नी राजेश्वरी देवी को उसके दुर्व्यवहार एवं गलत आचरण के कारण उन्हें अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **रामऔतार पुत्र मिश्री लाल निवासी ग्राम हरीपुर फुलहर थाना माधोटांडा तह. कलीनगर जिला पीलीभीत (उ.प्र.)**

आवश्यकता है
कक्षा N.C. से VIIIth हेतु अनुभवी फीमेल टीचर्स की
(सैलरी योग्यतानुसार)
Interview
23 और 24 जून 2025
समय सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
एल.बी.एस. कॉन्वेंट स्कूल
निकट होली चौराहा, संजय नगर, बरेली।
7060189500, 8533037097

मनोहर लाल गीता देवी महाविद्यालय
कोरैया पुरवा-रवहीं, लखीमपुर खीरी
(सम्बद्धता- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)
आवश्यकता है
स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में सहायक आचार्य हेतु- 1. जन्तु विज्ञान- पांच पद 2. वनस्पति विज्ञान- पांच पद 3. रसायन विज्ञान- पांच पद 4. भौतिक विज्ञान- पांच पद 5. गणित- पांच पद
स्नातक स्तर पर कला संकाय में सहायक आचार्य हेतु- 1. हिन्दी- दो पद 2. भूगोल- दो पद
**योग्यता एवं वेतनमान-** यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
नोट:- इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन महाविद्यालय में पंजीकृत डाक अथवा सीधे महाविद्यालय में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर भेज सकते हैं।
प्रबन्धक
डॉ. घनश्याम लाल
मो. 7499792149

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

Admission Open
Session 2025-26
BIUCOP Bareilly Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

FOPS Bareilly Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
▪ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
▪ BRIT (Intake-80 Seats)
▪ BPT (Intake-40 Seats)
▪ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
▪ BOTT (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
▪ MPT (Intake-20 Seats)
▪ MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
▪ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
▪ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
▪ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
▪ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

क्षिप्रं विजानाति चिरं शृणोति विज्ञाय चार्थं भते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य ॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं, लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं। किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते है, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते।

## संपादकीय

# अमेरिकी हमलों के बाद

इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के मकसद से इजराइल की ओर से शुरू किए गए हमलों में शामिल होते हुए रविवार तड़के तीन ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमले किए। बमबारी से क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया। चिंता की बात है कि वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव बड़े पैमाने पर संघर्ष को जन्म दे सकते हैं। ईरान को कमजोर करने के लिहाज से अमेरिका का यह एक जोखिम भरा कदम है, जिससे बड़े पैमाने क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका है। विशेषज्ञों के मुताबिक दुनिया के तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर होने की बात एक जटिल और चिंताजनक स्थिति है। क्योंकि मध्य पूर्व में सैन्य हस्तक्षेप अक्सर अनपेक्षित परिणाम और क्षेत्रीय अस्थिरता का कारण बनते हैं। इसलिए मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता न केवल क्षेत्र के लिए बल्कि वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में विभिन्न देशों ने कूटनीतिक समाधान तलाशने और संयम बरतने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के बम हमलों से चिंतित हैं। इस बात का जोखिम है कि यह संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर जा सकता है जिसके नागरिकों, क्षेत्र और दुनिया के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ते तनाव पर ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से बात करके चिंता जताई। यह अब तक का सबसे गंभीर संकट है और इसे आगे बढ़ने से रोका जा सकता है। मध्य पूर्व में शांति और सुरक्षा स्थापित करने के लिए कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है, यह एक व्यापक रूप से स्वीकृत विचार है। कूटनीति, जो आपसी समझ और सहयोग पर आधारित है, स्थायी शांति और स्थिरता लाने में अधिक प्रभावी साबित हो सकती है। सैन्य हस्तक्षेपों के बजाय, बातचीत और राजनयिक प्रयासों के माध्यम से संघर्षों को सुलझाने पर जोर दिया जाता है। यह आवश्यक है कि दुनिया के देश कूटनीति और बातचीत के माध्यम से इन तनावों को कम करने के लिए मिलकर काम करें और यह सुनिश्चित करें कि परमाणु हथियारों का उपयोग न किया जाए। कूटनीति के माध्यम से ही शांति और सुरक्षा के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जरूरी है कि सहयोग और विश्वास-निर्माण के प्रयासों को बढ़ावा देकर बहुपक्षीय कूटनीति का उपयोग हो। निःसंदेह मध्य पूर्व में शांति और सुरक्षा स्थापित करने के लिए। कूटनीति को एक महत्वपूर्ण और प्रभावी साधन के रूप में अपनाया जाना चाहिए।

# दुनिया जल रही है, मगर पहरेदार मौन है



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

उधर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद- विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर को लेकर-संयुक्त राष्ट्र के लिए एक चुनौतीपूर्ण परीक्षण रहा है। लेकिन यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, और रहेगा।

बीते कुछ वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर जिस गति से युद्ध, टकराव और राजनयिक असंतुलन की घटनाएं बढ़ी हैं, उसने पूरी दुनिया को एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर सोचने को मजबूर कर दिया है। विशेष रूप से 24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध अब तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है, और इसके प्रभाव केवल पूर्वी यूरोप तक सीमित नहीं हैं। लाखों नागरिक विस्थापित हुए, हजारों मारे गए, और यूक्रेन का बुनियादी ढांचा - स्कूल, अस्पताल, जल और बिजली संयंत्र -बर्बाद हो चुका है। वैश्विक खाद्य संकट गहराया है क्योंकि रूस और यूक्रेन, दोनों गेहूं और तेल बीजों के बड़े निर्यातक रहे हैं। इस भयावहता के बावजूद संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बेहद सीमित और प्रतीकात्मक रही है। रूस, जो सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है, हर निर्णायक प्रस्ताव पर वीटो का प्रयोग करता है। यूएन महासभा ने युद्ध की निंदा करते हुए कई प्रस्ताव पारित किए, लेकिन वे केवल 'अनुशंसा' हैं, बाध्यकारी नहीं। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VI के अंतर्गत शांतिपूर्ण समाधान की अपील और अध्याय VII के अंतर्गत दबावयुक्त कार्रवाई -दोनों ही कानूनी रूप से संभव हैं, लेकिन स्थायी सदस्य देशों की राजनीतिक सहमति के अभाव में कभी प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पाते। यह स्थिति संयुक्त राष्ट्र की सबसे गंभीर विफलताओं में गिनी जा सकती है।

उधर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद - विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर को लेकर-संयुक्त राष्ट्र के लिए एक चुनौतीपूर्ण परीक्षण रहा है। लेकिन यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, और रहेगा। यह कोई विवादित क्षेत्र नहीं, बल्कि भारतीय गणराज्य की एक संवैधानिक और ऐतिहासिक इकाई है, जिसे पाकिस्तान बार-बार आतंकवाद के माध्यम से अस्थिर करने की कोशिश करता रहा है। वास्तव में, पाकिस्तान दशकों से आतंकवाद को राज्य नीति के रूप में इस्तेमाल करता आया है- वह लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों को पनाह और प्रशिक्षण देता है, जो भारत में निर्दोष नागरिकों की हत्याएं करते हैं। 26/11 से लेकर पुलवामा तक और उरी से लेकर पठानकोट तक, हर हमले की जड़ें पाकिस्तान में पाई गई हैं। और यह सब तब है जब पूरी दुनिया जानती है कि ओसामा बिन लादेन जैसे वैश्विक आतंकी को भी पाकिस्तान ने अपने सैन्य अड्डों के पास वर्षों तक छिपा रखा था। फिर भी संयुक्त राष्ट्र, जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दावा करता है, इन गंभीर तथ्यों पर खामोश रहता है। पहलगाम में हुए हमले, जिसमें यात्रियों को धर्म पूछकर मारा गया, यह दिखाता है कि यह लड़ाई सीमा की नहीं, सभ्यता और बर्बरता की है। मगर एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र ने वही ढुलमुल बयान दिया -'दोनों पक्ष संयम बरतें'। क्या अब भी यह स्वीकार किया जाएगा कि आतंकवाद के शिकार और पोषक को एक ही तराजू में तौला जाए? इसी प्रकार, इज़राइल और हमास के बीच का संघर्ष भी संयुक्त राष्ट्र की 'सामर्थ्यहीनता' को उजागर करता है। अक्टूबर 2023 में जब हमास ने इज़राइल पर रॉकेट हमले किए और इज़राइल ने जवाबी हमले में गाज़ा पट्टी को लगभग खंडहर बना दिया, तब भी संयुक्त राष्ट्र केवल 'गंभीर चिंता' और 'संयम बरतने' की अपीलों तक सीमित रहा। गाज़ा में संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के स्कूलों और शरणार्थी शिविरों पर हमले हुए, जिनमें महिलाओं और बच्चों की जान गई। फिर भी सुरक्षा परिषद कोई निर्णायक प्रस्ताव पारित नहीं कर सकी क्योंकि अमेरिका ने इज़राइल के खिलाफ किसी भी प्रस्ताव पर वीटो का प्रयोग किया। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या मानवाधिकारों का उल्लंघन भी अब राजनीतिक संबद्धता के आधार पर मापा जाएगा? यूएन चार्टर के अनुच्छेद 1(3) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि "मानवाधिकारों और मूल स्वतंत्रताओं के लिए सम्मान को प्रोत्साहित और बढ़ावा देना" संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। लेकिन जब फिलिस्तीनी बच्चे मलबों में दफन हो जाएं और विश्व संस्था केवल 'चिंता व्यक्त' करे, तो यह लक्ष्य एक खोखला आदर्श बन जाता है। यही नहीं, कई स्वतंत्र मानवाधिकार समूहों ने संयुक्त राष्ट्र की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल उठाए और इसे 'नैतिक दिवालियापन' तक कहा।

2024 में जब ईरान और इज़रायल के बीच अप्रत्यक्ष युद्ध खुलकर सामने आया - जिसमें इज़रायल ने दमिश्क में ईरान के कांसुलेट पर हमला किया, और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ कमांडर मारे गए -तब यह स्पष्ट था कि प्रतिक्रिया गंभीर होगी।

2024 में जब ईरान और इज़रायल के बीच अप्रत्यक्ष युद्ध खुलकर सामने आया - जिसमें इज़रायल ने दमिश्क में ईरान के कांसुलेट पर हमला किया, और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ कमांडर मारे गए -तब यह स्पष्ट था कि प्रतिक्रिया गंभीर होगी। अप्रैल 2024 में, पहली बार ईरान ने सीधे मिसाइल और ड्रोन हमलों के माध्यम से इज़राइल की ओर जवाबी कार्रवाई की, जिससे दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी छाया-लड़ाई एक खुले युद्ध में बदल गई। यह स्थिति जून 2025 तक और गहराती गई, जब तीन दिनों तक मिसाइलें, ड्रोन, साइबर अटैक और वायुसेना हमले दोनों ओर से चलते रहे। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान संयुक्त राष्ट्र केवल आपात बैठकें बुलाता रहा और "क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने" जैसी सामान्य अपीलें जारी करता रहा। अमेरिका और रूस की भिन्न रणनीतियों के चलते कोई भी ठोस प्रस्ताव पारित नहीं हुआ। यह प्रतिक्रियाएं तब और भी निराशाजनक लगती हैं जब यह संघर्ष पूरी मध्य-पूर्व की स्थिरता और वैश्विक तेल आपूर्ति को संकट में डाल चुका था। क्या यह वह स्थिति नहीं थी जब संयुक्त राष्ट्र को ठोस, निष्पक्ष और साहसिक निर्णय लेना चाहिए था? संयुक्त राष्ट्र के पास ताक़त की कमी नहीं है, लेकिन उसके अंदर निर्णय लेने की संरचना ही सबसे बड़ी बाधा है। यूएन चार्टर का अध्याय VII स्पष्ट रूप से कहता है कि अगर कोई देश अंतर्राष्ट्रीय शांति को खतरे में डालता है, तो उसके खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध से लेकर सैन्य हस्तक्षेप तक की कार्रवाई की जा सकती है। मगर व्यवहार में, सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्य -अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन -अपने-अपने राजनीतिक और आर्थिक हितों के आधार पर वीटो का प्रयोग करते हैं। यह वीटो किसी प्रस्ताव को पारित होने से रोक सकता है, भले ही वह प्रस्ताव बाकी सभी देशों द्वारा समर्थित हो। यही कारण है कि चाहे रूस का यूक्रेन पर हमला हो, या इज़राइल का गाजा में सैन्य अभियान, या फिर चीन का दक्षिण चीन सागर में सैन्य विस्तार -यदि कोई स्थायी सदस्य उस देश का मित्र है, तो संयुक्त राष्ट्र केवल बयान तक सीमित रह जाता है। यह ढांचा अब न्याय की बजाय सत्ता के समीकरणों को प्राथमिकता देता है। यहीं से संयुक्त राष्ट्र की नैतिकता पर प्रश्नचिह्न लगने लगते हैं, और वैश्विक जनमत में इसकी साख गिरती चली जाती है।

आज जब दुनिया जल रही है- कहीं युद्ध, कहीं दमन, कहीं मानवाधिकारों का संहार -तब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस संस्था को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शांति स्थापना के उद्देश्य से बनाया गया था, वह अपने मौलिक कर्तव्यों से विमुख क्यों हो गई है। संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी विफलता यह है कि वह निष्पक्ष न्याय के बजाए कूटनीतिक संतुलन के पीछे छिप गया है। क्या अब समय नहीं आ गया कि इसके ढांचे में आमूलचूल बदलाव हो? क्या यह जरूरी नहीं कि वीटो की व्यवस्था पर पुनर्विचार हो, और अंतर्राष्ट्रीय न्याय को सदस्य देशों की मर्जी पर न छोड़ा जाए? वरना आज जो चुप्पी हम देख रहे हैं, वही कल किसी और देश की तबाही की गूंज में बदल सकती है- और तब शायद कोई भी संस्था इतनी विश्वसनीय न रह पाए कि उस पर भरोसा किया जा सके। अगर संयुक्त राष्ट्र को प्रासंगिक बनाना है, तो उसे मौन दर्शक की भूमिका से बाहर आना ही होगा।

## प्रसंगवश

# विधवाओं को आर्थिक सुरक्षा की जरुरत

**दिवस विशेष**

आज अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस है। यह दिन विधवाओं के लिए पूर्ण अधिकार और मान्यता प्राप्त करने के लिए कार्यवाही का अवसर का भी दिन है। गत वर्ष पहले सर्वोच्च न्यायालय ने वृंदावन सहित देश के अन्य शहरों में रह रही विधवाओं के मसले पर सुनवाई करते हुए गंभीर टिप्पणी की थी। उसने कम उम्र की विधवाओं के आश्रमों में रहने पर चिंता जताते हुए सरकार से जानना चाहा था कि विधवा विवाह को कल्याणकारी योजनाओं का हिस्सा क्यों नहीं होना चाहिए। न्यायमूर्ति मदन बी लोकुर व न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ ने कहा था कि विधवाओं के पुनर्वास की बात तो की जाती है लेकिन उनके विवाह के बारे में कोई बात नहीं करता। सर्वोच्च अदालत ने दो टूक कहा था कि सामाजिक बंधनों से मुक्त होकर विधवाओं के पुनर्वास से पहले उनके विवाह को प्रोत्साहन देने की जरुरत है। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार के सॉलिसिटर जनरल के इस आश्वासन पर कि विधवाओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना है और विधवा गृहों में रहने वाली महिलाओं के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग की योजना है पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि आपकी योजनाएं सिर्फ कागजों पर दिखती हैं। जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। तब न्यायालय ने सुझाव दिया था कि विधवा गृहों में रह रही महिलाओं को पास के बाल सुधार गृह और वृद्धा आश्रमों में मौका दिया जाना चाहिए।



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

उल्लेखनीय है कि देश में सर्वाधिक विधवाएं राधा-कृष्ण की नगरी वृंदावन में रहती हैं। उन्हें अपनी जीविकोपार्जन के लिए मंदिरों में भजन-कीर्तन करने के अलावा अन्य कई कार्य करने पड़ते हैं। ध्यान दें तो भजन-कीर्तन के एवज में उन्हें महज पांच रुपए से पचास रुपए तक मिलते हैं और वे इन पैसों से बमुश्किल अपनी जरुरतें पूरी कर पाती हैं। कई स्वयंसेवी संगठनों ने अपने सर्वेक्षण में पाया है कि विधवाएं अपनी भूख मिटाने के लिए न सिर्फ भीख मांगती हैं बल्कि कुछ विधवाएं तो अपनी जरुरत पूरा करने के लिए कई घरों में चौका-बर्तन भी करती हैं। भरपेट भोजन न मिलने से वे एक जिंदा लाश के रुप में तब्दील होती जा रही हैं। इसी का कुपरिणाम है कि उन्हें कई तरह की गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

फोग्सी फेडरेशन ऑफ ओब्स्टेट्रिक एंड गायनकोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पाया गया कि वृंदावन में वास कर रही विधवा माताओं में तकरीबन 25 प्रतिशत महिलाओं में कैल्सियम की भारी कमी है और उनकी हड्डियां खोखली हैं। 10 प्रतिशत विधवाएं डायबिटिज और 60 प्रतिशत एनेमिक की शिकार हैं। 98 प्रतिशत विधवाएं रक्तचाप से पीड़ित हैं और 60 प्रतिशत विधवाएं पेट संबंधी गंभीर बीमारियों की चपेट में हैं। वृंदावन धार्मिक नगरी है और मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। वृंदावन का शाब्दिक अर्थ है तुलसी का वन। यहां आश्रमों में हजारों की तादाद में विधवाएं रहती हैं। यहां के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर का इलाका हो अथवा इस्कॉन मंदिर का इलाका, माथे पर तिलक और गले में कंठी धारण किए कम उम्र व उम्रदराज विधवाएं देखी जा सकती हैं। आमतौर पर माना जाता है कि यहां रह रही विधवाएं कृष्ण भक्त हैं और मोक्ष के लिए आई हैं। लेकिन एक सच यह भी है कि इनमें से कई विधवाएं ऐसी भी हैं जो स्वयं से यहां नहीं आई हैं। अधिकांश परित्यक्ताएं हैं जो या तो अकेले होने के कारण या घरवालों के खराब व्यवहार के कारण परेशान होकर यहां आकर बस गई हैं। ज्यादतर विधवाओं के परिवार में या तो कोई सदस्य नहीं बचा है या उनके परिवार वाले उनकी देखभाल को तैयार नहीं हैं। समाज के रिश्ते-नातों और दुनिया के रंगों से अलग कर दी गयी ये विधवाएं बदलते वक्त के साथ समाज की मुख्य धारा में लौटना चाहती हैं। इन विधवाओं में कई के मन में विवाह बंधन में बंधने की लालसा भी है। लेकिन समाज की दकियानुसी बेड़ियों के कैद से मुक्त हो पाना इनके लिए पहाड़ लांघने जैसा है। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार के साथ-साथ समाज भी विधवाओं के प्रति मानवीय और उदार बने। विधवाओं के जीवन को सुगम बनाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार के कंधे पर ठेलकर निश्चिंत नहीं हुआ जा सकता।

# कबाड़ और विरासत में भेद करने का विवेक



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय समाज में एक विशेष प्रवृत्ति देखी जाती है - अतीत का व्यामोह।

हर जीवन प्रणाली-जैविक हो या सांस्कृतिक-स्वयं के भीतर एक अपशिष्ट-निर्माण तंत्र रखती है। यह एक्सक्रीटा केवल शारीरिक नहीं, बौद्धिक और सांस्कृतिक भी होता है। कोई भी प्रणाली यदि अपने ही उत्पादित एक्सक्रीटा को न पहचान सके, न अलग कर सके, न निष्कासित कर सके-तो वह जड़, अस्वस्थ और अंततः आत्म-घाती हो जाती है।

भारत की मौजूदा सभ्यता इस रोग से ग्रस्त है। हम पुरातन के मोह और पश्चिम के परजीवित्व के द्वंद्व में फंसे हुए हैं, जहां हम न तो अपना कबाड़ फेंक पा रहे हैं, न बाहर का कबाड़ पहचान पा रहे हैं। हमारी सोच में अपशिष्ट-बोध का अभाव है। इस पूरे ढांचे में हमारी संस्कृति, हमारी तकनीकी नीति, और हमारी बौद्धिकता-सब एक सांस्कृतिक जंकयार्ड में बदल गई हैं।

भारतीय समाज में एक विशेष प्रवृत्ति देखी जाती है - अतीत का व्यामोह। यह उस स्मृति-विन्यास का हिस्सा नहीं है जो परंपरा को जीवित रखता है, बल्कि वह अंधा मोह है जो कबाड़ को विरासत समझ बैठता है। सांस्कृतिक संस्थाएं-संग्रहालय, अकादमियां, विश्वविद्यालय-इन सबमें यह व्यामोह व्याप्त है। वे विचारों और प्रतीकों के कूड़े को 'स्मृति' और 'गौरव' के नाम पर सहेजते हैं। कबाड़ और एंटीक के बीच का अंतर ग़ायब हो चुका है। फलस्वरूप, हमारी संस्कृति गतिशील परंपरा के बजाय एक स्थिर, दुर्गंधयुक्त संस्कृति-वस्त्रालय बन गई है - जहां वस्त्र नहीं, उनके चिथड़े हैं।

भारतीय विकास की एक मूलभूत समस्या है -टेक्नोलॉजी का जुगाड़ आयात। जब कोई तकनीक पश्चिम में पुरानी हो जाती है, जब वहां उसका मूल्यह्रास हो चुका होता है, तब हम उसे 'नई' मानकर भारत में अपनाते हैं। यह स्पिलओवर इफेक्ट भारत के लिए 'आयातित विकास' का आधार बन चुका है।

लेकिन मशीनें अपने आप नहीं चलतीं। उन्हें प्रशिक्षित मानव चाहिए। तकनीकी साक्षरता, कार्य संस्कृति, रखरखाव की नीतियां, और प्रयोग में उद्देश्यबोध। परंतु भारत इस दिशा में बेहद खोखला है। हमारे पास तकनीकें तो हैं, पर आदमी नहीं हैं। जुगाड़ से केवल कुछ मशीनें चलती हैं, सभी नहीं और समाज तो कतई नहीं। नतीजा यह होता है कि भारत जंक टेक्नोलॉजी का कब्रिस्तान बन जाता है - उन मशीनों का संग्रहालय जो चली नहीं, और उन तकनीकों का स्मारक जो समझी नहीं गईं।

हमारे विश्वविद्यालयों और पाठ्यक्रमों में वही यूरो-अमेरिकन विचार पढ़ाए जाते हैं, जिन्हें वहां के समाजों ने 30-40 साल पहले त्याग दिया था। पोस्टमॉडर्निज़्म, डेरीदा, फ्रायड, मार्क्स, हबर्मास, कींस, सैमुएल्सन-इन सबका अध्ययन वहां आलोचनात्मक ढंग से हो चुका है, पर यहां उन्हें धर्मग्रंथों की तरह पढ़ाया जाता है।

वहीं भारतीय ज्ञान परंपरा-न्याय, सांख्य, योग, मीमांसा, लोक-कथाएं, दार्शनिक आख्यान-या तो गायब हैं या उन्हें रूढ़िवादी कैदी के रूप में दिखाया जाता है। आधुनिक भारतीय शिक्षा नीति में न तो पश्चिम की आधुनिकता का विवेक है, न भारत की परंपरा की आत्मा।

आज के सोशल मीडिया-प्रेरित बौद्धिक वर्ग में विचारों की गहराई नहीं, ट्रेंड की सतही व्याकुलता है। एक विचार वायरल होता है, फिर सड़ जाता है। बिना संदर्भ, बिना समीक्षा, बिना परिपक्वता-केवल बौद्धिक टिक-टॉक बनकर रह जाता है।

ट्विटर थ्रेड्स, इंस्टाग्राम रील्स, यूट्यूब शॉर्ट्स- इन माध्यमों ने सोचने के समय और स्थान को छीन लिया है। वे विचारों को उपभोक्ता-सामग्री बनाते हैं, न कि बौद्धिक अनुशासन का साधन। और इसी कचरे से हमारा नव-बौद्धिक वर्ग पनप रहा है-ज्ञान नहीं, राय का साम्राज्य।

एक स्वस्थ सभ्यता वही होती है जो यह जानती हो कि कब क्या छोड़ना है। आत्म-शुद्धि, आत्म-आलोचना, और परंपरा की समयोचित संधियों के बिना कोई भी संस्कृति जीवित नहीं रहती। इसके लिए जरूरी है-कबाड़ और विरासत में भेद करने का विवेक। पुरातनता के मोह से बाहर निकलने की ईमानदारी। विदेशी विचारों को आत्मसात करने की बजाए उनकी जांच-परख मूल्यहीन हो चुकी टेक्नोलॉजी को केवल 'नई' मानने की प्रवृत्ति का त्याग शिक्षा को बौद्धिक स्वराज की दिशा में मोड़ना

हमें सांस्कृतिक अपशिष्ट-बोध की आवश्यकता है-ऐसा विवेक जो कबाड़ को कबाड़ समझ सके, और असली चीज़ को संरक्षित कर सके। बिना इसके हम केवल कबाड़ संग्रहकर्ता रहेंगे, निर्माता नहीं।

## सोशल फोरम

# डरा हुआ मध्यम वर्ग

द ग्रेट इंडियन मिडिल क्लास आजकल थोड़ा हिला हुआ है। थोड़ा डरा हुआ भी है। एयर इंडिया के प्लेन क्रैश ने उसे अंदर से हिला दिया है। उसका भरोसा दरका है इस सिस्टम से... कि कहीं न कहीं कुछ प्रॉब्लम तो है। और, अब वह डर गया है युद्ध से। दुनिया अचानक से अशांत हो उठी है और भारत का मिडिल क्लास भविष्य की डरावनी संभावनाओं से आशंकित है। वह युद्ध से इसलिए डर गया है कि तमाम विशेषज्ञ आशंकाएं जता रहे हैं कि युद्धों के इस सिलसिले और अंतर्राष्ट्रीय तनावों के गहराते जाने से वैश्विक जीडीपी के लुढ़कने का खतरा सामने आ गया है, भारत भी इस लपेटे में आएगा ही आएगा और...इन सबके कारण पहले से ही आर्थिक चुनौतियों से जूझते भारतीय मिडिल क्लास की परेशानियां और अधिक बढ़ेंगी।




डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

ईरान इजरायल युद्ध और मध्यपूर्व में बढ़ते तनावों ने तेल की कीमतों के बढ़ने की आशंकाएं पैदा कर दी हैं, इधर महंगाई भी कुलांचें भरने को तैयार ही है। निवेश की प्राथमिकताएं तय करने में अब सरकारें नए सिरे से सोच रही हैं। भारत भी सोच विचार की मुद्रा में है। भारतीय वायुसेनाध्यक्ष ने वायुसेना के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया के मंद रहने को लेकर क्षोभ व्यक्त किया है और रक्षा विशेषज्ञों का समूह भी चेतावनी दे रहा है कि भारत को अपनी रक्षा प्रणाली को चाक चौबंद करने के लिए बड़े पूंजी निवेश के बारे में गंभीरता से सोचना ही होगा। युद्ध और मध्य वर्ग की आर्थिक आकांक्षाओं के बीच भारी अंतर्विरोध हैं। हाल में युद्धों के बढ़ते सिलसिलों ने उसके मन में इस अंतर्विरोध को अधिक स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है। वह चाहता है कि अब यह सब खत्म हो और नेता लोग उसकी बेहतरी के लिए अपने दिमाग और देश के संसाधनों को लगाएं। लेकिन, मुश्किल यह है कि नवउदारवाद के हिलोर में भारतीय ही नहीं, दुनिया के अनेक हिस्सों में मध्य वर्ग के जिस मानस का विकास हुआ है, उसने जिन और जैसे नेताओं को राजनीति के रंगमंच पर प्रतिष्ठापित किया है, उनमें "कंस्ट्रक्टिव थिंकिंग" का अभाव है। उनकी डोर लोकतांत्रिक आकांक्षाओं से अधिक कॉरपोरेट के हितों से संचालित होती है।

-फेसबुक वॉल से

# कूनो में चीता पुनर्वास पर वैज्ञानिक अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

दक्षिणी अफ्रीका में चीतों के अवलोकन से दर्ज किए गए अनुभवों से पता चलता है कि नए परिवेश में अनुकूलन की प्रक्रिया चीता के व्यक्तिगत व्यवहार पर निर्भर करती है।

प्रकृति और जीवों के विकास क्रम में मॉलिक्यूलर और जेनेटिक स्तर पर क्या घटित होता है और किस प्रकार से जीव अपने परिवेश के प्रति एक समयावधि में अनुकूलन कर लेते हैं यह बात भारत में मध्यप्रदेश के कूनो अभयारण्य में चीते की पुनर्स्थापना से साबित होती है। अफ्रीका के नामीबिया और साउथ अफ्रीका से लाए गए चीतों को कूनो में स्थापित करने से पहले वहां के चीतों के बारे में दो किस्म का डाटा जुटाया गया था- परिवेश और चीतों का आनुवंशिक विकास। कूनो में चीतों के पुनर्वास की दो वर्ष की अवधि में जीव विज्ञानियों ने बारीकी से किए गए अवलोकन से मिली जानकारी के आधार पर कुछ खास पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तीन स्टडीज को डिजाईन किया और कूनों में छोड़े गए चीतों के बारे में नया डाटा जुटाया। ये तीनों अध्ययन फ्रंटियर्स इन कंज़र्वेशन साइंस जर्नल के 9 जून 2025 के अंक में प्रकाशित हुए हैं जो एनवायरनमेंटल और जूलॉजिकल साइंस में अभी तक किए गए अध्ययनों में जानकारी के हिसाब से आश्वस्त करने वाले अधिक हैं।

1952 में भारत से चीता विलुप्त घोषित किया गया। 75 वर्ष बाद नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से भारत में 20 चीतों का स्थानांतरण और पुनर्वास एक समग्र पारिस्थितिकीय पहल है जिसका उद्देश्य देश में चरागाहों और खुले वन पारिस्थितिकी तंत्रों में शिकार प्रजातियों की सुरक्षा और अन्य लुप्तप्राय जीवों की रक्षा करते हुए चीता की आबादी को पुनर्जीवित करना है। सन 2022 और 2023 में भारत में नामीबिया से आठ और साउथ अफ्रीका से 12 चीते लाए गए थे। प्रारंभ में चीतों के लिए कूनो अभ्यारण्य के परिवेश में खुद को ढालना चुनौती रहा।

नामीबिया से लाए गए बीस चीतों में से मरने वाले दस की ऑटोप्सी रिपोर्ट में मौत का कारण कार्डियोवैस्कुलर फैल्योर, मादा से हुई झड़प में घायल होना, अंतरंगों की कमजोरी, मैगॉट्स के पर्याक्रमण से उत्पन्न माइयासिस रोग बताया गया। फ्रंटियर्स जर्नल में प्रकाशित तीन पेपर्स में चीता पुनर्वास से संबंधित विस्तृत जानकारी के विश्लेषण से निकाले गए निष्कर्षों में लिखा है कि प्रोजेक्ट चीता की आलोचनाएं वैचारिक पूर्वाग्रहों, अति सरलीकृत अनुमानों और सनसनीखेज कथाओं पर आधारित थीं न कि विज्ञानविधि के अनुसार गहन अवलोकन और निरीक्षण पर आधारित की गईं। दो शोधपत्रों में इशेंदु जोशी, स्टेफ़नी क्लारमैन, लुई वाल, जेम्स डिमेल्बी, बोगडान क्रिस्टेस्कु, कथम बंद्योपाध्याय, निकोला जेन रूनी और लॉटरी मार्कर शामिल रहे। शनाह मुलिया, वैभव माथुर, हेमंत सिंह, अभिषेक, संजयन कुमार और गोबिंद भारद्वाज और अन्य आठ द्वारा प्रस्तुत शोध एवं समीक्षा पत्रों में दिए गए निष्कर्षों से पता चलता है कि कूनो अभ्यारण्य की पारिस्थितिकी में चीतों द्वारा अनुकूलन करने की क्षमता है। भारत में चीतों के लिए कूनो की सीमाओं के भीतर की पारिस्थितिकी और चीतों द्वारा विस्तृत भू-भाग में विचरण करते समय उपयोग में लाए जाने वाले तौर-तरीकों के पारिस्थितिकीय प्रभाव को वैज्ञानिक बारीकियों के रूप से परिभाषित करना अभी जल्दबाजी होगी, ऐसा भी कहा गया।

दक्षिणी अफ्रीका में चीतों के अवलोकन से दर्ज किए गए अनुभवों से पता चलता है कि नए परिवेश में अनुकूलन की प्रक्रिया चीता के व्यक्तिगत व्यवहार पर निर्भर करती है। कूनो के स्थानीय संदर्भ यथा, भू-दृश्य, जलकुंड और प्रवाहित जल-धाराएं, वर्षाकाल की आर्द्रता, वर्षभर के तापमान में उतार-चढ़ाव, शिकारी जंतुओं और चीता के लिए शिकार की उपलब्धता, छाया और सूखा, जंगल में वृक्षों, घास और झाड़ियों का घनत्व, मनुष्य आबादी की निकटता, सूर्य रश्मियों और अल्ट्रावायलेट किरणों की प्रखरता जोकि चीता के चमड़ी और बालों में रंग परिवर्तन कर सकती है, आदि के बारे में डाटा जुटाया गया। अनुभवजन्य पिछला डाटा और इस नए डाटा से उन्नत और सूक्ष्म समझ पैदा हुई जिससे परियोजना का अध्ययन करने वालों द्वारा चीतों के पुनर्वास और संरक्षण प्रयास का मूल्यांकन किया गया। परियोजना अभी प्रारंभिक चरण में है और, निश्चित निष्कर्ष तब निकलेंगे जब कूनों में चीतों की पांच-छः पीढ़ियां विकसित हो जाएंगी और इनकी संख्या बढ़ेगी। कूनो नेशनल पार्क के मुख्य क्षेत्र से परे पड़ोसी संरक्षित क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक भूदृश्य-स्तरीय विस्तार रणनीति लागू की जा रही है जिसके लिए गुजरात में बन्नी घास के मैदान और मध्य प्रदेश में गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में चीतों के अतिरिक्त विचरण एवं प्रजनन क्षेत्र तैयार किए जा रहे हैं। इस प्रकार भारत में तीन स्थलों से चीतों के संरक्षण सम्बन्धी डाटा जुटा कर इनके पुनर्वास की कारगरता की परीक्षा इंसानी पहल किए जाने से कुदरत ही एक बार पुनः तय करेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# अजबापुर मिल में कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास



अजबापुर चीनी मिल में योगाभ्यास करते मिल कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचारः** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की अजबापुर चीनी मिल में ग्राम स्वराज्य मिशन आश्रम के संस्थापक विश्वम्भर नाथ ने योगाभ्यास कराया, जिसमें अपर गन्ना महाप्रबंधक ए सिद्दीकी के संयोजन में मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

पसगवां ब्लॉक परिसर में बीडीओ मोहित कौशिक के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। योग शिक्षक प्रवेश कुमार और निधि पांडेय ने विभिन्न योग क्रियाएं कराई।

इस अवसर पर एपीओ ललित कुमार पटेल, रजनी कान्त पांडेय, रोहित कुमार, सुधीर शुक्ल आदि ने भी योग किया। सीएचसी में योगाचार्य माधवेंद्र शर्मा के दिशा-निर्देशन में अधीक्षक डॉ. अश्वनी वर्मा, डॉ. कुलदीप कुमार सहित पूरे स्टाफ ने योगाभ्यास किया।

# खीरी में बेची जा रही थी हरदोई की उर्वरक

## उर्वरक से भरी 34 बोरियां हुईं थीं बरामद, किसानों को अवैध रूप से की गई थीं वितरित

संवाददाता पसगवां

**अमृत विचारः** गैर जनपद की उर्वरक खीरी जिले में बेचने के मामले का भंडाफोड़ हुआ है। हरदोई जनपद के लिए आवंटित उर्वरक कोतवाली क्षेत्र के गांव भौनापुर में बेची जा रही थी। जिला कृषि अधिकारी लखीमपुर कार्यालय के वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए (कृषि ) सत्यवीर सिंह ने पसगवां थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अप्रैल 2025 में श्रीराम फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड ( ए यूनिट आफ डीसीएम श्रीराम लिमिटेड बरेली) ग्रुप की उर्वरक हेराफेरी कर बिक्री किये जाने की शिकायत जिला कृषि अधिकारी खीरी से की गई थी। जिस पर वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए (कृषि) सत्यवीर सिंह ने 30 अप्रैल को ग्राम भौनापुर पहुंचकर अवैध तरीके से बिक्री करते

**● उर्वरक बिक्री में हेराफेरी मामले में फर्म के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

पिकअप पकड़ी थी, जिसमें 50 किलोग्राम वजन की 34 उर्वरक की बोरी बरामद हुईं थीं। पिकअप में बरामद उर्वरक फेरस सल्फेट की मैन्युफैक्चरिंग भारत केमिकल प्रतापपुर मेरठ की है। जांच के दौरान पिकअप चालक रामवीर निवासी नवीनगर पोस्ट उमरसिया, बरेली ने टैक्स इनवाइस, ई वे बिल ट्रांसपोर्ट द्वारा बनाया गया गुड फैट दिखाया था, जिसके मुताबिक श्रीराम फेरस सल्फेट परसाखेड़ा बरेली से लाई गई थी, जिसमें सप्लायर गोडाउन मेसर्स डीसीएम श्रीराम लिमिटेड केयर आफ शिवम् वेयर हाउस बी टू रामपुर रोड, बरेली व कंसाइनी पता सुनील मेसर्स उन्नति फर्म सेंटर हरियावां गेट जनपद हरदोई दर्ज था। ऐसे में जो उर्वरक हरियावां (हरदोई) में बिक्री के लिए आई थी, वह पसगवां क्षेत्र के गांव भौनापुर में सम्बंधित फर्म द्वारा हेराफेरी करते हुए बिक्री की जा रही थी। बिल पर तीन हजार किग्रा उल्लेख है जबकि पिकअप में 50 किग्रा की 34 बोरी बरामद हुईं थीं।

रिपोर्ट के अनुसार पिकअप में पाए गए उर्वरको का नमूना संग्रहीत कर उर्वरको की उर्वरक नियंत्रण आदेश एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सीज कर बरवर चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया था । दोनों फर्मों को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा गया। जांच में सुशील मेसर्स उन्नति फार्म सेंटर यूनिट ऑफ अक्षमाला सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड हरदोई द्वारा जनपद खीरी के ग्राम भौनापुर में किसानों को अवैध रूप से उर्वरक वितरित की गई। जिसके बाद जिला अधिकारी के अनुमोदन पर प्राविधिक सहायक ग्रुप ए सत्यवीर सिंह ने उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के उल्लंघन में थाना पसगवां में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### क्या है उर्वरक नियंत्रण आदेश

उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 में निहित व्यवस्थानुसार उर्वरक प्राधिकार पत्र में अंकित चौहद्दी के अन्दर ही उर्वरकों का भण्डारण कर विक्रय किया जाता है। उर्वरक प्राधिकार पत्र में अंकित फार्म-ओ से सम्बन्धित थोक उर्वरक विक्रेताओं के द्वारा ही सम्बन्धित फुटकर उर्वरक विक्रेता को उर्वरक आपूर्ति की जा सकती है। जबकि फुटकर उर्वरक विक्रेता के उर्वरक प्राधिकार पत्र पर फार्म-ओ जनपद के थोक उर्वरक विक्रेताओं के ही अंकित किये जा सकते हैं। उर्वरक प्राधिकार पत्र में बिना फार्म-ओ के अंकन कराए उर्वरकों की आपूर्ति किया जाना एवं उर्वरक प्राधिकार पत्र में अंकित चौहद्दी से इतर उर्वरकों का विक्रय किया जाना उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 का स्पष्ट उल्लंघन है।

# जन आरोग्य मंदिर से मिल रहा बेहतर उपचार



सौंठन में जन आरोग्य मंदिर का फीता काटकर उद्घाटन करती विधायक मंजू त्यागी।

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचारः** जन आरोग्य मंदिर का उद्घाटन करने पहुंची श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी ने कहा है कि केंद्र और राज्य में जब से भाजपा सरकार आई है तब से चिकित्सा व्यवस्था बहुत ज्यादा बेहतर हुई है।

कहा कि हर गुरुवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला और प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना सहित तमाम योजनाएं संचालित हैं। जिससे हर व्यक्ति को सीधे लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में नये सेंटर भी संचालित किए गए हैं। ग्राम पंचायत सौंठन में नव निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोला गया। मुख्य अतिथि श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी ने कार्यकर्ताओं के साथ आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर का फीता काटकर उद्घाटन किया। ग्राम प्रधान अरविन्द कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष दीपक मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र राजपूत, संदीप प्रधान, रामकुमार, संजय, रामसागर, राजेंद्र वर्मा एडवोकेट, जीसी वर्मा, आदित्य कुमार सिंह, सरकारी समिति बिझौली के अध्यक्ष जसकरण लाल, किशोरी लाल, नरेश सिंह, रिंकेश त्रिवेदी, एएनम अंकिता, आशा सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मंदिर निर्माण को लेकर दो पक्षों में तनाव

संवाददाता, रौसर कोठी (शाहजहांपुर)

**अमृत विचारः** एक जमीन पर मंदिर निर्माण को लेकर रविवार सुबह विवाद हो गया। बाबा और गांव के तमाम लोग आमने-सामने आ गए। बाबा मंदिर का निर्माण कराना चाहते थे जबकि दूसरा पक्ष इसका विरोध कर रहा था। बाद में पहुंचीं सदर तहसील की नायब तहसीलदार ने यथा स्थिति रखने का निर्देश दिया।

रविवार की सुबह तनाव उस समय बढ़ गया जब बाबा ने निर्माण कार्य को शुरू कराया। इसी दौरान बरतारा गांव के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंच गए और विरोध करना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे वाद विवाद बढ़ने लगा। बाबा मंदिर निर्माण की मांग कर रहे थे। वहीं दूसरा पक्ष मंदिर का निर्माण नहीं होने देने पर अड़ा था। सूचना पर नायब तहसीलदार सदर निशी सिंह व लेखपाल चंद्रशेखर के अलावा प्रभारी निरीक्षक क्राइम गंगा सिंह, उप निरीक्षक शंभू सिंह भार्गव भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बन सकी



जमीन का निरीक्षण करतीं नायब तहसीलदार निशी सिंह। ● अमृत विचार

**● एक पक्ष ने किया मंदिर निर्माण का विरोध, संत पक्ष चाहता था मंदिर का निर्माण कराना**

क्योंकि मंदिर निर्माण का विरोध प्रधान पक्ष के लोग कर रहे थे, वहीं मंदिर निर्माण को लेकर संत डेरा जमाए हैं,नायब तहसीलदार सदर निशी सिंह का कहना है कि जिस जमीन पर मंदिर निर्माण को लेकर विवाद हो रहा है वह जमीन सरकारी है तथा गाटा संख्या 188 बंजर भूमि में दर्ज है।

नायब तहसीलदार ने पुलिस बल को यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिये हैं। बाबा शंकर दास पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम बरतारा ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि लगभग 20 वर्षों से वह भगत बाबा के स्थान पर रह रहा था। 16 वर्ष पहले भगत बाबा के स्थान पर एक कमरे का भी निर्माण कराया था। बाबा ने लगभग 7 वर्ष पूर्व भगत बाबा स्थान पर मंदिर की नींव भी भरवाई थी। कुछ साल पहले वह पूजा अर्चना करने के लिए दूसरे स्थान पर चला गया था। अभी 5 दिन पहले जब वह वापस आया तो देखा कि कमरे में वीरपाल यादव ने भूसा भर रखा है और भगत बाबा मंदिर की जगह पर कब्जा करना चाह रहे है।

# बालाजीपुरम में मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर के मोहल्ला बालाजीपुरम में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर नगदी व लाखों रुपये के जेवर चोरी कर लिए। मकान मालिक अपने बाबा की अस्थियां प्रवाहित करने प्रयागराज गया था। वापस लौटकर आया तो चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के मोहल्ला बहादुरनगर निवासी मानवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि वर्तमान समय में वह मोहल्ला बालाजीपुरम न्यू प्लाटिंग में मकान बनवा कर परिवार के साथ रहते हैं।

शनिवार की सुबह करीब छह बजे वह अपने बाबा स्व. राजेंद्र सिंह की अस्थियां गंगा में प्रवाहित करने के लिए प्रयागराज गए थे। मकान में ताला पड़ा था। इसी

**● बाबा की अस्थियां गंगा में प्रवाहित करने प्रयाग राज गए थे मकान मालिक**

बीच चोरों ने घर का ताला तोड़ दिया और अंदर घुस गए। चोरों ने अलमारी आदि के ताले तोड़कर बेखौफ होकर वहां रखा सारा सामान खंगाल डाला।

रविवार की सुबह करीब तीन बजे जब वह वापस लौटकर घर पर पहुंचे तो मेन गेट का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। घर के अंदर गए तो देखा कि कमरों के ताले टूटे और अलमारियों के ताले टूटे पड़े थे। सारा सामान बिखरा पड़ा था।

यह देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने चोरी होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया है। मकान मालिक की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मंदिर में गंदा पानी भरने से आहत लोगों ने लगाए मकान बिकाऊ है के पोस्टर

संवाददाता, खीरी टाउन

**अमृत विचारः** मोहल्ला हनिया टोला स्थित मंदिर में जलभराव होने की संभावना को लेकर मोहल्लेवासी नाला निर्माण का विरोध कर रहे हैं। इससे नाराज मोहल्ले के कई लोगों ने अपने मकानों पर बिकाऊ का पोस्टर चस्पा कर दिया है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि नाले का निर्माण इस तरीके से कराया जाए कि मंदिर में गंदा पानी न भरे।

रविवार को मंदिर के पास नगर पंचायत द्वारा बनवाए जा रहे नाले के विरोध में लोगों ने अपने घरों पर मकान बिकाऊ की नोटिसें लगा दीं। नोटिस चस्पा करने वाले दिलीप यादव, अखिलेश यादव एवं मोहन आदि का कहना है कि नगर पंचायत जिस स्थान पर नाले का निर्माण करा रही है वह सही नहीं है। नाला बनने के बाद बारिश होने पर ओवरफ्लो होने से सड़कों पर बहने वाला गंदा पानी मंदिर में भरेगा। इससे मंदिर



मकान बिकाऊ लिखवाकर विरोध करते लोग। ● अमृत विचार

**● नगर पंचायत खीरी टाउन के मोहल्ला हनिया टोला का मामला**

**● मोहल्लेवासी बोले नाला बनने से मंदिर में भरेगा गंदा पानी**

में पूजा के लिए आने-जाने वाले वालों को परेशानी होगी। बताते हैं कि इस संबंध में मोहल्ले वासियों ने नाले का निर्माण रुकवाने के लिए अधिकारियों को अवगत कराया था। मगर, इसके बाद भी कोई कार्यवाही न होने पर नाराज मोहल्ले के लोगों ने घरों पर मकान बिकाऊ की नोटिसे चस्पा कर दी हैं। इनका कहना है कि यदि नाले का निर्माण न रुक तो हम सभी पलायन कर जायेंगे।

कस्बे के समाजसेवी डॉ. सलीम खान का कहना है कि यदि नाला निर्माण से लोगों की धर्मिक भावनायें आहत हो रहीं है तो नगर पंचायत को तत्काल प्रभाव से निर्माण रुकवा देना चाहिए। मोहल्लेवासियों संग बैठक कर आम सहमति के बाद ही निर्माण होना चाहिए।

# समर कैंप के समापन पर प्रशिक्षणार्थी पुरस्कृत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** ग्लोबल इंटर कॉलेज में न्यू चिल्ड्रन वेलफेयर सोसाइटी एवं यूनिक स्टेप डांस अकादमी द्वारा कराए गए समर कैंप के समापन पर मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणर्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षणार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने अतिथियों का मन मोह लिया।

समापन समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, कार्यक्रम आध्यक्ष डॉ. कौशल वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजन कर किया। मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा कि समर कैंप के आयोजन से छात्र-छात्राओं में विशेष ऊर्जा मिलती है और प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षिकाओं द्वारा पूरे मनोयोग से छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया

**● प्रशिक्षणर्थियों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

जाता है। सांस्कृतिक मंच पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम सराहनीय हैं। डॉ. कौशल किशोर वर्मा ने सभी छात्र -छात्राओं को सफल अभिनय के लिए बधाई दी। विशिष्ट अतिथि अरविंद पांडेय ने कहा कि समर कैंप के आयोजन से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। समर कैंप के प्रशिक्षक तुषार मिश्रा, प्रशांत वर्मा, अजय रॉक, सर्वजीत रॉक, रिशूरॉक, अभिषेक, अभिनव, ब्यूटी गुप्ता, अर्पणा शुक्ला, करिश्मा गुप्ता, महक गुप्ता, शिवानी सिंह, काजल वर्मा ने छात्र-छात्राओं को समरकैंप में प्रशिक्षण दिया। ग्लोबल इंटर कॉलेज के प्रबंधक शरद गुप्ता, अवधेश वर्मा, प्रभात वाजपेई, राजेश वर्मा, अनुज सिंह, डॉ. केके वर्मा, शिक्षक नरेंद्र वर्मा, सुनील शुक्ला मौजूद रहे।

# मोहर्रम पर नहीं निकाले जाएंगे ऊंचे ताजिया

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचारः** मोहर्रम के मद्देनजर कुकरा चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें पुलिस अधिकारियों ने ताजियादारों को कड़ी नसीहत देते हुये कहा कि आगामी मोहर्रम पर ऊंचे ताजिया नहीं निकाले जाएंगे।

सीओ गवेंद्रपाल गौतम व थाना अध्यक्ष मैलानी निराला तिवारी ने ताजिया बनाने व क्षेत्र के ताजियादारों और मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों के साथ सुरक्षा और शांति व्यवस्था को लेकर चर्चा की। निर्देश दिए कि ताजिए की ऊंचाई 15 फिट हो, जिससे कहीं पर बिजली के तारों पर न फंसे और दुर्घटना से बचा जा सके।

ताजियों की ऊंचाई पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और निर्धारित मापदंड का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई



कुकरा पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक में बोलते सीओ गवेंद्रपाल गौतम।

**● पीस कमटी की बैठक में पुलिस अधिकारियों ने चेताया**

की जाएगी। अधिकारियों ने जनसमुदाय से अपील की कि मोहर्रम जैसे संवेदनशील पर्व को सौहार्द और भाईचारे के वातावरण में मनाया जाए।

इस दौरान चौकी प्रभारी कुकरा अवलीश कुमार पवार के साथ ही कुकरा प्रधान प्रतिनिधि फुरकानुद्दीन उर्फ सिम्मी, प्रधान जनक यादव, मुस्तकीम अंसारी, शान मोहम्मद, रिजवान खान, मैराज खान, अशफाक, बरकतुल्ला, तहसीन मंसूरी, रईस खान, अयूब मास्टर, अलीउल्ला, शाबान, परवेज खान, दीवान अमरीश पटेल, कांस्टेबल सौरभ कुमार, चकित कुमार सहित कस्बा एवं क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति, प्रधान और ताजियादार मौजूद रहे।

# शिविर में 300 लोगों का किया परीक्षण

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः नशाइन हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के संचालक डॉ. कौशल वर्मा ने लन्दनपुर ग्रंट के गांव बाबागंज के प्राथमिक स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन कर 300 लोगों का परीक्षण किया है।कैंप में आर्थापेडिक सर्जन डॉ. कौशल वर्मा की मौजूदगी में उनके स्टाफ ने 300 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं दी गई हैं। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, यूरिक एसिड, नसों व फिजियोथेरेपी की जांचें की गई। स्वास्थ्य कैम्प में आसपास के कई गांवों के जरूरतमंदों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है। सनशाइन हॉस्पिटल परिवार लखीमपुर, सीतापुर, पीलीभीत, बरेली क्षेत्र में सैकड़ों निःशुल्क कैंप में हजारों लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा चुके हैं। शिविर की व्यवस्था में सियाराम वर्मा, अरुण वर्मा, रमाकांत वर्मा, प्रदीप वर्मा, कुलदीप वर्मा, हॉस्पिटल स्टाफ, स्कूल स्टाफ ने सहयोग किया है।

# विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की दिलाई गई शपथ

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कैम्पस कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा ब्रह्माकुमारी और मेडिकल विंग राज योग एजूकेशन और रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्ति जागरुकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ.अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुए जागरुकता अभियान का मुख्य विषय राज योगी जीवन शैली अपनाये, खुद को व्यसन मुक्त स्वस्थ निरोगी बनाए। नशा मुक्ति अभियान के तहत यूथ (छात्र) को नशीले पदार्थों के सेवन करने से हमारे शरीर में पड़ने वाले दुष्प्रभावों तथा इससे आप कैसे बच सकते हैं, को चलचित्र

**● कृषि महाविद्यालय में हुआ नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम**

के माध्यम से बताया गया। छात्रों को समाज में नशे के प्रति जागरूकता लाने के लिए भी प्रेरित किया गया। डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि आज समाज में नशा तो एक मुद्दा है ही परन्तु आजकल एक दूसरा नशा जो कि मोबाइल है का अत्याधिक उपयोग करना छात्रों के बहुमूल्य समय को बर्बाद कर रहा है, जिससे बचना भी समय की मांग है। उन्होंने छात्रों को कम से कम मोबाइल के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गयी। इस अवसर पर डॉ रविंद्रनाथ (चिकित्सा सलाहकार), सह प्राध्यापक डॉ अरुण कुमार, आनंद कुमार पांडे, सतेंद्र कुमार, संजय कुमार त्रिपाठी, रणधीर सहित एनएसएस के 70 छात्र और कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्लेटफार्म पर वेंडर और यात्री में चले डंडे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म पर खाने की गुणवत्ता और अधिक पैसे लेने को लेकर यात्री और वेंडरों में जमकर डंडे चले और प्लेटफार्म पर अफरा-तफरी मच गयी। इस दौरान वेंडर और यात्री घायल हो गए। पुलिस ने दोनों का सरकारी अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराया। स्टेशन पर आए दिन अधिक पैसे को लेकर यात्रियों की वेंडरों से नोकझोंक होती है।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म तीन पर खड़े यात्री को फैजाबाद-दिल्ली से दिल्ली जाना था। रात साढ़े दस बजे उसने एक वेंडर से पूड़ी सब्जी का पैकेट लिया। वेंडर ने खाने के पैकेट के अधिक पैसे लिए थे। खाने के पैकेट में आलू की सब्जी खराब हो गयी थी। उसने वेंडर से कहा कि सब्जी खराब है और पैकेट बदल दो। वेंडर ने यात्री से कहा कि पैकेट नहीं

**● सब्जी खराब होने पर पैकेट बदलने को कहा था,**

**● यात्रियों को आरोप पानी, खाने पर पैकेट पर लेते अधिक पैसे**

बदला जाएगा। इस दौरान यात्री की वेंडर से हाथापाई होने लगी। इस दौरान अन्य वेंडर आ गए। वेंडरों और यात्री में जमकर डंडे प्लेटफार्म चलने लगे। इससे प्लेटफार्म पर अफरा-तफरी मच गयी। जीआरपी मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को थाने ले आयी। जीआरपी ने दोनों का सरकारी अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराया। यात्रियों को आरोप है कि रात में नौ बजे से 11 बजे तक वेंडर पानी बोतल और खाने के पैकेट पर अधिक पैसे लेते है। अधिक पैसे लेने की शिकायत पर झगड़ा करने उतारु हो जाते है। रात के समय अधिकांश अनाधिकृत वेंडर चलते है। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान अली ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

### त्रिवेणी एक्सप्रेस में यात्रियों में नोकझोंक

डाउन लाइन की त्रिवेणी एक्सप्रेस रविवार की सुबह एक बजे प्लेटफार्म



एक पर आकर खड़ी हुई। दो मिनट के स्टापेज को लेकर जनरल कोच में यात्रियों में चढ़ने और उतरने को लेकर नोकझोंक हो गयी। इस दौरान उतर रहे यात्रियों ने एक महिला को बच्चे समेत धक्का दे दिया, जो प्लेटफार्म पर गिर गयी। आरपीएफ की महिला सिपाही ने आकर यात्रियों को डांट लगायी। लेकिन जीआरपी के सिपाही प्लेटफार्म नहीं दिखायी देते है। कुछ यात्री चढ़ने से रह गए तो लोगों ने ट्रेन की चेन पुलिंग कर दी।

# गुरुद्वारे में अखंड पाठ की समाप्ति पर हुआ कीर्तन



गुरुद्वारे में सजा दीवान।

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार :** शारदा नदी से कुछ दूर स्थिति इमिलिया फॉर्म गुरुद्वारे में अखंड पाठ बैठा। जिसकी समाप्ति पर दीवान सजा और कीर्तन-भजन कर लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें निकटवर्ती फार्मो से बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर भाग लिया।

पंजाब के जिला होशियारपुर से आए बाबा गुरमुख सिंह ने सिक्खों के बलिदानी इतिहास को सुनाते हुए कीर्तन- भजन किया। जिसे सुनकर बड़ी संख्या में मौजूद सिक्ख संगत निहाल हुई । शीतल शरबत का वितरण कर लंगर आयोजित किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारे के ग्रंथी बाबा सरजीत सिंह सहित सेवादार गुरदीप सिंह, गुरमीत सिंह,मनरूप सिंह, जसवीर सिंह, रूड सिंह, मनदीप सिंह, लकी, गगन आदि सेवादारों ने बढ़ -चढ़कर भाग लिया।

# भजनों पर झूमे श्याम के दीवाने

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर के मोहम्मदी रोड स्थित कंजा बाबा देवस्थान पर योगिनी एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में हुए संकीर्तन में श्याम भक्त खाटू नरेश के जयकारे लगाते हुए भजनों पर झूमते रहे।

शनिवार देर शाम योगिनी एकादशी पर कंजा बाबा देवस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर में भजन गायकों ने कीर्तन कराओ, ऐसा इतिहास बना दूंगा, ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है, मेरे शीश के दानी का सारे जग में डंका बाजे, हारे का सहारा श्याम खाटू हमारा आदि भजन गाकर श्याम भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन गायकों ने योगिनी एकादशी का महत्व बताते हुए कहा कि इस व्रत को रखने वाला सभी प्रकार के पापों से मुक्त हो जाता है और उसे 88 हजार ब्राह्मणों को भोजन कराने का पुण्य मिलता है। संकीर्तन का समापन श्री खाटू श्याम बाबा की आरती और भक्तों को प्रसाद वितरण कर हुआ। संकीर्तन में अनिल जलोटा, दीपक राजपूत, अजय गुप्ता, सुधीर गुप्ता, मोहित गुप्ता, शिवम गुप्ता, संदीप राजपूत, अभिषेक राजपूत, आयुष गुप्ता, प्रमोद सोनी, मयंक माहेश्वरी, नवनीत श्रीवास्तव, रमेश वर्मा, अनुराग गुप्ता, सुमित राठौर, मुकेश राठौर, प्रवीण रस्तोगी आदि सेवादार मौजूद रहे।



खाटू श्याम के भजन कीर्तन में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## आशा कार्यकर्ता को भेजे अश्लील मैसेज

**बरेली, अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र निवासी आशा कार्यकर्ता ने शोहदे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि वह मीरगंज तहसील क्षेत्र की एक सीएचसी पर आशा कार्यकर्ता है। 19 जून को रात 11 बजे उनके मोबाइल पर अंजान व्यक्ति ने फोन किया।
उठाने पर आरोपी ने कोई जवाब नहीं दिया। जब उन्होंने अपनी ओर से कॉल की, तब भी ध्यान नहीं दिया गया। इसके बाद आरोपी ने अपने व्हाट्सएप नंबर से उनके व्हाट्सएप नंबर पर अश्लील मेसेज और फोटो भेजने शुरू कर दिए। पीड़िता ने बताया कि उन्हें नौ गांवों में जाना होता है। मेसेज आने के बाद उन्हें डर लग रहा है। शिकायत पर किला पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# तीन तस्कर गिरफ्तार, चरस-स्मैक बरामद

## तस्करों के कब्जे से 1.439 किलो स्मैक और 552 ग्राम चरस पुलिस ने किया बरामद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- व्हाट्सएप कॉल और कोडवर्ड में बात करते थे तस्कर

**अमृत विचार :** बारादरी थाना पुलिस ने शनिवार देर रात पीलीभीत रोड पर 99 बीघा मैदान के पास से तीन स्मैक और चरस तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 1.439 किलोग्राम स्मैक और 552 ग्राम चरस और एक बाइक बरामद हुई। तस्करों का सरगना, उसका बेटा और दोस्त फरार हो गए।

प्रेसवार्ता में एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि शनिवार देर रात बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय को सूचना मिली कि कुछ लोग 99 बीघा मैदान के पास स्मैक और चरस की खेप लेकर आए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्मैक तस्कर फारुख, उसके भाई शकील निवासी भिंडौलिया थाना बिथरी चैनपुर और सीबीगंज के स्लीपर रोड लेबर कॉलोनी निवासी मसूद हुसैन को गिरफ्तार किया है। तस्करों का सरगना अफजाल और उसका बेटा बिलाल निवासी एजाजनगर गौटिया और रिजवान निवासी शाहदाना थाना बारादरी फरार है। अफजाल का नेटवर्क नेपाल के अलावा उत्तराखंड, झारखंड समेत अन्य राज्यों में भी है। पुलिस जानकारी कर रही है कि आरोपी नेपाल से किस रास्ते से स्मैक और चरस लेकर आते हैं। फरार आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई हैं।

### नेपाल के रास्ते बरेली पहुंचती है स्मैक

पूछताछ में फारूख, शकील और मसूद हुसैन ने बताया कि अफजाल, बिलाल और रिजवान नेपाल से रोडवेज बस से स्मैक की खेप लेकर बरेली आते हैं। नेपाल में वीर जी उन्हें माल उपलब्ध कराता है। चरस और स्मैक बरेली पहुंचने के बाद वे लोग दिल्ली, रामपुर, उत्तराखंड तक ग्राहकों को भेजते हैं। कुछ ही दिन पहले स्मैक की खेप नेपाल से बरेली आई थी। एसपी दक्षिणी ने बताया कि फारूख टेंपू चालक है। वह जहां भी माल सप्लाई करना होता है और वहां टेंपो लेकर जाता है और दिखावे के लिए सवारियों को बैठा लेता है। जो माल पकड़ा गया है, उसे पशुपति नाथ कॉलोनी में किराये के कमरे पर रह रहे ग्राहक कोदेने के लिए बाइक से जा रहे थे।

### स्मैक को ग्रीन लेबल और चरस को ब्लैक डॉग बोलते

तस्करों ने पूछताछ ने बताया कि वे लोग पुलिस से बचने के लिए व्हॉट्सएप कॉल करते हैं और वजन के लिए कोड वर्ड सी का इस्तेमाल करते हैं। पांच बार सी लिखने पर 500 ग्राम वजन होगा। एक लिखने पर 50 ग्राम वजन होगा। सी इंटू 10 लिखने का मतलब एक किलो वजन होता है। मोबाइल नंबर भी जिले के आरटीओ नंबर के आधार पर फोन में सेव करते हैं, जैसे यदि बदायूं का ग्राहक है तो उसके नाम के स्थान पर वहां का नंबर 2424 सेव करते हैं।

## लिफ्ट देकर बाइक सवार लुटेरों ने युवक को लूटा

**बरेली, अमृत विचार :** बाइक सवार लुटेरों ने एक युवक को लिफ्ट देकर लूट लिया। सुभाषनगर थाना पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर के थाना पुल भट्टा के गांव बरा निवासी सूरज गंगवार ने बताया कि 19 जून को वह सनैया धनसिंह निवासी अपनी मौसी के यहां आया था। दूसरे दिन दोपहर 12 बजे वह अपने मामा के यहां कर्मचारी नगर के लिए पैदल जा रहा था। रास्ते में एक बाइक पर सवार दो लोग मिले और बाइक पर लिफ्ट देकर बैठा लिया। इसके बाद सुनसान जगह श्मशान भूमि सराय तल्फी के पास ले गए। वहां आरोपियों ने उससे मोबाइल, 200 रुपये और घड़ी छीन ली। इसके साथ ही बेल्टों और डंडों से बुरी तरह पीटा। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# सेवानिवृत्त सैन्य अफसर की पोती पर कुत्तों का हमला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सुभाषनगर में मां के साथ रात में टहल रही थी बच्ची

**अमृत विचार:** शहर में आवारा कुत्तों पर लगाम नहीं लग पा रही है। सुभाषनगर में शनिवार रात सेवानिवृत्त सैन्य अफसर की तीन साल की पोती पर कुत्तों ने हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने बच्ची को बचाया।

सुभाषनगर स्थित पटेल विहार में राम प्यारी इंटर कॉलेज रोड निवासी सेना से सेवानिवृत्त अधिकारी दिवाकर लाल की तीन साल की पोती अदिति अपनी मां कल्पना देवी सहित अन्य परिजनों के साथ शनिवार रात बजे गली में टहल रही थी। इसी बीच कुत्तों के झुंड ने अचानक अदिति पर हमला कर दिया। वह उसे दबोचकर खाली प्लाट में ले जाने लगे। जब कल्पना और उनकी बुआ की नजर पड़ी उन्होंने शोर मचाया तो लोग आए और कुत्तों को भगाकर बच्ची की जान बचाई। कुत्तों के हमले में बच्ची के कपड़े फट गए और हाथ-पैर में खरोच आई है।

### हर साल लाखों रुपये होते हैं कुत्तों को पकड़ने पर खर्च

नगर निगम आवारा कुत्तों को पकड़ने में हर साल लाखों रुपये खर्च करता है लेकिन कुत्तों से निजात नहीं मिल पा रही है। नगर निगम के लेखा विभाग से पांच साल में कुत्ता पकड़ने वाली एजेंसी को लाखों रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 27,53,445 लाख का भुगतान किया है।

# इंटरलॉकिंग कार्य के चलते प्रभावित रहेंगी दर्जनों ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गोंडा-बाराबंकी सेक्शन में थर्ड लाइन के नॉन इंटरलाकिंग का होगा काम
- गोरखपुर-अमृतसर समेत 10 ट्रेनें रद्द रहेगी, 21 ट्रेनें बदले रूट से चलेंगी

**अमृत विचार:** गोंडा-बाराबंकी सेक्शन में थर्ड लाइन के नॉन इंटरलाकिंग काम की वजह से रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इसकी वजह से गोरखपुर-अमृतसर समेत 10 ट्रेनें रद्द रहेगी, जबकि जननायक समेत 21 ट्रेनें बदले रूट से चलेंगी। इसके अलावा सुशासन एक्सप्रेस शार्ट टर्मिनेट रहेगी।

उत्तर रेलवे मुख्यालय ने गोंडा में तीसरी रेललाइन निर्माण के चलते ब्लॉक लेने का निर्णय लिया है। इसकी वजह से मुरादाबाद रूट की कई ट्रेनों पर असर पड़ेगा। चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस 25 से 30 जून तक तीन दिन के लिए रद्द रहेगी। गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस का 29 जून, शाहजहांपुर-सीतापुर पैसेंजर का 2 से 4 जुलाई और सीतापुर सिटी-गोंडा का 28 जून से 4 जुलाई तक संचालन निरस्त रहेगा। इसके अलावा समर स्पेशल अमृतसर-छपरा एक्सप्रेस के दो फेरे रद्द रहेंगे।

रेल अधिकारियों के अनुसार अमृतसर जननायक (15211-12),अमृतसर-सहरसा जनसाधारण (15532), डिब्रूगढ़ प्रेस (15904), मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति (12557), अवध असम (15910), बाघ एक्सप्रेस (13019), अंत्तयोदय एक्सप्रेस (22551), मोरध्वज (14692), लोहित एक्सप्रेस (15651-52), अमृतसर जनसेवा (14617-18), शहीद एक्सप्रेस (14673-74), अमरनाथ एक्सप्रेस (15098), गोरखपुर-आनंद विहार (15057-58), आनंद विहार-सहरसा (15530) और सहरसा-आनंद विहार (05577-78) ट्रेनों को बदले मार्ग से संचालित किया जाएगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता के अनुसार एनआई वर्क के चलते मंडल में कई रेल गाड़ियों के संचालन में फेरबदल किया गया, बदले मार्ग से चलने वाली ट्रेनें एक से तीन दिन तक प्रभावित रहेगी।

## फ्रेंचाइजी देने के बहाने 6.50 लाख की ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** कोरियर कंपनी की फ्रेंचाइजी देने के झांसा देकर जालसाज ने एक व्यक्ति से 6.50 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराकर ठग लिए। पैसे मिलने के बाद आरोपी ने फोन बंद कर लिया, तब व्यक्ति को ठगी का एहसास हुआ। व्यक्ति ने साइबर थाना में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

फरीदपुर कस्बा के मोहल्ला परा निवासी ऋतिक सक्सेना ने बताया कि 8 सितंबर 2024 को उनके मोबाइल नंबर पर एक व्यक्ति ने कॉल की और लॉजिस्टिक कम्पनी डलास ई-कम इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के बारे में जानकारी दी। बताया कि कंपनी की फ्रेंचाइजी लेने पर अच्छी आमदनी होगी। ठग ने उन्हें बताया कि फीस जमा होने के बाद उसे फ्रेंचाइजी मिल जाएगी। कार्यालय का खर्चा, बिजली बिल, आदि कंपनी द्वारा दिया जाएगा। झांसे में आकर उन्होंने आरोपी के खाते में 6.50 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। खाते में पैसे पहुंचने के बाद ठग ने अपना मोबाइल बंद कर लिया, तब ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने साइबर थाना में तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ मोबाइल नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# इंतजार खत्म...पुल पर वाहनों की आवाजाही शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शेरगढ़ के गांव पदमी और कस्बापुर के बीच किच्छा नदी पर बने पुल की एप्रोच रोड बनी
- 30 गांव के हजारों लोग झेल रहे थे मुसीबत, नौ माह बाद मिलेगी बड़ी राहत

**अमृत विचार:** नौ महीने के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार शेरगढ़ में किच्छा नदी पर बना अधूरा पुल तैयार हो गया है। एप्रोच रोड बनने के बाद रविवार से पुल पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है और 30 गांवों के हजारों लोगों को बड़ी राहत मिली है। अभियंता का कहना है कि बारिश के बाद पुल की एप्रोच रोड पर डामर बिछाने का काम शुरू किया जाएगा।

शेरगढ़ के गांव पदमी और कस्बापुर गांव के बीच किच्छा नदी पर पुल 2022 में बना था। सितंबर 2024 में बाढ़ से इसकी एप्रोच रोड बहने के बाद से पुल ऐसे ही खड़ा था। जिस कारण शेरगढ़, कस्बापुर, बरीपुरा, रजपुरा, मोहम्मदपुर, टांडा, मानपुर समेत 30 गांवों के लोगों को ब्लाक मुख्यालय जाने के लिए 15 से 20 किलोमीटर लंबी दूरी तय करनी पड़ रही थी। 20 मार्च को बहेड़ी में संसदीय दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से ग्रामीणों ने एप्रोच रोड बनवाने की मांग की थी। जिसके बाद अप्रैल में एप्रोच करोड़ के लिए एक करोड़ का बजट जारी मिला फिर काम शुरू कर दिया गया।

एक्सईएन भगत सिंह का कहना है कि मानसून के दिनों में क्षेत्र के हजारों लोगों की दिक्कत को देखते हुए पुल का काम तेज गति से कराया गया।

शनिवार को काम पूरा करने के साथ ही रविवार से पुल पर वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई। पुल की एप्रोच रोड पर केवल डामर बिछाने का काम बाकी है। मानसून में एप्रोच रोड की मिट्टी पूरी तरह ठोस हो जाएगी।

इसके बाद पांच से छह दिन के लिए पुल की आवाजाही को रोक बचा हुआ काम भी पूरा हो जाएगा।

# छात्रा से राह चलते बाइक सवार ने की छेड़खानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वीडियो वायरल होने बाद आरोपी की हुई पहचान

**अमृत विचार :** कोचिंग से घर जा रही छात्रा के साथ बाइक सवार शोहदे ने अश्लील हरकतें की और भाग गया। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पहचान होने पर छात्रा के पिता ने आरोपी के खिलाफ थाना इज्जतनगर में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी को तलाश कर रही है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 15 वर्षीया छात्रा शनिवार को कोचिंग पढ़कर 3.30 बजे अपने घर वापस जा रही थी। रास्ते में बाइक सवार युवक पहले आगे चला जाता है और बाद में वापस आकर छात्रा को सामने से छूता है। इस पर छात्रा आरोपी से कुछ कहती है लेकिन बाइक सवार भाग जाता है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी वीडियो वायरल होने के बाद छात्रा के पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के पिता ने बताया कि आरोपी का नाम मुसब्बिर है और वह कमलनयनपुर का निवासी है। इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर इज्जतनगर बिजेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी को तलाश किया जा रहा है।

## फूलों की घाटी में पर्यटकों से लूटपाट, तीन गिरफ्तार

**देहरादून, अमृत विचार:** चमोली घूमने आए उत्तर प्रदेश के पर्यटकों से लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

एसपी चमोली सर्वेश पंवार ने रविवार को बताया कि बीते शुक्रवार गाजियाबाद निवासी प्रेम कुमार ने थाना गोविन्द घाट पर सूचना दी थी कि वे अपने दो पुरुष व दो महिला साथियों के साथ फूलों की घाटी घूमने आए थे। जहां रात करीब 12 बजे घांघरिया स्थित लक्ष्मण गंगा नदी पर बनी पुलिया के पास तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया तथा उन सभी के साथ लाठी-डंडों व पत्थरों से मारपीट की।

# जनप्रतिनिधि ने सिटी बस रोककर कंडक्टर के साथ की मारपीट

**बरेली, अमृत विचार:** सिटी बस के कंडक्टर इंद्रजीत ने एक जनप्रतिनिधि पर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शाही थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बहेड़ी के नगर पालिका परिसर में रहने वाले इंद्रजीत सिंह ने बताया कि वह सिटी बस के कंडक्टर हैं। शनिवार सुबह करीब 11 बजे वह बहेड़ी से बस लेकर बरेली आ रहे थे कि रास्ते में रम्पुरा मोड़ के पास एक जनप्रतिनिधि ने अपनी स्कार्पियो को बस के आगे लगाकर रोक दिया। बस रोकते ही स्कार्पियो में सवार जनप्रतिनिधि समेत चार-पांच लोग उतरे और जाति सूचक शब्दों को इस्तेमाल करते हुए मारपीट करने लगे। कहा कि तेरी हिम्मत कैसे हुई मेरी स्कार्पियो से बस आगे निकालने की।

इंद्रजीत के मुताबिक किसी तरह बस में सवार यात्रियों ने बीच बचाव कराया। जिसके बाद थाने जाकर तहरीर दी। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि कंडक्टर के शिकायती पत्र पर मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में यदि आरोप सही मिले तो कार्रवाई की जाएगी।

## आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी राष्ट्रपति

**बरेली, अमृत विचार:** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) का 11वां दीक्षांत समारोह 30 जून को स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रहेंगी। राष्ट्रपति कार्यालय से उनके कार्यक्रम की अनुमति मिल गई है।

राष्ट्रपति को कार्यक्रम में बुलाने के लिए आईवीआरआई प्रशासन कई महीनों से प्रयासरत था। समारोह के दौरान राष्ट्रपति की ओर से विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के विद्यार्थियों को उपाधियां और पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। समारोह में 576 छात्र-छात्राओं जिसमें बीवीएससी एंड एएच के 41, एमवीएससी के 328, पीएचडी की 207 को उपाधियां और पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा 24 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# पोल में उतरे करंट से युवक और गाय की मौत

- पुलिस ने सप्लाई बंद कराकर गाय और युवक के शव को हटवाया

**सीबीगंज, अमृत विचार :** बिजली के पोल में करंट उतरने से युवक और गाय की मौत हो गई। गांव के लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची सीबीगंज थाना पुलिस ने फोन करके बिजली सप्लाई बंद कराई और दोनों के शव को घटना स्थल से हटवाया।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव नदोसी निवासी देवेंद्र कुमार (46) पुत्र भूपराम रविवार शाम करीब 4 बजे अपनी गाय चराने के लिए गया था। वह परसाखेड़ा में बरेली दिल्ली हाईवे पर भोजीपुरा विधायक के बंद पड़े पेट्रोल पंप के सामने गाय चरा रहा था। वहीं से 11 हजार वोल्टेज की बिजली की लाइन जाती है। वहीं पर स्थित पोल में अचानक करंट उतर आया। वहां से देवेंद्र की गाय निकली और करंट की चपेट में आकर तड़पने लगी। देवेंद्र गाय को बचाने के लिए आगे बढ़ा तो वह भी करंट की चपेट में आ गया। कुछ ही देर में गाय और देवेंद्र की मौत हो गई। रात 9 बजे तक जब देवेंद्र घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसे तलाश किया। तब खेत में देवेंद्र और गाय का शव पड़ा देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सीबीगंज पुलिस ने विद्युत उपकेंद्र को फोन करके सप्लाई बंद कराई। इसके बाद गाय और देवेंद्र के शव को घटना स्थल से हटाया। पोलियो ग्रस्त होने के कारण देवेंद्र आंशिक रूप से दिव्यांग था। देवेंद्र की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## लाइन फेल होने से 20 से अधिक ट्रेनें प्रभावित

**बरेली, अमृत विचार:** रेलवे की ओएचई लाइन फेल होने से 20 से अधिक ट्रेनें रविवार को प्रभावित रहीं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार को रामपुर-बरेली के बीच नगरिया सादात और बरेली-फरीदपुर के बीच रसोइया के पास ओएचई लाइन फेल होने के कारण ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। इसकी वजह से दिल्ली- लखनऊ रूट पर 04517 वाराणसी-बठिंडा एक्सप्रेस तीन घंटे और 04029 मुजफ्फरपुर-आनंद स्पेशल ट्रेन नौ घंटे और 04011 दरभंगा-दिल्ली स्पेशल ट्रेन तीन घंटे की देरी से आई।

इसके अलावा 13307 गंगा सतलुज एक्सप्रेस, 15909 अवध असम एक्सप्रेस, 12588 गोरखपुर एक्सप्रेस, 12328 उपासना एक्सप्रेस, 12231 चंडीगढ़ एक्सप्रेस, 15119 जनता एक्सप्रेस, 13019 बाघ एक्सप्रेस, 13005 हावड़ा मेल, 15043 काठगोदाम-लखनऊ एक्सप्रेस भी देरी से पहुंची।

# चौपुला पुल: हर ज्वाइंट पर चालकों को लग रहे झटके



चौपुला पुल से गुजरता ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** बदायूं रोड पर चौपुला पुल के एक्पेंशन ज्वाइंट ने राहगीरों का दर्द और बढ़ा दिया है। पिछले दिनों पुल के ज्वाइंट का गैप कम करने के लिए आसपास की सड़क उधेड़ी गई थी। इससे समाधान होने की बजाय समस्या और बढ़ गई। दोपहिया वाहन सवारों और ई-रिक्शा में बैठे लोगों को ज्वाइंट से गुजरने के दौरान जोर का झटका लग रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस पुल से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**फरीदपुर अमृत विचार :** लखनऊ हाईवे पर जेड गांव के पास बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। फरीदपुर के मोहल्ला फर्रखपुर निवासी हाशिम (23) अपने घर से बरेली के लिए रविवार दोपहर 12 बजे बाइक से जा रहा था, जैसे ही वह जेड गांव के पास पहुंचा तभी किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और हाशिम अली गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रिक्शा खंभे से टकराया, महिला व बच्चे की मौत

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** मनोना धाम से दर्शन कर लौटते समय गैनी-अखा मार्ग पर जितौर गांव के पास ई-रिक्शा खंभे से टकराया। हादसे में एक महिला और बच्चे की मौत हो गई।

हल्का इंचार्ज एसआई विजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को मनौना धाम से सवारी भरकर एक ई -रिक्शा बरेली को जा रहा था जो शाम 6:00 बजे जितौर गांव के पंचायत घर के पास लगे खंभे से टकरा गया। जिसमें बैठे जनपद फर्रुखाबाद के थाना अमृतपुर के कुमरोर गांव के देवेंद्र मिश्रा का ढाई वर्ष का बेटा मोक्ष मिश्रा, और जिला हरदोई के थाना पाली के गोपालपुर गांव के अजय कुमार की पत्नी शोभा ( 34) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनको ग्रामीणों ने एक टेंपो रोककर बरेली अस्पताल भिजवाया जहां रास्ते में ही दोनों ने दम तोड़ दिया। रविवार को दोनों का पोस्टमार्टम कराया गया इसके बाद दोनों ही शवों को अपने-अपने गांव ले गए।

**कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स,193 ए सिविल लाइन्स बरेली**
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था नन्ही देवी मैमोरियल एजूकेशनल सोसाइटी, पता ग्राम मुड़सेना मदारी पो. परेवा वैश्य पीलीभीत पत्रावली सं. बी-750 की नवीनीकरण के सम्बन्ध में नोटरीशपथ पत्र के साथ प्रपत्र श्री दीपक द्वारा प्रबन्धक की हैसियत से प्रस्तुत किये गये हैं। वर्तमान में प्रस्तुत प्रबन्धकारिणी समिति की सूची वर्ष 2025-26 पदाधिकारी / सदस्य दर्शाये गये हैं-

| क्र. | नाम व पिता का नाम | पता | पद |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मीना देवी पत्नी श्री जगदीश प्रसाद | ग्राम मुड़सेना मदारी पो. परेवा वैश्य, तह. अमरिया पीलीभीत | अध्यक्ष |
| 2 | श्री प्रेम चन्द पुत्र श्री जागन लाल | ग्राम मुड़सेना मदारी पो. परेवा वैश्य, तह. अमरिया पीलीभीत | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री दीपक पुत्र श्री जगदीश प्रसाद | ग्राम मुड़सेना मदारी पो. परेवा वैश्य, तह. अमरिया पीलीभीत | प्रबन्धक |
| 4 | श्री ओम प्रकाश पुत्र स्व. श्री घासी राम | ग्राम मुड़सेना मदारी पो. परेवा वैश्य, तह. अमरिया पीलीभीत | सचिव |
| 5 | श्रीमती सीमा देवी पत्नी श्री मदन लाल | ग्राम मुड़सेना मदारी पो. परेवा वैश्य, तह. अमरिया पीलीभीत | सदस्य |
| 6 | श्री लालता प्रसाद पुत्र स्व. श्री रघुवर दयाल | ग्राम मुड़सेना मदारी पो. परेवा वैश्य, तह. अमरिया पीलीभीत | सदस्य |
| 7 | श्री राम रतन पुत्र स्व. श्री घासी राम | ग्राम मुड़सेना मदारी पो. परेवा वैश्य, तह. अमरिया पीलीभीत | सदस्य |
| 8 | श्री भूरा शाह पुत्र स्व. श्री अहमद शाह | ग्राम मुड़सेना मदारी पो. परेवा वैश्य, तह. अमरिया पीलीभीत | सदस्य |

उक्त के सम्बन्ध में संस्था के किसी भी भूतपूर्व अथवा वर्तमान पदाधिकारी/सदस्यों को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति अभिलेखीय साक्ष्यों सहित सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है, यदि उक्त निर्धारित अवधि में किसी की कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह समझा जायेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है, तदोपरान्त आपत्ति के अभाव में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी भूतपूर्व/वर्तमान सदस्यों की होगी। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सो.रजि. अधि. 1860 की धारा 4-क, के "परन्तुक" के अन्तर्गत जारी की जा रही है।
**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली।**

# तस्करी कर ले जाया जा रहा कछुआ बरामद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी/सितारगंज

**अमृत विचार :** जंगलात ने तराई के जंगलों से तस्करी कर लग्जरी कार में ले जाया जा रहा कछुआ बरामद किया है हालांकि तस्कर मौके से फरार होने में सफल हो गया। वन टीम ने कार को सीज करने के साथ ही अज्ञात तस्कर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

तराई पूर्वी वन डिवीजन की टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को ऊधम सिंह नगर के सितारगंज में झाड़ी वाला मंदिर के समीप सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस बीच टीम को एक लग्जरी कार आती दिखाई दी। जब टीम ने चालक को कार रोकने के लिए कहा तो चालक ने कार रोकी और वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। वन कर्मी चालक को पीछे पकड़ने के लिए दौड़े जबकि कुछ ने कार की तलाशी ली। जब कार चेक की तो एक कछुआ बरामद हुआ। वन अधिकारियों के अनुसार पकड़ा गया कछुआ इंडियन सॉफ्टशेल प्रजाति का है। कछुए का वजन लगभग 15 किग्रा है। टीम ने कछुए को पकड़ लिया, उसे प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा। वहीं तस्करी में इस्तेमाल की जाने वाली कार को सीज कर लिया है। वन विभाग कार स्वामी का पता लगाने में जुट गया है। साथ ही यह भी पता कर रहा है कि तस्कर कछुए को किसी अन्य तस्कर से लेकर आया था या बेचने के लिए लेकर जा रहा था। फिलहाल वन विभाग ने अज्ञात के खिलाफ वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच रेंजर महेंद्र सिंह रैकुनी को दी गई है, उन्होंने जांच शुरू कर दी है।



वन टीम सीज कार व कछुए के साथ। ● अमृत विचार



> मुखबिर की सूचना पर वन टीम ने सितारगंज से इंडियान सॉफ्टशेल प्रजाति का कछुआ पकड़ा है। कार को सीज कर दिया गया है जबकि कार स्वामी का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही तस्कर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और तस्करी के तार भी ढूंढे जाएंगे। **-हिमांशु बागरी,** डीएफओ

### ऊधमसिंह नगर में है बेहद मांग

**हल्द्वानी :** वन अधिकारियों के अनुसार, अमूमन कछुओं को उनके मांस के लिए शिकार किया जाता है। कछुओं की ऊधम सिंह नगर के दिनेशपुर, ट्रांजिट कैंप, सीतागंज और शक्तिफार्म जैसे इलाकों में बेहद मांग रही है।

# मुखानी-बनभूलपुरा से 3 किशोरियां गायब, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुखानी थानाक्षेत्र का पहला मामला 20 जून का है। कठघरिया निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि बीती 20 जून की शाम करीब 4 बजे उनकी 14 वर्षीय बेटी गायब हो गई। उन्होंने बेटी की तलाश की, लेकिन वो नहीं मिली। दूसरे मामले में कमलुवागांजा निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि बीती 21 जून की सुबह उनकी 16 वर्षीय भांजी घर से निकली और लौट कर नहीं आई। तलाश शुरू की और जब नहीं मिली तो लौट कर घर पहुंचे। घर में उन्हें भांजी का लिखा एक पत्र मिला। इसमें उसने लिखा कि मेरे पापा मुझे प्यार नहीं करते हैं इसलिए मैं घर छोड़कर जा रही हूं। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि दोनों मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। जल्द ही दोनों किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा। उधर, गफूर बस्ती निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी लाइन नंबर 8 निवासी एक व्यक्ति के घर में बच्चों की देखभाल करती है। पुलिस ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

शोध निदेशालय
Directorate of Research
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in
**Ph.D. Admission Notice**
Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.
REGISTRAR

# सबको मिलेगा न्याय : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● जनता दर्शन में योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। आश्वस्त किया कि सबको न्याय मिलेगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से प्रार्थना पत्रों को लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में आईं जमीन कब्जा संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को कानूनी सबक सिखाएं। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

# शिक्षित, अशिक्षित युवाओं के लिए फुलप्रूफ योजना तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● स्वव्यवसाय और नौकरी दोनों क्षेत्रों के लिए तैयार किया ट्रेनिंग मॉड्यूल
● पहले ट्रेनिंग देकर बनाएंगे प्रोफेशनल फिर नौकरी भी देगी सरकार

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने शिक्षित और अशिक्षित दोनों तरह के युवाओं का ध्यान रखते हुए उनके स्वावलंबन की फुलप्रूफ योजना तैयार की है। इस क्रम में स्वव्यवसाय और नौकरी दोनों क्षेत्रों के लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किया गया है। ऐसे युवाओं को उनकी योग्यता व दिलचस्पी के मद्देनजर पहले ट्रेनिंग देकर प्रोफेशनल बनाया जाएगा, फिर नौकरी भी सरकार ही देगी या दिलवाने में मददगार बनेगी।

दरअसल, योजना के मुताबिक अब उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित 75 प्रतिशत युवाओं को प्रदेश में ही नौकरी दिलाई जाएगी। अभी तक ट्रेनिंग पार्टनर दूसरे राज्यों में इन युवाओं को नौकरी दिलाते हैं। ऐसे में रोजगार पाने वाले युवा विभिन्न कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं या नहीं उसका सत्यापन करना कठिन होता है। इतना ही नहीं, ऐसे युवाओं को बाहर रहने और खाने का अलग से खर्च करना पड़ता है। वह अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाते हैं।

नयी रणनीति के अनुसार, राज्य में ज्यादातर युवाओं को नौकरी दिलाकर जिलाधिकारियों के माध्यम से सत्यापन कराया जाएगा। यही नहीं अभी तक न्यूनतम नौ हजार रुपये मानदेय दिया जाता है और अब इन कुशल कर्मियों को 12 हजार रुपये न्यूनतम मानदेय मिलेगा।

वहीं, दूसरी ओर दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में अब रोजगार दिलाने के साथ ही युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने में भी मदद की जाएगी। उन्हें बैंक लोन दिलाने के साथ ही अन्य सेवाएं भी दिलाई जाएंगी। स्वरोजगार की ओर युवा कदम बढ़ाएं इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनकी सहायता की जाएगी। बाजार की मांग के अनुरूप नए ट्रेनिंग प्रोग्राम भी शुरू किए जाएंगे।

### जर्मनी और जापान में भी रोजगार के अवसर

प्रदेश सरकार की ओर से इजराइल में युवाओं को नौकरी दिलाने के बाद अब जर्मनी व जापान में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यूपी के युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। देश के साथ ही अब विदेश में भी युवाओं को रोजगार मिले इसके लिए यह मिशन गठित किया जा रहा है।

> इस साल उप्र. कौशल विकास मिशन को युवाओं के हितों के लिए नए कलेवर में लाया जा रहा है। युवा जब अपने राज्य में ही नौकरी करेंगे तो वह यहां की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाने में अपना योगदान करेंगे।
>
> – डॉ. हरिओम प्रमुख सचिव कौशल विकास विभाग

## एक नजर

### चार जिलों के धार्मिक स्थलों का होगा विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग द्वारा करीब छह करोड़ 46 लाख रुपये की धनराशि से बदायूं, बरेली, बिजनौर और शाहजहांपुर में स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों का विकास कराया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बदायूं के उसावा रोड स्थित बोधिसत्व अम्बेडकर बुद्ध विहार में 56.86 लाख रुपये से पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेंगी। बरेली के अहिक्षेत्र पार्श्वनाथ अतिशय तीर्थ क्षेत्र दिगंबर जैन मंदिर एवं रामनगर किले के पर्यटन विकास के लिए कुल 1.39 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। बरेली के ही भोजीपुरा स्थित सेमीखेड़ा दाऊजी प्राचीन शिव मंदिर के लिए 1.39 लाख रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। शाहजहांपुर के पुवायां के ग्राम गुढ़िया स्थित 52 दरवाजा ठाकुर जी मंदिर का 45.39 लाख रुपए से पर्यटन विकास कार्य कराया जा रहा है।

### डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठियां आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सोमवार को भाजपा जिला स्तर पर संगोष्ठियां आयोजित करेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, सांसद, विधायक संगोष्ठियों के माध्यम से डॉ. मुखर्जी के प्रेरक जीवन पर संवाद करते हुए जनमानस को राष्ट्रीय और सामाजिक सरोकार से जोड़ेंगे।

### गन्ने की 243 किस्में किसानों को दे रहीं लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** गन्ने की 243 सर्वोत्तम किस्में प्रदेश के किसानों को ज्यादा लाभ दे रही हैं। इस बीच, राज्य सरकार ने गन्ना किसानों को समुचित सुविधाएं देने के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में 10 वर्षों के भीतर गन्ने की जलवायु आधारित किस्मों का विकास किया गया है। प्रदेश में 59 प्रमुख किस्में उगाई जा रही हैं। इनमें 28 अगेती और 31 मध्य पछेती वर्तमान में काफी सफलतापूर्वक प्रयोग की जा रही हैं।

# निजीकरण का टेंडर होते ही शुरू होगा सामूहिक जेल भरो अभियान

## बिजली महापंचायत में लिया गया फैसला, सभी किसान संगठनों का खुला समर्थन




लखनऊ में आशियाना स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रेक्षागृह में आयोजित बिजली महापंचायत में शामिल कर्मचारी नेता। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● बिजली कर्मियों के साथ रेल कर्मचारी, राज्य कर्मचारी, किसान और उपभोक्ता भी होंगे शामिल

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण का टेंडर होते ही बिजली कर्मी सामूहिक जेल भरो अभियान शुरू करेंगे। बिजली कर्मियों के साथ रेल कर्मचारी, राज्य कर्मचारी, किसान और उपभोक्ता भी अभियान में शामिल होंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को आशियाना में हुई बिजली महापंचायत में यह फैसला लिया।

महापंचायत में संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महामंत्री शिव गोपाल मिश्र, संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दर्शन पाल, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया के कार्यकारी निदेशक रमानाथ झा, नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स के संयोजक सुदीप दत्त, ऑल इंडिया पॉवर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष आरके त्रिवेदी, ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के एके जैन और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद व राज्य कर्मचारी महासंघ के सभी नेताओं ने लामबंद होकर निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के साथ आंदोलन चलाने की घोषणा की। महापंचायत में राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन के संरक्षक सतनाम सिंह, अध्यक्ष अजय कुमार, महासचिव बलबीर यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश कुमार यादव, जीबी पटेल व जय प्रकाश ने संघर्ष के प्रस्ताव का समर्थन किया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारी संजय सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, छोटे लाल दीक्षित आदि शामिल हुए।

### कई संगठनों ने की आंदोलन के समर्थन की घोषणा

संयुक्त किसान मोर्चा के नेता डॉ. दर्शन पाल और ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक रमानाथ झा ने बिजली महापंचायत को ऑनलाइन संबोधित किया। साथ ही प्रदेश के बिजली कर्मचारियों को सभी किसान संगठनों की ओर से खुले समर्थन की घोषणा की। राज्य कर्मचारियों की ओर से सतीश पांडेय, शशि कुमार मिश्रा, एसपी तिवारी, हरिशरण मिश्र, मनोज पांडेय, अमरनाथ यादव, सुरजीत सिंह निरंजन, अटेवा के विजय बंधु व शिक्षक नेता रीना त्रिपाठी ने निजीकरण के विरोध में सामूहिक संघर्ष की घोषणा की। इसी तरह, उप्र पॉवर ऑफिसर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष आरपी केन ने निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र को समर्थन देने की घोषणा की।

### 9 जुलाई को होगी सांकेतिक हड़ताल

प्रदेश में किये जा रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में 9 जुलाई को देश के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल करेंगे। हड़ताल की तैयारी में 2 जुलाई को देशभर में व्यापक विरोध किया जाएगा। बिजली महापंचायत में प्रस्ताव पारित कर यह फैसला लिया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से बिजली सार्वजनिक क्षेत्र में रहना आवश्यक है। निजीकरण के बाद बहुराष्ट्रीय निजी कंपनियों के आने से देश की बिजली ग्रिड सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

# यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में दर्ज हुआ सोनभद्र का फॉसिल्स पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● योगी के इको टूरिज्म प्रयासों का असर अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर जीवाश्म पार्क को मिली ख्याति
● 1.4 अरब वर्ष पुराना पार्क संरक्षित सबसे पुरानी सर्वश्रेष्ठ स्ट्रॉमैटोलाइट्स

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने दुनिया के सबसे प्राचीन जीवाश्म पार्क में शुमार सोनभद्र के सलखन फॉसिल्स पार्क को विश्व धरोहर के लिए बनी सूची में शामिल करने में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सलखन फॉसिल पार्क का विवरण अब यूनेस्को की वेबसाइट https://whc.unesco.org/en/tentativelists/6842/ पर देखा जा सकता है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन को नई उड़ान मिलेगी।

फॉसिल्स पार्क को यूनेस्को की सूची में दर्ज कराने के लिए 26 जून 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र इको पर्यटन विकास बोर्ड और राजधानी स्थित बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान के बीच एमओयू हुआ था। इसके तहत संस्थान की ओर से फॉसिल्स पार्क पत्थरों पर मौजूद जीवाश्म का अध्ययन किया गया, जिसमें 1.4 अरब वर्ष पुराने शैवाल और स्ट्रॉमैटोलाइट्स के जीवाश्म पाए गए। यह धरती पर प्राचीन जीवन के प्रमाण देते हैं। इन साक्ष्यों के आधार पर यूनेस्को की सूची में पार्क को



शामिल करने के लिए आवेदन किया गया। जबकि विश्व की सूची में पहले से सम्मिलित अमेरिका के येलो स्टोन पार्क के जीवाश्म लगभग 50 करोड़ वर्ष पुराने, कनाडा के मिस्टेकन प्वाइंट के जीवाश्म लगभग 55 करोड़ वर्ष पुराने व कनाडा के जॉगिंस फॉसिल क्लिफ के जीवाश्म 31 करोड़ वर्ष पुराने हैं।

फिलहाल, सलखन फॉसिल्स पार्क को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज की टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किया गया है। राज्य के पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्र ने बताया कि यूनेस्को की स्थाई सूची में दर्ज कराने के लिए डोजियर तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द ही भारत सरकार को सौंप दिया जाएगा। इसके बाद इसे यूनेस्को को भेजा जाएगा।

उन्होंने उम्मीद जतायी है कि आगामी 2 वर्षों में फॉसिल्स पार्क को यूनेस्को की स्थायी सूची में स्थान मिल सकता है। इससे जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को ख्याति प्राप्त होगी, वहीं वैश्विक स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### 25 हेक्टेयर में फैला है फॉसिल्स पार्क

पृथ्वी की प्राचीन धरोहर में बढ़ती राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रुचि के बीच सलखन फॉसिल पार्क कैमूर वन्यजीव अभयारण्य और विंध्य पर्वत श्रृंखला के बीच एक सुंदर भू-भाग में स्थित है। 25 हेक्टेयर में फैला यह स्थल प्राचीन बलुआ पत्थर में संरक्षित कुछ सबसे पुरानी और सर्वश्रेष्ठ स्ट्रॉमैटोलाइट्स (प्राचीन, परतदार, सूक्ष्मजीवों से बने चट्टान के गठन) का घर है, जो लगभग 1.4 अरब वर्ष पुरानी हैं। ये जीवाश्म सूक्ष्मजीव संरचनाएं पृथ्वी पर जीवन के सबसे प्रारंभिक रूपों का प्रतिनिधित्व करती हैं और ग्रह के जैविक अतीत में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं।

### दो दिवसीय दौरे पर आज काशी पहुंचेंगे शाह और योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** काशी मंगलवार को ऐतिहासिक मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की मेजबानी करने जा रहा है। इसकी अध्यक्षता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी रहेंगे। सभी मुख्यमंत्री सोमवार शाम लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर अमित शाह का स्वागत करेंगे। सभी अतिथि काशी कोतवाल काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी द्वारा आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक मंगलवार को करीब सुबह 11 बजे से 2 बजे तक ताज होटल में प्रस्तावित है। बैठक को लेकर प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। बैठक में चारों राज्यों के मुख्य सचिव समेत कई विशिष्टजन और नीति आयोग के साथ अंतरराज्यीय परिषद के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। वहीं गृह मंत्री अमित शाह के वाराणसी आगमन पर भाजपा ने परंपरा के अनुरूप 11 स्थानों पर स्वागत की तैयारी की है। गृह मंत्री काशी के विश्व प्रसिद्ध हस्तशिल्प जीआई टैग उत्पादों की प्रदर्शनी में भी हिस्सा लेंगे। इसमें काशी के 10 विशिष्ट जीआई-टैग वाले उत्पाद प्रदर्शित होंगे।

# ऑनलाइन व डिजिटल कार्य में बिहार से पीछे यूपी की टीम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● यूपी के मुकाबले बिहार के करीब नौ गुना अफसर और कर्मियों ने ली ट्रेनिंग
● भारत सरकार के मिशन कर्मयोगी योजना के आंकड़ों से हुआ खुलासा

**अमृत विचार :** ऑनलाइन और डिजिटल काम करने में यूपी के अफसर-कर्मचारी बिहार से भी पीछे है। यह खुलासा ऑनलाइन कार्मिक प्रशिक्षण देने वाली भारत सरकार की मिशन कर्मयोगी योजना के आंकड़ों से हुआ है। हाल यह है कि यूपी के मुकाबले बिहार के करीब नौ गुना अधिक अफसर-कर्मियों ने ट्रेनिंग ली है। यहां ट्रेनिंग के लिए पंजीकरण कराने से भी लोग कतरा रहे हैं। अब मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्मिक विभाग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं।

डिजिटल और ऑनलाइन कार्य करने की दक्षता व प्रशिक्षण हासिल में बिहार ने पूरे देश में झंडे गाड़े हैं। जबकि उत्तर प्रदेश दूसरे और आंध्र प्रदेश तीसरे स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार बिहार में इस योजना के तहत 28 मई तक कुल 13,71,134 कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए चिन्हित किया गया। इनमें से 9,67,886 कर्मियों का डिजिटल प्रशिक्षण व कोर्स पूरा करने के लिए नामांकन हुआ है, जिसमें बिहार के 6,43,784 कर्मचारियों ने ट्रेनिंग पूरी कर ली है। काम काज भी शुरू कर दिया है। इसके मुकाबले उत्तर प्रदेश में स्थिति चिंताजनक है। यहां 28 मई तक कुल 9,14,845 अधिकारी व कर्मचारी पंजीकृत हुए। इनमें से सिर्फ 1,30,936 कर्मियों का कोर्स के लिए पंजीकरण हुआ हैं। इसमें से भी महज 74,096 की ही ट्रेनिंग पूरी हुई। यानी बिहार की तुलना में यूपी के कर्मचारी अभी मिशन कर्मयोगी के तहत डिजिटल कौशल प्रशिक्षण में काफी पीछे हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 24 मई को दिल्ली में मिशन कर्मयोगी के बारे में बैठक की थी।

मिशन कर्मयोगी का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों कर्मचारियों को पारंपरिक कार्य प्रणाली से आगे ले जाकर डिजिटल माध्यमों पर दक्ष बनाना है। इसके अंतर्गत उन्हें ई-ऑफिस, ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन फाइल निपटान, डिजिटल डाटा मैनेजमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के जरिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।


### यूपी में सिर्फ 14 फीसदी नामांकन

मिशन कर्मयोगी के आंकड़ों पर नजर डालें तो बिहार में लगभग 70 प्रतिशत कर्मियों का नामांकन पूरा हो चुका है, जबकि उत्तर प्रदेश में यह प्रतिशत महज 14 के आसपास है। यूपी में डिजिटल दक्षता के मामले में अभी बहुत काम होना बाकी है। प्रमुख सचिव कार्मिक एम देवराज ने यूपी की खराब स्थिति की समीक्षा की है। उन्होंने कार्मिकों का नामांकन बढ़ाए जाने के साथ प्रशिक्षण पूरा करने पर जोर दिया है।

## वर्ग पहेली-10

**बाएं से दाएं**
3. चीन देश की भाषा।
4. नदी, सरिता।
7. तपन, उष्णता, गरमी।
8. 1. कंपकपी 2. कांपना।
9. 1. पृथक, अलग, किसी स्थान विशेष से हट कर, फासले पर 2. देशकाल के विचार से बहुत अंतर पर।
10. किसी चीज़ को ख़ूब दलना और मलना, अच्छी तरह कुचलना

**ऊपर से नीचे**
1. बहुत बड़ी नदी।
2. 1. खुरचना, खोदना 2. लकीर खींचना 3. कंघी करना, बाल झाड़ना।
5. 1. किसी को उतरने में मदद करना 2. प्रतिलिपि करवाना, नकल करवाना।
6. 1. अस्पृश्यता, अस्पृश्य मानने की प्रथा, एक सामाजिक बुराई 2. हिंदुओं में जन्म के आधार पर ऊंच-नीच का भेद करने का विचार 3. एक प्रकार का रोग।
7. 1. चार वेदों से ग्रहण की गई लौकिक कलाओं या विद्याओं का सामूहिक नाम



### वर्ग पहेली-9 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 कु | ■ | ■ | 2 अ | घी |
| ■ | 3 बे | सु | रा | ■ | मि | ■ |
| ■ | ■ | म | ■ | ■ | य | ■ |
| 4 अ | ति | श | यी | 5 क | र | ण |
| ग | ■ | र | ■ | 6 री | स | ■ |
| वा | ■ | ■ | ■ | म | ■ | 7 गि |
| 8 न | जू | ल | ■ | ■ | 9 लो | नी |

## सुडोकू-17

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | | | | 5 | | 2 |
| | | | 8 | | | | 1 | |
| | 9 | 2 | | | 7 | | 3 | |
| 2 | 4 | | | 5 | | 7 | 9 | |
| | | 9 | | | | 8 | | |
| | 7 | 3 | | 1 | | | 5 | 4 |
| | 5 | | 6 | | | 2 | 8 | |
| | 2 | | | | 3 | | | |
| 6 | | 1 | | | | | 4 | 9 |

### सुडोकू - 16 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 9 | 3 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :23 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी-22.09 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृतिका 15.16 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** – आज आपके ऊपर काम का काफी दबाव रहेगा लेकिन उसे आप जिम्मेदारी पूर्वक निभा ले जायेंगे। व्यापार की स्थिति सामान्य रहेगी। ग्लैमर क्षेत्र से जुड़े लोगों को मेहनत का शानदार लाभ मिलेगा। परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे। वैवाहिक जीवन रोमान्टिक रहेगा।

**वृष** – आज आप परिजनों का विशेष ध्यान रखेंगे। युवा प्रेमी परिवार में विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। विद्यार्थी उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। इसके कारण आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – आज प्रेमी जोड़े किसी पर्यटन स्थल की ओर घूमने जा सकते हैं। मित्रों से आपको पर्याप्त सहायता प्राप्त होगी। अपने दिल की बात प्रेमीजन से कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति काफी संतोषजनक रहेगी। तनाव आपके पाचन पर कुप्रभाव उत्पन्न करा सकता है।

**कर्क** – आज कार्यस्थल पर आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। अटके हुए कार्यों में सुधार आने की संभावना है। परिवार के लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पिता से आपको उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह** – आज आप हर स्थिति में अपनी पूरी क्षमता और दक्षता के साथ काम करते रहेंगे। लोग आपकी ओर खिंचते चले आयेंगे। सही समय पर उचित निर्णय लेने के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने के आसार हैं।

**कन्या** – आज जीवनसाथी के साथ एकांत के पल बितायेंगे। जिसके कारण तनावमुक्त और ऊर्जावान महसूस करेंगे। आप लोगों के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। पुराने कर्जों को उतारने के पूरे अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग की शिकायत दूर कर देंगे।

**तुला** – आज विद्यार्थियों के लिए समय बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भूमि संबंधी खरीदारी की योजना बनेगी। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें। रिश्तेदारों से लाभ प्राप्त होगा। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब रहेंगे। मौसमी बीमारियों को लेकर सावधान रहें।

**वृश्चिक** – आज जीवनसाथी के साथ आप पर्यटन के लिए जा सकते हैं। सरकारी योजनाओं का आपको लाभ मिलेगा। अविवाहित लोगों का विवाह तय होने के योग बन रहे हैं। सभी काम निरंतर गति से पूर्ण होते रहेंगे। परिजनों के साथ आपको समय बिताना चाहिए।

**धनु** – आज ऑनलाइन करोबार से आपको जबरदस्त लाभ मिल सकता है। कमीशन से जुड़े मामलों के लिए बेहद शुभ है। होटल इण्डस्ट्री से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है। लोग आपकी कार्यप्रणाली की प्रशंसा करेंगे। घरवालों के साथ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** – आज सामाजिक कार्यों में आप जुड़ सकते हैं। आप अपने लक्ष्यों के प्रति दृढ़ प्रतिज्ञ रहेंगे। कारोबारी यात्रा होने की प्रबल संभावना है। दांपत्य संबंधों में परस्पर समर्पण की भावना का विकास होगा। प्रेमी जन की भावनाओं का सम्मान करें।

**कुंभ** – आज समाजसेवी संस्थाओं से आप जुड़ने का प्रयास कर सकते हैं। पुराने मित्रों से आपकी मुलाकात हो सकती है। प्रेमी जन से अपने दिल की बात कर सकते हैं। वकालत के पेशे से जुड़े लोगों को बड़े केस मिल सकते हैं।

**मीन** – आज धन से जुड़ी समस्याओं का निदान होने की संभावना है। साझेदारी के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। जमीन और संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। युवाओं को अपनी योग्यता का प्रदर्शन करने के अवसर मिलेंगे।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि उसे सूचना मिली कि पामेड थाना क्षेत्र के सेंड्राबोर और आमपुर गांवों में नक्सलियों ने दो निर्दोष ग्रामीणों की हत्या कर दी। पुलिस घटना की पुष्टि कर रही है। यह घटना केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे से पहले हुई है। बीजापुर जिले के पेद्दाकोरमा बीजापुर गांव में 17 जून को नक्सलियों ने 13 वर्षीय लड़के सहित तीन ग्रामीणों की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

### खालिस्तानियों के सहयोगी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** एनआईए ने पंजाब आतंकी साजिश में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी लखबीर सिंह उर्फ लांडा और गैंगस्टर पवित्र बटाला के प्रमुख सहयोगी जतिंदर सिंह उर्फ जोती के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि शुक्रवार को मोहाली में विशेष एनआईए अदालत के समक्ष आरोपपत्र दाखिल किया गया। पंजाब के गुरदासपुर जिले के जतिंदर सिंह को एनआईए ने पिछले साल 23 दिसंबर को मुंबई से गिरफ्तार किया था।

### कुपवाड़ा में दिल का दौरा पड़ने से डीएसपी की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के युवा पुलिस अधिकारी की रविवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आमिर अमीन भट को कुपवाड़ा जिले के लंगेट इलाके के उजरू स्थित उनके घर में दिल का दौरा पड़ा। भट (30) को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन मौत हो चुकी थी। भट ने 2024 में जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

# मानसून में भी चलेगा नक्सल विरोधी अभियान

## शाह ने छत्तीसगढ़ में एनएफएसयू परिसर और केंद्रीय न्यायालयिक प्रयोगशाला की रखी आधारशिला

रायपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दोहराया कि देश को मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्ति मिल जाएगी, और इसको खत्म करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मानसून में भी नक्सल विरोधी अभियान जारी रखा जाएगा। शाह ने नक्सलियों से हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने का अनुरोध करते हुए कहा कि बातचीत की कोई जरूरत नहीं है, बस हथियार छोड़ दें, विकास की यात्रा में शामिल हों और आकर्षक आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाएं।

गृह मंत्री छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) परिसर और केंद्रीय न्यायालयिक प्रयोगशाला की आधारशिला के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि डेढ़ वर्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने तेजी से प्रगति की है, लेकिन साय की सरकार और छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा की उपलब्धि यह है कि उन्होंने रुके हुए नक्सल विरोधी अभियान को तेज गति से शुरू किया है और छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़े हैं। शाह ने कहा, मैंने पहले भी नवा रायपुर के अटल नगर में कहा था कि यह देश 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।



नवा रायपुर में कई राज्यों के डीजीपी/एडीजीपी और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विष्णु देव साय। एजेंसी

### सुरक्षा संबंधी हुईं दो बैठकें

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री ने रायपुर में नक्सलवाद पर दो सुरक्षा संबंधी बैठकें कीं। अधिकारियों ने बताया, नवा रायपुर के होटल में शाह ने छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड और ओड़िशा के पुलिस महानिदेशक-अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

### बातचीत की जरूरत नहीं हथियार डालें: गृहमंत्री शाह

शाह ने कहा कि नक्सलवाद की राह पर चले गए युवाओं से हथियार छोड़ने की अपील करना चाहते हैं। विष्णु देव साय ने आकर्षक आत्मसमर्पण नीति बनाई है, हथियार डालें और छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल हो जाए। शाह ने कहा कि बातचीत की जरूरत नहीं है, हथियार डाल दीजिए और मुख्यधारा में शामिल हो जाइए और आप अपने आप छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल हो जाएंगे। जिन लोगों ने हथियार डाले हैं उनका भी मैं सामाजिक जीवन में वापस आने पर स्वागत करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि छत्तीसगढ़ की सरकार और केंद्र की सरकार ने जो वादा आपके साथ किया है उस वादे को हम पूरा करेंगे और उससे अधिक भी आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।

# दलित किशोरी से दो साल तक सामूहिक दुष्कर्म, 13 पकड़े गए

अमरावती (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

- आंध्र प्रदेश की 15 वर्षीय किशोरी के गर्भवती होने पर मामला आया सामने

आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले में 15 वर्षीय दलित लड़की से दो साल तक कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना नौ जून को तब प्रकाश में आई जब पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई। दुष्कर्म की घटना से पीड़िता गर्भवती हो गई है।

पुलिस के अनुसार मामले में अचंपल्ली वर्धन (21), तलारी मुरली (25), बदागोरला नंदवर्धन राज (23), अरेंचेरू नागराजू (51), बोया संजीव (40) और बुदिदा राजन्ना (49) को नौ जून को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 10 जून को 7 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि मुख्य आरोपी अब भी फरार है। श्री सत्य साई जिले की पुलिस अधीक्षक (एसपी) वी रत्ना ने कहा, इस जघन्य अपराध के आरोपियों की पहचान कर ली गई है, उनका पता लगाया गया और धर्मावरम उपखंड क्षेत्र की विशेष टीम द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि अपराधियों द्वारा पीड़िता को उसकी कुछ आपत्तिजनक तस्वीरों और वीडियो के जरिए कथित तौर पर ब्लैकमेल किया गया।

पीड़िता आठ माह की गर्भवती है और वर्तमान में अनंतपुर जिले के एक सरकारी अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा है। चिकित्सक और जिला अधिकारियों ने पीड़िता की गर्भावस्था को देखते हुए गर्भपात न कराने का फैसला किया है। पुलिस प्रसव के बाद लड़की को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए बाल कल्याण समिति के साथ समन्वय कर रही है। अजन्मे शिशु के डीएनए परीक्षण के लिए अनुमति मांगी गई है क्योंकि यह कानूनी कार्यवाही के लिए महत्वपूर्ण होगा। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है।

# बिहार चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में संशोधन के दौरान घर-घर जाकर करेगा सत्यापन

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजनीतिक दलों की चिंता और विरोध को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग उठाएगा कदम

बिहार में मतदाता सूची में अधिक सटीकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग राज्य में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान घर-घर जाकर गहन सत्यापन करने पर विचार कर रहा है। प्रदेश में इस वर्ष के अंत में विधानसभा के चुनाव होने हैं। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

नागरिक संस्थाओं, राजनीतिक दलों और अन्य लोगों द्वारा मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने पर चिंता के साथ विरोध किया जा रहा है। कांग्रेस समेत कई दलों ने आयोग पर भाजपा की मदद करने के लिए आंकड़ों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने अफसोस जताया कि विस्तृत प्रोटोकॉल के बावजूद आयोग पर मतदाता सूची में नाम बढ़ाने के लिए आरोप लगाए जाते हैं, जबकि यह प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ और राजनीतिक दलों की निगरानी के तहत की जाती है। निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची की जांच करते समय हर घर जाकर पूरी सावधानी से सत्यापन करना चाहता है। उन्होंने बताया कि इसका मकसद यह है कि मतदाता सूची में कोई गलती न रह जाए और यह पूरी तरह सही हो। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का ऐसा गहन और कठोर संशोधन पहले भी किया जा चुका है और आखिरी बार 2004 में ऐसा किया गया था।

# आतंकियों को पनाह देने के आरोप में दो गिरफ्तार

**पहलगाम हमला**

**श्रीनगर।** एनआईए ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों को पनाह देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए के अनुसार, बटकोट के परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क के बशीर अहमद जोथर ने हमले में संलिप्त तीन आतंकियों की पहचान का खुलासा किया है। एनआईए ने कहा कि उन्होंने यह पुष्टि की कि हमलावर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक हैं। परवेज और बशीर ने हमले से पहले तीन आतंकियों को हिल पार्क में ढोक (झोपड़ी) में पनाह दी थी।

### घाटी में घुड़सवारी का रोमांच



पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में फिर से चहल पहल बढ़ने लगी है, लोग जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोनमर्ग में घुड़सवारी का आनंद लेते हुए नजर आए। एजेंसी

# सबूत छिपाने में संपत्ति कारोबारी गिरफ्तार

इंदौर/अशोकनगर, एजेंसी

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**



- पुलिस ने एक सुरक्षा गार्ड को भी पकड़ा, दोनों पर आरोपी सोनम के बैग गायब करने का आरोप

राजा रघुवंशी हत्याकांड के सबूत छिपाने के आरोप में मेघालय पुलिस ने मध्यप्रदेश के अलग-अलग इलाकों से संपत्ति कारोबारी और सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि दोनों की गिरफ्तारी के बाद राजा हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर सात हो गई है।

इंदौर के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया, मामले के सबूत छिपाने के मामले में मेघालय पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स और शहर की एक इमारत के सुरक्षा गार्ड बलबीर अहिरवार उर्फ बल्ला को गिरफ्तार किया है। जेम्स और अहिरवार पर हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम का वह बैग गायब करने का आरोप है जो उसने इस वारदात के बाद इंदौर के देवास नाका क्षेत्र के फ्लैट में छिपाया था। इस बैग में अहम सबूत थे। मीडिया की खबरों के अनुसार बैग में पांच लाख नकद और महंगे आभूषणों के साथ देशी तमंचा भी था। पुलिस ने फिलहाल बैग में रखे सामान का विवरण नहीं दिया है। सूत्रों ने बताया कि यह बैग शहर के जिस फ्लैट में था उसे जेम्स ने हत्याकांड के पांच गिरफ्तार आरोपियों में शामिल विशाल चौहान को किराये पर दिलाया था। जेम्स ने 13 जून को खुद यह दावा किया था कि चौहान ने 30 मई को उससे मुलाकात करके देवास नाका क्षेत्र में 17,000 रुपये प्रति माह पर फ्लैट किराए पर लिया था और चौहान ने इसके लिए अनुबंध पर दस्तखत भी किए थे।

# पंजाब : सैन्यकर्मी समेत दो लोग जासूसी के आरोप में गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) से जुड़ी जासूसी गतिविधियों में संलिप्तता के लिए जम्मू में तैनात सैन्यकर्मी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि एक आरोपी अमृतसर के धारीवाल निवासी गुरप्रीत सिंह है, जो जम्मू में सेना में कार्यरत है। फौजी का सहयोगी साहिल मसीह है, जो धारीवाल का निवासी है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि सिंह आईएसआई के सीधे संपर्क में था और उस पर पेन ड्राइव के माध्यम से गोपनीय जानकारी साझा करने का संदेह है। पुलिस प्रमुख ने बताया कि खुफिया जानकारी पर चलाये अभियान में पुलिस ने गुरप्रीत और मसीह को उस समय गिरफ्तार किया, जब वे संवेदनशील जानकारी को फिर से सौंपने का प्रयास कर रहे थे। मामले में शामिल आईएसआई के आका की पहचान राणा जावेद के रूप में हुई है।

# न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता पर होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी में संसदीय समिति

संसद की एक समिति उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता पर चर्चा करने को तैयार है। साथ ही सरकार दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। न्यायमूर्ति वर्मा राष्ट्रीय राजधानी स्थित अपने आवास से बेहिसाबी नकदी की बरामदगी के कारण जांच के घेरे में हैं।

संसद की कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी स्थायी समिति मंगलवार को होने वाली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा करेगी तथा न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति के बाद की नियुक्तियों पर भी विचार-विमर्श करेगी। समिति सचिवालय द्वारा भेजे गए एक नोटिस में समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया, समिति उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता और सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों के पद ग्रहण करने के मुद्दों से संबंधित 'न्यायिक प्रक्रियाएं और उनके सुधार' विषय पर न्याय विभाग के सचिव से बात करेगी। राज्यसभा की इस समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजलाल हैं और इसमें भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई (जो एक मनोनीत सांसद हैं), पूर्व कानून राज्य मंत्री पी पी चौधरी, तृणमूल कांग्रेस सांसद सुखेंदु शेखर राय और कल्याण बनर्जी, कांग्रेस के विवेक तन्खा और द्रमुक के पी विल्सन तथा ए राजा इसके प्रमुख सदस्य हैं। जहां न्यायमूर्ति वर्मा पर महाभियोग चलाए जाने की संभावना है, वहीं विपक्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर यादव के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई के लिए पहले ही नोटिस दे चुका है। नकदी बरामद होने के बाद न्यायमूर्ति वर्मा को उनकी मूल अदालत इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया। उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनकार किया है।

राज्यसभा सचिवालय उन सांसदों के हस्ताक्षरों का भी सत्यापन कर रहा है, जिन्होंने न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ कथित नफरती भाषण को लेकर महाभियोग नोटिस पर हस्ताक्षर किए थे। सचिवालय पहले ही सांसदों को उनके हस्ताक्षरों की पुष्टि के लिए पत्र लिख चुका है।

## कारोबार/कृषि

# कच्चे तेल की दर तय करेगी बाजार की चाल

## इजराइल-ईरान संघर्ष से वैश्विक आपूर्ति पर प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



- वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से भी बाजार होगा प्रभावित

शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह इजराइल-ईरान संघर्ष का वैश्विक आपूर्ति पर पड़ने वाले प्रभाव से तय होगी। वहीं, कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी।

विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से भी बाजार की धारणा प्रभावित होगी। एक विशेषज्ञ ने कहा कि बीते सप्ताह पश्चिम एशिया के संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल को नजरअंदाज करते हुए स्थानीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह वैश्विक संकेतक बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। इसमें ईरान और इजराइल के बीच भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी आर्थिक आंकड़े और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों पर सभी की निगाह रहेगी। घरेलू स्तर पर निवेशक मानसून की प्रगति, मासिक अनुबंधों के निपटान से संबंधित अस्थिरता, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निवेशक अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर और पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग खर्च) के आंकड़ों पर भी नज़र रखेंगे। उनकी निगाह भारत के खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) पर भी रहेगी।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, आगे की ओर देखें तो वैश्विक संकेतकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। निवेशक अमेरिका के विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों के अलावा भू-राजनीतिक मोर्चे पर नजर रखेंगे। एफपीआई की गतिविधियों पर वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के वरिष्ठ निदेशक विपुल भोवार ने कहा, अप्रैल में विदेशी निवेश की प्रवृत्ति में उलटफेर हुआ तथा मई में मजबूती आई। मई में निवेश सबसे अधिक रहा, जो भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों की बढ़ती रुचि को दर्शाता है।

### शीर्ष छह कंपनियों की पूंजी 1.62 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से 6 की पूंजी (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,62,288.06 करोड़ रुपये बढ़ी है। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,289.57 अंक या 1.58 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं टीसीएस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई।

# दो खदान से इस वर्ष उत्पादन शुरू करेगा कोल इंडिया

**रांची।** कोल इंडिया लि. (सीआईएल) की सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने चालू वित्त वर्ष में दो नई कोयला खदानों से उत्पादन शुरू करने की योजना बनाई है। इससे कंपनी की उत्पादन क्षमता में सालाना 1.2 करोड़ टन की बढ़ोतरी होगी। सीसीएल का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में 11 करोड़ टन और 2030 तक 15 करोड़ टन उत्पादन को पार करना है। सीसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नीलेन्दु सिंह ने कहा, इस साल दो नई खदानें खोलने की योजना है। अक्टूबर तक 50 लाख टन की क्षमता वाले कोटरे बसंतपुर ब्लॉक (कोकिंग कोयला खान) में उत्पादन शुरू करने की है। वहीं 1.5 करोड़ टन सालाना क्षमता की खुली चंद्रगुप्त खान परियोजना (गैर-कोकिंग कोयला) में उत्पादन मार्च, 2026 तक शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने 2024-25 में 8.75 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया।

# रेटेड डिबेंचर : उच्च रेटिंग अधिक सुरक्षित



रेटेड डिबेंचर ऐसे ऋण उपकरण होते हैं जिन्हें क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेटिंग दी जाती है, जैसे- क्रिसिल, आईसीआरए, केयर आदि। ये रेटिंग इस बात का संकेत देती है कि कंपनी डिबेंचर पर समय पर ब्याज और मूलधन चुकाने में कितनी सक्षम है। उच्च रेटिंग (जैसे एएए) वाले डिबेंचर अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाते हैं, जबकि कम रेटिंग वाले डिबेंचर जोखिम भरे होते हैं, लेकिन उच्च रिटर्न का वादा कर सकते हैं। निवेशकों को रेटिंग देखकर यह तय करने में सुविधा होती है कि निवेश कितना सुरक्षित है। यह उन लोगों के लिए अच्छा विकल्प हो सकता है जो निश्चित रिटर्न चाहते हैं परंतु जोखिम के स्तर को भी समझना जरूरी है।

### रेटेड डिबेंचर का अर्थ

- रेटेड डिबेंचर एक प्रकार का फिक्स्ड-इनकम निवेश उपकरण है जिसे रेटिंग एजेंसियों द्वारा मूल्यांकन किया जाता है। रेटिंग यह बताती है कि कंपनी अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में कितनी सक्षम है।

### निवेशकों को लाभ

- **सुरक्षा का संकेत :** रेटिंग से निवेशकों को यह पता चलता है कि डिबेंचर निवेश करने के लिए कितना सुरक्षित है।
- **निश्चित रिटर्न :** ये निश्चित ब्याज दर पर नियमित आय प्रदान करते हैं।
- **डायवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता लाने में मदद करते हैं।
- **कम जोखिम :** एएए या एए रेटेड डिबेंचर अपेक्षाकृत सुरक्षित होते हैं।

### संभावित जोखिम

- **क्रेडिट रिस्क :** यदि रेटिंग कम हो जाती है या कंपनी दिवालिया हो जाती है तो निवेशक को नुकसान हो सकता है।
- **ब्याज दर जोखिम :** बाजार में ब्याज दर बढ़ने पर पुराने डिबेंचर का मूल्य घट सकता है।
- **तरलता की कमी :** कई बार डिबेंचर बाजार में आसानी से बेचे नहीं जा सकते।

### अन्य महत्वपूर्ण बातें

- निवेश से पहले रेटिंग की वैधता और कंपनी की वित्तीय स्थिति की जांच करनी चाहिए।
- लंबी अवधि के लिए निवेश करने वाले और निश्चित आय चाहने वालों के लिए यह उपयुक्त हो सकता है।
- कर लाभ की उपलब्धता कुछ मामलों में मिल सकती है, लेकिन यह निर्भर करता है कि डिबेंचर किस प्रकार का है।

# भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

**ईरान-इजराइल युद्ध**



- सऊदी अरब व इराक से अधिक रूस से जून में खरीदा गया तेल

इजराइल-ईरान युद्ध के बाद बाजार में आए उतार-चढ़ाव के बीच भारत ने जून में रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है। भारत की जून में रूस से तेल खरीद पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ताओं... सऊदी अरब और इराक से आयातित मात्रा से अधिक रही है।

अमेरिकी सेना ने रविवार सुबह ईरान में तीन स्थलों पर हमला किया। वह इस युद्ध में सीधे इजराइल के साथ है। इजराइल ने 13 जून को ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमला किया था। वैश्विक व्यापार विश्लेषक कंपनी केपलर के आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय रिफाइनरी कंपनियां जून में रूस से प्रतिदिन 20 से 22 लाख बैरल कच्चा तेल खरीद रही हैं। यह दो साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। साथ ही यह इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कुवैत से खरीदी गई कुल मात्रा से अधिक है।

### 51 लाख बैरल कच्चा तेल विदेश से खरीदता है भारत

मई में रूस से भारत का तेल आयात 19.6 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) था। जून में अमेरिका से भी आयात बढ़कर 4,39,000 बीपीडी हो गया। पिछले महीने यह आंकड़ा 2,80,000 बीपीडी था। केपलर के अनुसार, पश्चिम एशिया से आयात के लिए पूरे महीने का अनुमान 20 लाख बैरल प्रतिदिन है, । भारत विदेश से 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात करना शुरू कर दिया था। इसका कारण था कि यूरोपीय देशों के परहेज पर रूसी तेल अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्क की तुलना में सस्ते दाम पर उपलब्ध था।

# 11 साल में कॉफी निर्यात 125% बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पहुंचा

बेंगलुरु, एजेंसी

- देश के कॉफी निर्यात के लिए यूरोप शीर्ष स्थान बना

भारतीय कॉफी बोर्ड द्वारा उठाए गए कई कदमों से 11 वर्षों में देश का कॉफी निर्यात 125 प्रतिशत बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। केंद्र सरकार के अनुसार, 2014-15 में निर्यात 80 करोड़ डॉलर से अधिक था। यह 2023-24 में 1.28 अरब डॉलर और 2022-23 में 1.14 अरब डॉलर था।

देश के कॉफी निर्यात के लिए यूरोप शीर्ष स्थान बना है। भारत से कॉफ़ी आयात करने वाले प्रमुख देशों में इटली, जर्मनी, बेल्जियम, पश्चिम एशिया के देश, दक्षिण कोरिया और जापान हैं। निर्यात को बढ़ाने के लिए भारतीय कॉफी बोर्ड द्वारा की गई प्रमुख पहल में पंजीकरण-सह-सदस्यता प्रमाणपत्र (आरसीएमसी), निर्यात परमिट, उत्पत्ति प्रमाणपत्र को डिजिटल हस्ताक्षर के साथ ऑनलाइन जारी करना, बाधाओं पर चर्चा करने और उन मुद्दों को हल करने के लिए निर्यातकों के साथ नियमित बातचीत, तथा नियमित रूप से वैश्विक बाजार की जानकारी और बाजार आसूचना प्रदान करना शामिल है।

# ईरान और इजराइल में युद्ध बढ़ने से प. एशिया के साथ भारत का व्यापार भी होगा प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी



- युद्ध ने ईरान-इजरायल को होने वाले भारतीय निर्यात को पहले ही कर दिया है प्रभावित

ईरान-इजराइल में युद्ध बढ़ने से इराक, जॉर्डन, लेबनान, सीरिया और यमन सहित प. एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। विशेषज्ञों ने कहा कि युद्ध ने पहले ही ईरान और इजराइल को भारत के निर्यात को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

अमेरिका ने ईरान के तीन स्थलों पर हमला किया, जिससे वह इजराइल के युद्ध में शामिल हो गया। उसका उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करना है, ताकि पुराने दुश्मन को कमजोर कर सके, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है, क्योंकि ईरान ने अमेरिका पर खतरनाक युद्ध शुरू करने का आरोप लगाया है। मुंबई स्थित निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के चेयरमैन शरद सराफ ने कहा, इस युद्ध से अब हम बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। इसका प. एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार पर व्यापक असर पड़ेगा। उनकी कंपनी भी इन दोनों देशों को भेजी जाने वाली खेप रोक रही है। अन्य निर्यातक ने कहा कि भारतीय समुदाय पहले से ही इजराइल-हमास संघर्ष और लाल सागर में माल ढुलाई जहाजों पर यमन समर्थित हूतियों के हमले से जूझ रहा है। भारत से माल ढुलाई लाइन अफ्रीकी महाद्वीप को घेरने वाले केप ऑफ गुड होप से खेप ले रही हैं। ईरान-इजराइल युद्ध व व्यापारिक मार्ग- होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावित हो रहा है।

# अनोखा है पंत, उसे वैसा ही रहने दें

लीड्स, एजेंसी

- इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाने के बाद गुलाटी मारते ऋषभ पंत का वीडियो वायरल होने पर बोले पूर्व क्रिकेटर



इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक बनाने के बाद मैदान पर गुलाटी लगाते हुए ऋषभ पंत का वीडियो वायरल होने के बाद पूर्व क्रिकेटरों ने कहा कि यह उनका अनोखा स्टाइल है। पंत ने 178 गेंदों में 134 रन बनाए, जो उनका सातवां टेस्ट शतक है।

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि पंत शायद बहुत कम उम्र से ही जिम्नास्टिक कर रहे हैं। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने शास्त्री ने कहा इसमें कुछ गलत नहीं है। वह ऐसा ही है और उसे ऐसा ही रहने दें। वह अलग है। बहुत कम उम्र से ही उसने काफी जिम्नास्टिक किया है। उन्होंने बीसीसीआई द्वारा डाले गए एक वीडियो में मजाकिया लहजे में कहा अगर मैंने भी कोशिश की होता तो शायद सीधे पूल में जाता। पंत 2022 में भयानक कार दुर्घटना का शिकार हो गए थे, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी थी। इसके बाद क्रिकेट के मैदान पर उनकी सफल वापसी उनके जीवट की बानगी देती है। सर्जरी के बाद इस तरह से गुलाटी लगाना हैरान करने वाला है। भारत के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा ऋषभ तो ऋषभ है। हमेशा कुछ अलग करता है। वह बहुत अच्छे से यह करता है । किसी ने सोचा नहीं था कि वह ऐसा करेगा। मैंने कभी कोशिश नहीं की। पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने कहा मैं ऐसा कुछ नहीं कर सकता और न ही उसकी तरह बल्लेबाजी कर सकता हूं। दोनों मोर्चों पर (विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी) वह अपेक्षाओं से परे प्रदर्शन करता है।

### ऋषभ ने अपने डिफेंस पर काम किया : कोच देवेंद्र

**नई दिल्ली** : ऑस्ट्रेलिया दौरे में खराब शॉट खेल कर अपना विकेट गंवाने वाले ऋषभ पंत ने इसके बाद अपनी रक्षात्मक तकनीक पर जमकर काम किया। इसका परिणाम यह रहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में चल रहे पहले टेस्ट मैच में ही शतक जड़ने में सफल रहे। यह खुलासा उनके बचपन के कोच देवेंद्र शर्मा ने किया। शर्मा ने पीटीआई वीडियो से कहा ऑस्ट्रेलिया में असफल होने के बाद उन्होंने अपनी रक्षात्मक तकनीक में काफी बदलाव किए और अपने स्ट्रोक पर लगाम कसी जो आपने इस मैच में भी देखा होगा। पंत मैच विजेता हैं। इंग्लैंड जाने से पहले हमने उनके डिफेंस पर चर्चा की थी, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया दौरा अच्छा नहीं रहा था।

# बुमराह का सामना करना बहुत मुश्किल

लीड्स, एजेंसी

- इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने बुमराह को बताया दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज






इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का मानना है कि जसप्रीत बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। लाइट चालू होने पर जब वह दोनों तरफ से गेंद को स्विंग कराते हैं तो उनका सामना करना बेहद मुश्किल होता है।

बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन 48 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें जो रूट का विकेट शामिल है। भारत के पहली पारी के 471 रनों के जवाब में इंग्लैंड ने दूसरे दिन तीन विकेट पर 209 रन बना लिए थे। तीसरे नंबर पर उतरे ओली पोप नाबाद 100 रन बनाकर किला संभाले हुए थे। डकेट ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा वह (बुमराह) दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। उनका सामना करना बेहद मुश्किल है, वह किसी भी परिस्थिति में अच्छे हैं और लाइट चालू होने पर दोनों तरफ स्विंग करते हुए आते हैं तो उन्हें खेलना मुश्किल होता है।

उन्होंने कहा बिना किसी संकेत के तीन या चार अलग-अलग गेंदें फेंकने की उनकी क्षमता कमाल की है। आपको तब तक पता नहीं चलता कि वह बाउंसर, या धीमी गेंद, यॉर्कर, बाहर की ओर जाती स्विंगर या इनस्विंगर डाल रहे हैं, जब तक कि गेंद उनके हाथ से न निकल जाए। आपको उनके साथ गेंद को इतनी बारीकी से देखना पड़ता है कि उन्हें समझना बहुत मुश्किल हो जाता है। पोप की शतकीय पारी के बारे में उन्होंने कहा वह (पोप) मैदान पर आते समय बहुत शांत था। मुझे नहीं पता कि उसके दिमाग में क्या था , लेकिन वह अपने खेलने के तरीके पर कायम रहा। डकेट ने कहा इससे बेहतर कोई अहसास नहीं है कि पहले ओवर में आने के बाद उस आक्रमण के खिलाफ़ शतक बनाना। आप इसे उसके जश्न मनाने के तरीके में देख सकते हैं, और यह सिर्फ़ उसके लिए ही नहीं, बल्कि ड्रेसिंग रूम में भी बहुत मायने रखता था। मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे। पिछले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ़ एकमात्र टेस्ट में 171 रन बनाने के बावजूद पोप की टीम में जगह को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन दबाव में और तेज़ गेंदबाज़ बुमराह के खिलाफ़ शतक ने कम से कम कुछ समय के लिए आलोचकों को शांत कर दिया। डकेट ने कहा हम ड्रेसिंग रूम में चीजों को रखने में बहुत अच्छे हैं, लेकिन जाहिर है कि आप इसके बाहर से शोर सुन सकते हैं।

## एक नजर




चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा ने बर्लिन में ग्रास कोर्ट चैंपियनशिप के महिला एकल फाइनल में चीन की वांग झिन्यू को हराकर ट्रॉफी जीती। ● एजेंसी

### अलकाराज और लेहेका के बीच होगा क्वींस क्लब में फाइनल मुकाबला

**लंदन** : स्पेन के स्टार कार्लोस अलकाराज और चेक गणराज्य के जिरी लेहेका के बीच एटीपी 500 क्वींस क्लब चैंपियनशिप में पुरुष एकल फाइनल का मुकाबला खेला जायेगा। अलकाराज शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में हमवतन रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 6-4, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मुकाबले में 23 वर्षीय जिरी लेहेक्का ने दूसरे सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जैक ड्रेपर को हराया। घरेलू प्रशंसकों को उम्मीद थी कि अल्काराज और जैक ड्रेपर के बीच फाइनल मुकाबला होगा, लेकिन लेहेक्का ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे वरीय खिलाड़ी को 6-4, 4-6, 7-5 से हराकर नई पटकथा लिख दी।

### भारत और किर्गिस्तान के बीच अंडर 23 दोस्ताना मैच गोलरहित ड्रॉ

**नई दिल्ली** : भारत की अंडर 23 फुटबॉल टीम ने ताजिकिस्तान के हिसोर में दूसरे दोस्ताना अंतरराष्ट्रीय मैच में किर्गिस्तान के साथ गोलरहित ड्रॉ खेला। इस साल के आखिर में होने वाले एएफसी अंडर 236 एशियाई कप क्वालीफायर और 2026 एशियाई खेलों की तैयारी के लिये भारतीय टीम दो मैत्री मैच खेलने ताजिकिस्तान गई है । पहले मैच में उसे मेजबान टीम ने 3 . 2 से हराया। मुख्य कोच नौशाद मूसा ने पिछले मैच की प्रारंभिक एकादश में आठ बदलाव किए। सिर्फ डिफेंडर परमवीर, बिकास युंनाम और अभिषेक सिंह टेकचाम ही अपनी जगह बरकरार रख सके।

### अमनदीप सहित पांच भारतीयों ने चेक लेडीज ओपन में कट हासिल किया

**बेरोन (चेक गणराज्य)** : भारत की अमनदीप द्राल ने दूसरे दौर में अंतिम दो होल में बर्डी के साथ ईवन पार का स्कोर बनाया जिससे वह टिपस्पोर्ट चेक लेडीज ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर हैं। पहले दौर में आठ अंडर 64 का शानदार प्रदर्शन करने वाली अमनदीप के अलावा चार और भारतीय खिलाड़ी कट हासिल करने में सफल रहीं। भारत की हिताषी बक्षी (68-70) छह अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त 32वें स्थान पर हैं। दीक्षा डागर (71), त्वेसा मलिक (69) और स्नेहा सिंह (68) भी संयुक्त 61वें स्थान पर रहते हुए कट हासिल करने में सफल रहीं। कुल 71 खिलाड़ियों ने कट हासिल किया जिसमें दो एमेच्योर भी शामिल रहीं। स्विट्जरलैंड की गोल्फर किम मेटरॉक्स करियर के सर्वश्रेष्ठ नौ अंडर 63 के स्कोर से कुल 13 अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं।

### पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप के पहले दिन भारत ने चार पदक जीते

**बीजिंग** : भारत ने यहां पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप के पहले दिन एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित चार पदक जीतकर दमदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में 40 से अधिक देशों के शीर्ष पैरा पावरलिफ्टर भाग ले रहे हैं और यह 2026 विश्व चैंपियनशिप और 2028 पैरालंपिक खेलों की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। गुलफाम अहमद ने बेहद प्रतिस्पर्धी पुरुषों की एलीट 59 किग्रा श्रेणी में कांस्य पदक के साथ भारत का खाता खोला। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 145 किग्रा वजन उठाया और इसके बाद अपने दूसरे प्रयास में 151 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। गुलफाम का 153 किग्रा का तीसरा प्रयास अस्वीकार कर दिया गया लेकिन उनका दूसरा प्रयास भारत को टूर्नामेंट का पहला पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था।

# हैरी ब्रूक शतक से चूके, इंग्लैंड 465 रन पर आउट

## बुमराह ने झटके पांच विकेट, भारत को पहली पारी से मिली 06 रन की लीड, दूसरी पारी में 64/1 रन बने

लीड्स, एजेंसी

हैरी ब्रूक (99) एक रन से शतक से चूक गए जिसके बाद जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड को पहली पारी में 465 रन पर समेटकर भारत को पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन चाय तक पहली पारी के आधार पर छह रन की मामूली बढ़त दिलाई। दूसरी पारी में भारत 64/1 रन बना लिए है।

इससे पहले बुमराह ने जोश टंग (11) को बोल्ड करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया लेकिन इससे पहले निचले क्रम में क्रिस वोक्स (55 गेंद में 38 रन) ने तेजी से रन जुटाकर मेजबान टीम को भारत के 471 रन के स्कोर के करीब पहुंचाया। इंग्लैंड के निचले क्रम ने भारत की मजबूत बढ़त हासिल करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया जिससे अब दोनों टीम की दूसरी पारियां बेहद महत्वपूर्ण हो गई हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दूसरे सत्र में भी आसानी से बाउंड्री बटोरी और 23.4 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 138 रन जुटाए। प्रसिद्ध कृष्णा (128 रन पर तीन विकेट) ने शॉर्ट गेंद पर जेमी स्मिथ (40) और ब्रूक (99 रन, 112 गेंद, 11 चौके, दो छक्के) को आउट किया लेकिन अपनी 20 ओवर की गेंदबाजी में रन गति पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे। गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने सिर्फ छह ओवर गेंदबाजी की जिससे उनके चयन पर सवाल उठने लगे हैं।

बुमराह (83 रन पर पांच विकेट) पूरी पारी के दौरान भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। मैच में अब तक भारत का क्षेत्ररक्षण उसकी सबसे कमजोर कड़ी रही है। ब्रूक को 82 रन पर बुमराह की गेंद पर यशस्वी जायसवाल ने दूसरा जीवनदान दिया।

ब्रूक हालांकि इन मौकों का फायदा उठाकर शतक नहीं बना सके और 88वें ओवर में 99 रन के स्कोर पर प्रसिद्ध की गेंद पर शार्दुल को कैच दे बैठे। भारत ने 80 ओवर के बाद नई गेंद ली थी लेकिन टीम इसका अच्छा इस्तेमाल नहीं कर पाई। टेस्ट शतक (भारत के खिलाफ 2018 में) जड़ चुके वोक्स ने सत्र के अंत में प्रसिद्ध की लगातार गेंदों पर मिड विकेट और थर्ड मैन पर छक्के मारे। उन्हें बुमराह ने बोल्ड किया जबकि मोहम्मद सिराज (122 रन पर दो विकेट) ने ब्राइडन कार्स (22) की पारी का अंत किया। इससे पहले इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 209 रन से की और सुबह के सत्र में 28 ओवर में 118 रन जोड़े। भारत ने सुबह के सत्र में कल के शतकवीर ओली पोप (106 रन, 137 गेंद, 14 चौके) और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (20) के विकेट चटकाए। दूसरे दिन की तरह तीसरे दिन भी प्रसिद्ध, शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज की तिकड़ी अपने साथी तेज गेंदबाज बुमराह की तरह सटीक गेंदबाजी करने में नाकाम रही। दूसरे दिन का खेल खत्म होने से पहले बुमराह की नोबॉल पर आउट होने वाले ब्रूक को 46 रन के निजी स्कोर पर जीवनदान मिला जब बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की तेजी से स्पिन होती गेंद पर विकेटकीपर ऋषभ पंत उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। इसी ओवर में ब्रूक ने अपना 12वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया जिससे भारतीय टीम की हताशा बढ़ गई जिसने अब तक मैच में कई कैच टपकाए हैं। सुबह का सत्र हालांकि ब्रूक के नाम रहा जिन्होंने कई आकर्षक शॉट खेले। प्रसिद्ध ने दिन के पहले ओवर में दो ढीली गेंद फेंकी जिसमें से एक पर ब्रूक ने प्वाइंट पर चौका और दूसरी पर मिड विकेट के ऊपर से छक्का जड़ा। ब्रूक ने बुमराह सहित तेज गेंदबाजों के खिलाफ आगे बढ़कर खेलने की रणनीति अपनाई और एक्सट्रा कवर के ऊपर से ड्राइव लगाए। प्रसिद्ध ने अगले ओवर में पोप को आउट किया जो उनकी शॉर्ट और वाइड गेंद से छेड़छाड़ की कोशिश में पंत को कैच दे बैठे। स्टोक्स भी विकेट पर नजरें जमाने के बाद सिराज की गेंद पर पंत को कैच दे बैठे।



इंग्लैंड के हैरी ब्रूक 99 रन पर आउट होने के बाद निराशा जताते हुए। ● एजेंसी

**भारत पहली पारी : 471 रन**

**इंग्लैंड पहली पारी**

**465/10** (100.4 ओवर)

- जैक क्राउली का नायर बो बुमराह 04
- बेन डकेट बो बुमराह 62
- ओली पोप का पंत बो प्रसिद्ध 106
- जो रूट का नायर बो बुमराह 28
- हैरी ब्रूक का शार्दुल बो प्रसिद्ध 99
- बेन स्टोक्स का पंत बो सिराज 20
- जेमी स्मिथ का सुदर्शन बो प्रसिद्ध 40
- क्रिस वोक्स बो बुमराह 38
- ब्राइडन कार्स बो सिराज 22
- जोश टंग बो बुमराह 11
- शोएब बशीर नाबाद 01

अतिरिक्त : 34 रन, गेंदबाजी : बुमराह 24 .4-5-83-5, सिराज 27-0-122-2, प्रसिद्ध 20-0-128-3, जडेजा 23-4-68-0, शार्दुल 6-0-38-0

### भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं आर्चर

**लंदन** : चोटों से प्रभावित तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं क्योंकि वह डरहम में ससेक्स के लिये काउंटी चैंपियनशिप मैच खेलने जा रहे हैं। भारत के खिलाफ एंडरसन तेंदुलकर श्रृंखला के पहले टेस्ट में आर्चर और मार्क वुड के बिना इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिखाई दिया।

स्काय स्पोटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार जोफ्रा आर्चर ससेक्स के लिए लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करेंगे। हालांकि उनका नाम काउंटी चैंपियनशिप के इस मैच की टीम में नहीं था। अगर वह मैच खेल पाते हैं, तो भारत के खिलाफ एडबस्टन में दूसरे टेस्ट की टीम में हो सकते हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की है कि वह इस काउंटी मैच के लिए ससेक्स टीम में होंगे। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले आर्चर चोटों के कारण चार साल से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेले हैं। आर्चर ने 2021 से इंग्लैंड के लिए सिर्फ सफेद गेंद के प्रारूप में खेला है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि आर्चर लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कई बार वह मुझे मैसेज भेजता है। मैंने उसे यही सलाह दी कि हड़बड़ी नहीं करे। वह चोटों से काफी परेशान रहा है। उसकी वापसी इंग्लैंड के लिए रोमांचक होगी।

### लंबी दूरी के धावकों ने बिखेरा जलवा

**प्रयागराज** : मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में रविवार को शुरू हुई तीन दिवसीय 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन लंबी दूरी के धावकों ने जलवा बिखेरा। सुबह के सत्र में 3000 मीटर दौड़ में आठ पुरुष धावकों ने प्रतियोगिता के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। तमिलनाडु के कविनराज एस ने भी पुरुषों की पोल वॉल्ट स्पर्धा में कुलदीप कुमार के 5.10 मीटर के प्रतियोगिता के पिछले रिकार्ड को तोड़कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 5.11 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया।

**जीत की जंग**



प्रयागराज में रविवारको 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (U20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेते एथलीट। ● एजेंसी

### भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम)** : भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार को बेल्जियम से 0-2 से हार गई जो एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में उसकी लगातार छठी हार है और टीम रेलीगेशन की कगार पर पहुंच गई।

दो गोलरहित क्वार्टर के बाद बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर में लगातार दो गोल करके जीत सुनिश्चित की। एंब्रे बेलेनघी ने 40वें मिनट में बेल्जियम को बढ़त दिलाई जबकि लिएन हिलेवार्ट ने इसके तुरंत बाद एक और गोल दागकर बेल्जियम को 2-0 से आगे कर दिया।

### कनाडा ने टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**ओंटारियो** : कनाडा की पुरुष क्रिकेट टीम ने अमेरिकी क्वालीफायर में बहामास को सात विकेट से हराकर अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया।

कनाडा की यह लगातार पांचवीं जीत थी। कनाडा ने पिछले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुआ टी20 विश्व कप भी खेला था। बीस टीमों के टूर्नामेंट में गत चैंपियन भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड,



दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान भी खेलेंगे।

आईसीसी ने कहा सात और टीमें अभी इन टीमों से जुड़ेंगी। जिनमें से दो यूरोपीय क्वालीफायर, दो अफ्रीकी क्वालीफायर और तीन एशिया ईएपी क्वालीफायर से आएंगी।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम कल मंगोलिया से भिड़ेगी

चियांग माई (थाईलैंड), एजेंसी

भारतीय सीनियर महिला टीम सोमवार को ग्रुप बी मुकाबले में मंगोलिया की टीम के खिलाफ एएफसी एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। चियांग माई स्टेडियम की 700वीं वर्षगांठ पर 70वीं रैंकिंग वाली भारतीय महिला टीम 126 रैंकिंग पर काबिज मंगोलिया की टीम से मुकाबला करेगी। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में भारतीय फुटबॉल की टीम का कार्यक्रम इस प्रकार है। भारतीय टीम 23 जून को मंगोलिया, 29 जून को तिमोर लेस्ते, दो जुलाई को इराक और पांच जुलाई को मेजबान थाईलैंड से मुकाबला करेगी। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 के लिए क्वालीफायर के रूप में भी काम करेगा।



एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए भारत की 23 सदस्यीय **टीम इस प्रकार है:-** गोलकीपरः एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी और पायल बासुदे। डिफेंडरः हेमाम शिल्की, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू और सोरोखैबम रंजना चानू।

# राजनीति में नहीं कोच बनने में दिलचस्पी

कोलकाता, एजेंसी

- पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने एक इंटरव्यू में खुलकर जताई अपनी इच्छा
- सौरव क्रिकेट जगत में खिलाड़ी से लेकर बीसीसीआई अध्यक्ष तक रह चुके

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने राजनीति में प्रवेश से इन्कार किया। लेकिन कहा कि भारतीय टीम का कोच बनने से उन्हें इन्कार नहीं है। जुलाई में 53 साल के होने जा रहे गांगुली 2018-19 और 2022-24 के बीच दिल्ली कैपिटल्स के टीम निदेशक रहे।

क्या वह भारतीय टीम का कोच बनना चाहेंगे, यह पूछने पर उन्होंने पीटीआई को दिए पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा मैने इसके बारे में सोचा नहीं क्योंकि मैं अलग अलग भूमिकाओं में रहा हूं। उन्होंने कहा मैने 2013 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना छोड़ा और फिर बीसीसीआई अध्यक्ष बन गया। उनसे जब कहा गया कि वह भारत का कोच बनकर और भी योगदान दे सकते थे, तो गांगुली ने कहा देखते हैं कि आगे क्या होता है । मैं 50 (53) साल का ही हूं । देखते हैं कि क्या होता है । मुझे इससे ऐतराज नहीं है। देखते हैं। यह तो तय है कि वह राजनीति में नहीं उतरने वाले। यह पूछने पर कि पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले क्या वह किसी राजनीतिक दल से जुड़ेंगे, उन्होंने मुस्कुराकर कहा मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है। अगर उन्हें प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने की पेशकश की जाये तो ? इस पर भी उन्होंने कहा मेरी कोई रूचि नहीं है। गांगुली ने मौजूदा कोच गौतम गंभीर की तारीफ करते हुए कहा कि दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से उन्होंने लय पकड़ ली है। उन्होंने कहा गौतम अच्छा कर रहा है । शुरूआत धीमी रही जब आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से हारे लेकिन चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद उन्होंने लय पकड़ ली। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला बड़ी होगी। गंभीर कितने कुशल रणनीतिकार हैं, यह पूछने पर उन्होंने गंभीर के जुनून और बेलागपन की तारीफ की। उन्होंने कहा इस भूमिका में मैने उसे बहुत करीब से नहीं देखा है लेकिन मैने उसका जुनून देखा है । मैने उसकी रणनीतियों को करीब से नहीं देखा क्योंकि उसके कोच रहते मैने उसके साथ काम नहीं किया। गांगुली ने कहा वह सीधी बात करता है और चीजों को साफ देखता है । वह अपने विचार खुलकर रखता है।





तेहरान में इजराइली हमले के बाद उठता धुआं।

# हर ठिकाना भेदने में सक्षम बी-2 बॉम्बर्स और जीबीयू-57

इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अब अमेरिका भी शामिल हो चुका है। अमेरिका ने इस हमले में बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स और जीबीयू-57 का इस्तेमाल किया, गहराई में छिपे ठिकानों को भेदने में सक्षम है। जीबीयू-57 मैसिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटर को बोइंग ने डिजाइन किया है और इसका निर्माण अमेरिकी वायुसेना ने किया है। इसे अमेरिकी वायुसेना के पास सबसे शक्तिशाली गैर-परमाणु बम कहा जाता है।

बी-2 बॉम्बर दुनिया के सबसे महंगे विमानों में से एक है। एक विमान की लागत लगभग दो बिलियन डॉलर है। इसका रखरखाव और इस्तेमाल बहुत महंगा है। अमेरिकी वायु सेना के पास भी केवल 20 बी-2 विमान ही हैं। बी-2 बॉम्बर अपनी स्टील्थ तकनीक, लंबी रेंज, और भारी हथियारों की वजह से अत्यंत खतरनाक है। हालांकि, इसकी उच्च लागत और सीमित संख्या के चलते इसे हर मिशन में उपयोग नहीं किया जा सकता।




## क्या है बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स

बी-2 स्पिरिट एक अमेरिकी स्टील्थ बमवर्षक विमान है, जिसे नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन ने विकसित किया है। यह अपनी बेहतरीन स्टील्थ तकनीक, लंबी उड़ान रेंज और भारी हथियार ले जाने की क्षमता के लिए जाना जाता है। इसे पहली बार 1980 के दशक में डिजाइन किया गया था और यह 1997 में पूरी तरह से सेवा में आया।

## बी-2 बॉम्बर की विशेषताएं

- बी-2 का डिजाइन और इसके निर्माण में इस्तेमाल होने वाली खास मेटल इसे रडार द्वारा पकड़े जाने से बचाती हैं।
- यह 18 टन हथियार ले जा सकता है, जिसमें परमाणु, पारंपरिक बम च प्रेसिजन-गाइडेड मूनिशन शामिल हैं।
- बिना ईंधन भरे यह विमान 11,000 किलोमीटर तक उड़ सकता है, हवा में ईंधन भरने की क्षमता के साथ इसकी रेंज और भी बढ़ जाती है।
- यह दुनिया के सबसे महंगे विमानों में से एक है, जिसकी प्रति यूनिट लागत लगभग 2 बिलियन डॉलर है। इसे दो पायलट ऑपरेट करते हैं।

## परमाणु केंद्रों पर हमले के बाद विकिरण के कोई संकेत नहीं : आईएईए

**तेल अवीव।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने रविवार को कहा कि ईरान के परमाणु केंद्रों को निशाना बनाकर किए गए अमेरिका के हमले के बाद वहां विकिरण के कोई संकेत नहीं मिले हैं। रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

## ईरान का सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने का अनुरोध

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने ईरान पर अमेरिका के हमलों के बाद रविवार को सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने का अनुरोध किया। ईरानी राजदूत आमिर सईद ईरानवी ने एक पत्र लिख कर कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सबसे शक्तिशाली निकाय को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संरा चार्टर के तहत अमेरिका को जवाबदेह ठहराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने होंगे। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान इन अकारण और पूर्वनियोजित आक्रामक कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करता है।

## फ्रांस ने कहा- ईरान हमले में वह शामिल नहीं

**पेरिस।** फ्रांस के विदेश मंत्री जे. नोएल बरोट ने रविवार को कहा कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हुए अमेरिकी हमले में उनका देश शामिल नहीं था। बरोट ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि फ्रांस को ईरान के तीन परमाणु ठिकानों के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई की चिंताजनक जानकारी मिली है।

# दुनिया कूटनीतिक समाधान की पक्षधर

## ट्रंप ने कहा था दो सप्ताह में लेंगे फैसला पर दो दिन में ही कर दिया ईरान पर हमला

**दुबई, एजेंसी**

ईरान पर अमेरिका के हमले के बाद इजराइल-ईरान युद्ध के क्षेत्र में फैलने की आशंका के मद्देनजर रविवार को विभिन्न देशों ने कूटनीतिक समाधान तलाशने और संयम बरतने की अपील की। राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को कहा था कि वह ईरान के खिलाफ युद्ध में इजराइल का साथ देने के बारे में दो सप्ताह में फैसला लेंगे, लेकिन महज दो दिन में फैसला कर लिया और इजराइल के अभियान में शामिल होते हुए रविवार तड़के हमला कर दिया।

इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर अमेरिका ने इजराइल का साथ दिया तो वह जोरदार पलटवार करेगा। अमेरिका के हमलों के बाद विभिन्न देशों और संगठनों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने कहा कि संघर्ष पूरे क्षेत्र में फैलने पर उनके देश को इससे दूर रहने की जरूरत है। सलाम ने कहा, हमारे लिए सर्वोच्च राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखना सबसे महत्वपूर्ण है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के बम हमलों से बेहद चिंतित हैं। इस बात का जोखिम है कि यह संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर हो सकता है जिसके नागरिकों, क्षेत्र और दुनिया के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं सदस्य देशों से तनाव कम करने की अपील करता हूं। इसका कोई सैन्य समाधान नहीं है, कूटनीति से कोई हल निकल सकता है। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने रविवार को सभी पक्षों से वार्ता की ओर लौटने का आग्रह किया। उन्होंने यह नहीं बताया कि न्यूजीलैंड ट्रंप की कार्रवाई का समर्थन करता है या नहीं। पीटर्स ने कहा कि यह संकट, अब तक का सबसे गंभीर संकट है और इसे आगे बढ़ने से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा, कूटनीति सैन्य कार्रवाई की तुलना में अधिक स्थायी समाधान प्रदान करेगी। यमन के हूती विद्रोहियों और हमास दोनों ने अमेरिकी हमलों की निंदा की है। हूतियों ने इजराइली और अमेरिकी आक्रामकता के खिलाफ ईरान की लड़ाई में उसका समर्थन करने का संकल्प जताया है। रविवार को एक बयान में, हूती विद्रोहियों के राजनीतिक ब्यूरो ने मुस्लिम देशों से इजराइली-अमेरिकी अहंकार के खिलाफ एक मोर्चे के रूप में जिहाद व प्रतिरोध में शामिल होने का आह्वान किया। हमास और हूती ईरान के समर्थक रहे हैं।

जापान के एनएचके टेलीविजन के अनुसार, जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा रविवार दोपहर को ईरानी परमाणु केन्द्रों पर अमेरिकी हमले के प्रभाव पर चर्चा करने के लिए प्रमुख मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह आपातकालीन बैठक आयोजित करेगा, जिसमें अमेरिकी हमलों के सुरक्षा व आर्थिक परिणामों और दक्षिण कोरिया की संभावित प्रतिक्रिया पर चर्चा की जाएगी।

| 100 | 30,000 | 125 |
|---|---|---|
| मीटर जमीन से नीचे है ईरान का फोर्डो परमाणु संयंत्र | पाउंड के जीबीयू-57 बंकर बस्टर्स से लैस बी-2 विमानों से प्रतिष्ठानों पर किए हमले | एयरक्राफ्ट ठिकानों को नष्ट करने के लिए मिशन में थे शामिल |


ईरान में अमेरिकी कार्रवाई का विरोध जाताती महिलाएं।

## व्हाइट हाउस की तस्वीरों में सिचुएशन रूम के अंदर मंथन करते दिखे ट्रंप

**वाशिंगटन।** ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर जिस वक्त अमेरिका की तरफ से बमबारी की जा रही थी उस समय 'सिचुएशन रूम' में राष्ट्रपति ट्रंप पूरे घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहे थे। व्हाइट हाउस ने सिचुएशन रूम की कुछ तस्वीरें जारी की हैं जिसमें राष्ट्रपति ट्रंप के चेहरे पर गंभीरता के भाव साफ नजर आ रही है। एक अन्य तस्वीर में ट्रंप खड़े दिख रहे हैं जबकि ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के चेयरमैन डैन केन कुछ कहते नजर रहे हैं। इस दौरान ट्रंप ने लाल रंग की टोपी पहनी है जिस पर उनका पसंदीदा वाक्य मेक अमेरिका ग्रेट अगेन लिखा है। 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जो तस्वीरें जारी कीं उनमें' सिचुएशन रूम के अंदर की दुर्लभ छवि सामने आई है। सिचुएशन रूम व्हाइट हाउस का एक खुफिया प्रबंधन परिसर है जहां संवेदनशील मुद्दों पर विचार विमर्श और निगरानी की जाती है। शनिवार को हुई बैठक की जो तस्वीरें जारी हुई हैं उनमें ट्रंप उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री एवं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का जिम्मा संभाल रहे मार्को रूबियो, व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सूसी विल्स एवं रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ सहित अपनी टीम के वरिष्ठ सदस्यों के साथ नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सभी 'सिचुएशन रूम' के सम्मेलन कक्ष में एक बड़ी मेज के इर्द गिर्द बैठे नजर आ रहे हैं जिसे जेएफके रूम कहा जाता है। इस कक्ष का नामकरण पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के नाम पर किया गया है।



# नेतन्याहू ने ईरान पर हमले के बाद कहा- ट्रंप के नेतृत्व ने रच दिया इतिहास

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ईरान के परमाणु केन्द्रों पर हमला करने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साहसिक निर्णय की रविवार को सराहना की और कहा कि इसने शक्ति के जरिए शांति को दर्शाया है।

नेतन्याहू ने कहा, ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने का आपका (ट्रंप का) साहसिक निर्णय इतिहास बदल देगा। कहा, ऑपरेशन राइजिंग लॉयन में इजराइल ने वाकई कमाल कर दिखाया। लेकिन शनिवार रात ईरान के परमाणु केन्द्रों पर अमेरिका ने कार्रवाई करके शानदार काम किया। उसने वह कर दिखाया है जो दुनिया का कोई भी दूसरा देश नहीं कर सकता। इजराइल ने 13 जून को ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू किया था। इजराइल वर्षों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खतरा बताता रहा है वहीं ईरान ने लगातार कहा है कि उसका परमाणु शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है।

## परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले की सीमित मंशा : हेगसेथ

**तेल अवीव।** अमेरिका के रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान-इजराइल युद्ध में अमेरिकी हस्तक्षेप सीमित है। ईरान में अमेरिका द्वारा दीर्घकालिक युद्ध छेड़ने की मंशा नहीं है। शनिवार और रविवार की दरमियानी रात किये हमलों को इरादतन सीमित रखा गया था। मैं बस इतना कहूंगा, जैसा कि राष्ट्रपति ने निर्देश दिया है और स्पष्ट कर दिया है, यह निश्चित रूप से सीमित हस्तक्षेप का मामला है।



हमले के बाद जानकारी देते इजराइली राष्ट्रपति नेतन्याहू।

# प. एशिया में तनाव के बीच एयर इंडिया समूह का ईरान, इराक और इजराइल के हवाई क्षेत्र से परहेज

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी**

एयर इंडिया समूह पश्चिम एशिया में कुछ हवाई क्षेत्रों से परहेज कर रहा है, जिसके चलते उड़ानों की अवधि लंबी हो रही है, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस बदलती स्थिति के कारण कुछ सेवाओं को रद्द कर रही है। समूह के पास दो एयरलाइंस- एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस हैं।

एयर इंडिया एक्सप्रेस छोटे आकार वाले विमानों के साथ पश्चिम एशिया में सेवाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा संचालित करती है। कहा, खाड़ी क्षेत्र में तनाव के बीच, एयर इंडिया समूह पुष्टि करता है कि हमारी उड़ानें वर्तमान में ईरान, इराक और इज़राइल के हवाई क्षेत्रों से होकर नहीं गुज़र रही हैं। वाले दिनों में फारस की खाड़ी के ऊपर कुछ हवाई क्षेत्रों के उपयोग से धीरे-धीरे बचेंगे, और इसके बजाय यूएई, कतर, ओमान और कुवैत सहित अन्य गंतव्यों की उड़ानों के लिए वैकल्पिक मार्गों का चयन करेंगे।




## 19 मार्गों पर उड़ानें घटाएगी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने कहा कि वह 19 मार्गों पर संकरे आकार के विमानों से संचालित 118 साप्ताहिक उड़ानों को अस्थायी रूप से कम करेगी और तीन मार्गों पर सेवाएं निलंबित करेगी। एयरलाइन ने कुछ दिनों पहले कहा था कि वह चौड़े आकार के विमानों से संचालित अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में अस्थायी रूप से 15 % की कटौती करेगी।

## प्रतिकूल मौसम में उड़ान के लिए नए दिशा-निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने प्रतिकूल मौसम के दौरान परिचालन दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। इनमें इस बात पर बल दिया गया है कि सुरक्षा को 'समय-सारिणी के पालन' से अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा पायलटों को अप्रत्याशित परिस्थितियों में उड़ानों का मार्ग बदलने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों को अद्यतन परिचालन परिपत्र जारी करते हुए नियामक ने कहा कि पायलटों को दृश्य संकेतों की उपकरणों से जांच करनी चाहिए।

## ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला गैर जिम्मेदाराना : रूस

**मॉस्को।** ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमले को रूस ने गैर-जिम्मेदाराना करार देते हुए रविवार को इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का घोर उल्लंघन है। अमेरिका ने इजराइल के समर्थन में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर बमबारी की। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, किसी संप्रभु देश पर मिसाइल और बम से हमला करने का निर्णय गैर-जिम्मेदाराना है, भले ही इसके लिए कोई भी दलील दी जाए। यह अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का घोर उल्लंघन है।

# ईरान के विदेश मंत्री ने कहा अमेरिकी हमले का लेंगे बदला

- रूसी राष्ट्रपति पुतिन से सोमवार को मुलाकात करेंगे अरागची

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान ने अपने तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका द्वारा की गई बमबारी का बदला लेने का संकल्प लेते हुए रविवार को कहा कि अमेरिकी हमलों के दीर्घकालिक परिणाम होंगे। अरागची ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रहे परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला कर संयुक्त राष्ट्र घोषाणा पत्र, अंतर्राष्ट्रीय कानून व परमाणु अप्रसार संधि का गंभीर उल्लंघन किया है।

उन्होंने कहा, रविवार सुबह की घटनाएं अपमानजनक हैं और इनके दीर्घकालिक परिणाम होंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रत्येक सदस्य को इस अत्यंत खतरनाक, अराजक और आपराधिक व्यवहार से चिंतित होना चाहिए। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम की खबर के अनुसार, विदेश मंत्री ने कहा कि उनका देश अपनी संप्रभुता, हित और लोगों की रक्षा के लिए सभी विकल्प सुरक्षित रखे हुए है। कहा कि वह पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को जा रहे हैं।



## ईरान के खिलाफ हमले में भारतीय हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल का दावा गलत : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने रविवार को कुछ सोशल मीडिया हैंडल के उन दावों को फर्जी बताकर खारिज किया जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरान के खिलाफ हमले करने के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल किया। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर बमबारी की तथा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि यदि ईरान ने जवाबी कार्रवाई की तो वे और हमले करेंगे।

पीआईबी फैक्ट चेक ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कई सोशल मीडिया अकाउंट ने दावा किया है कि ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के दौरान ईरान के खिलाफ हमलों के लिए अमेरिका ने भारतीय हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल किया। यह दावा फर्जी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत काम करने वाले पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की तथ्य अन्वेषण इकाई ने कहा, ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के दौरान अमेरिका द्वारा भारतीय हवाई क्षेत्र का उपयोग नहीं किया गया।

# दमिश्क के निकट गिरजाघर में आत्मघाती हमला, 13 की मौत

- इस्लामिक स्टेट समूह के एक चरमपंथी ने की गोलीबारी

**दमिश्क, एजेंसी**

सीरिया में दमिश्क के निकट खचाखच भरे एक गिरजाघर में रविवार को एक आत्मघाती हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। दमिश्क के बाहरी इलाके द्वेइला में यह हमला उस समय हुआ, जब लोग मार एलियास गिरजाघर के अंदर प्रार्थना कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कम से कम 53 अन्य लोग घायल हुए हैं।

सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि हमले में कम से कम 13 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य लोग घायल हुए। संगठन ने हालांकि सटीक संख्या नहीं बताई। कुछ स्थानीय मीडिया संस्थानों के मुताबिक, हमले में जान गंवाने वाले लोगों में बच्चे भी शामिल हैं। रविवार को हुए इसे हमले की किसी भी समूह ने तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली लेकिन सीरियाई गृह मंत्रालय ने बताया कि इस्लामिक स्टेट समूह के एक चरमपंथी ने गिरजाघर में प्रवेश किया और वहां मौजूद लोगों पर गोलीबारी की तथा फिर आत्मघाती हमले को अंजाम दिया। सीरियाई सूचना मंत्री ने आतंकवादी हमला करार दिया।



## इमरान खान की पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को अदालत से राहत

**इस्लामाबाद/लाहौर।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को विरोध-प्रदर्शन से जुड़े मामलों में अदालतों ने राहत दी है। रविवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष गौहर अल खान और नेता प्रतिपक्ष उमर अयूब समेत पार्टी के विभिन्न नेताओं को शनिवार को इस्लामाबाद की एक अदालत ने पिछले साल के दो विरोध-प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में बरी कर दिया। इस्लामाबाद के न्यायिक मजिस्ट्रेट शहजाद अहमद ने पिछले साल 26 अप्रैल को हुए विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामलों में फैसला सुनाया।

**खिंचाई** शहबाज-मुनीर ने अपने मालिक को खुश करने के लिए देश बेच दिया, नोबेल के लिए ट्रंप की सिफारिश पर भड़के पाकिस्तानी


# ट्रंप को नोबेल पर अपने ही देश में घिरी पाकिस्तान सरकार

**लाहौर, एजेंसी**

नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम की सिफारिश करने पर पाकिस्तान सरकार के साथ-साथ वहां के सैन्य प्रतिष्ठान को सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने नॉर्वे में नोबेल शांति पुरस्कार समिति को औपचारिक रूप से एक पत्र भेजा है, जिसमें हाल ही में भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है। घोषणा के तुरंत बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उपयोगकर्ताओं ने अपने आका अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करने के लिए पाकिस्तानी सरकार की आलोचना शुरू कर दी। अमेरिका द्वारा ईरान के फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु केंद्रों पर हमला करके देश के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के बाद आलोचनाएं तेज हो गईं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने जवाबी कार्रवाई की तो और हमले किए जाएंगे। रविवार को 'एक्स' पर एक उपयोगकर्ता ने कहा, पाकिस्तानियों, सावधान! ईरान पर हमले के बाद प्रधानमंत्री शहबाज न केवल राष्ट्रपति ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कर सकते हैं, बल्कि उन्हें तमगा-ए-जुरात (साहस का पदक), तमगा-ए-शुजात (बहादुरी का पदक), तमगा-ए-बसालत (वीरता का पदक), तमगा-ए-इम्तियाज (उत्कृष्टता का पदक) और शायद निशान-ए-हैदर (पाकिस्तान का सर्वोच्च सैन्य सम्मान) भी प्रदान कर सकते हैं।

पाकिस्तानी पत्रकार अमीर अब्बास ने कहाः वही ट्रंप जिसकी तुलना पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेता ख्वाजा साद रफीक ने एक बार चंगेज खान और हिटलर से की थी - कल रात उसी पीएमएल-एन सरकार ने उन 'चंगेज खान और हिटलर' को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया। ऐसे शर्मनाक और कायरतापूर्ण फैसले कौन ले रहा है? उन्होंने पूछा, नवाज शरीफ और आसिफ जरदारी सत्ताधारियों को खुश करने के लिए किस हद तक जा सकते हैं।



## स्तंभकार राहीक अब्बासी ने व्यंग्यात्मक लहजे में कसे तंज

राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार राहीक अब्बासी ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि जिस डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पश्चिमी देश युद्ध अपराधों के लिए विरोध कर रहे थे, उसी को इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान ने नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। उन्होंने पूछा, क्या उन लोगों में सम्मान या इंसानियत नाम की कोई चीज है जिन्होंने ट्रंप को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया, जिन्होंने गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर आठ बार वीटो लगाया था? उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, धन्यवाद हाफिज साहब (सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर)।